www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, शुक्रवार, 25 अगस्त 2023 । वर्ष – 33 । अंक –116 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु



टीम से जुड़े वैज्ञानिकों को 17 महीने से वेतन नहीं मिल रहा : कांग्रेस पृष्ठ 3

■ क्या भारत ग्लासनोस्ट या पेरेस्त्रोइका के लिए तैयार है?
■ सीबीआई, ईडी को पीएमओ की निगरानी में लाना सत्ता का खुला दुरुपयोग पृष्ठ 4

■ ब्रिक्स, अंतरराष्ट्रीय व्यापार में राष्ट्रीय मुद्राओं के इस्तेमाल का पक्षधर
■ चीन बांग्लादेश में बाहरी हस्तक्षेप का करता है विरोध : जिनपिंग पृष्ठ 9

हम दूसरी बार महिला हॉकी एशियन ट्रॉफी खिताब जीत भारत का गौरव बढ़ाने को बेताब : सविता पृष्ठ 10

## भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

# छत्तीसगढ़ में ईडी व आईटी लड़ रही कांग्रेस के खिलाफ चुनाव

### राज्य में भाजपा कांग्रेस का मुकाबला करने में सक्षम नहीं

**ये जितना छापे डालेंगे, उतनी ही इनकी सीटें कम होती जाएंगी। जनता सच्चाई जानती है: भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री**

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली**, 24 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में एक दिन पहले मीडिया सलाहकार और ओएसडी के घरों पर पड़े छापे के बाद दिल्ली पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सूबे में कांग्रेस का मुकाबला करने में सक्षम नहीं है तो ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) और आईटी (आयकर विभाग) को मैदान में उतार दिया है। कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहाकि केंद्र सरकार ईडी और आईटी के छापे डलवाकर उनकी सरकार को दबाने की कोशिश कर रही है।

**2020 में शुरू हुआ था सिलसिला**

यह सिलसिला 2020 में शुरू हुआ था। ढाई साल तक चुप रहने के बाद चुनाव नजदीक आते ही फिर से जारी हो गया। कथित शराब घोटाले में ईडी को सारे कागजात सौंप दिए गए हैं। बावजूद 2168 करोड़ का घोटाला बताया जा रहा है। नकली होलाग्राम का प्रयोग करने का आरोप लगाया गया। जबकि होलोग्राम डिज्टलर लगाता है, लेकिन उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। ईडी ने आरोप लगाया कि



सूबे के राजस्व को नुकसान पहुंचाया गया। जबकि राजस्व 3900 करोड़ से बढ़कर 6500 करोड़ पर पहुंच गया। 500 करोड़ का कोयला घोटाला बताकर कर्नाटक, भोपाल और नोयडा में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। जबकि आरोपी की कुल चल-अचल संपत्ति कुल 150 करोड़ ही है। सारे चाल मिलों में छापा मारकर धान घोटाला भी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहाकि राजनीतिक विद्वेष के चलते अब सूबे में 200 घरों में छापे पड़ चुके हैं, जिनमें एक भी घर भाजपा समर्थकों का नहीं है। छापे मारकर उन्हें डराने की कोशिश हो रही है, लेकिन ये जितना छापे डालेंगे, उतनी ही इनकी सीटें कम होती जाएंगी। जनता सच्चाई जानती है। पिछले चुनाव में भाजपा को 13 सीटें मिली थी। लेकिन इस बार इनका पूरी तरह सफाया हो जाएगा।

## ईडी मुझे प्रताड़ित कर रही है: विनोद वर्मा



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की गई छापे की कार्रवाई को राहजनी और डकैती करार दिए जाने के साथ प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। बीते रोज ईडी ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा के आवास के अलावा मुख्यमंत्री बघेल से जुड़े दो अन्य लोगों के यहां भी छापे मारे थे। इस कार्रवाई के दौरान ईडी ने दस्तावेज और सोने के जेवरात आदि जब्त किए हैं। कार्रवाई के बाद विनोद वर्मा ने संवाददाताओं के सामने आकर अपनी बात रखी और कहा कि ईडी द्वारा की गई पूछताछ के दौरान उन्होंने अपने बयान में ईडी पर ही सवाल उठाए और साफ कहा कि ईडी द्वारा मुझे प्रताड़ित किया जा रहा है और जो भी आप (ईडी) कर रहे हैं वह राहजानी और डकैती है। जितना भी सोना मेरे

### शराब, कोयला, चावल घोटाले के बाद पता चला सट्टा से भी जुड़े हैं सरकार के तार



प्रवर्तन निदेशालय (ई डी) के छापे को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार विनोद वर्मा के आरोपों पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने पलटवार किया है।उन्होंने कहा कि अभी तक हम सरकार के शराब घोटाला, कोयला घोटाला और चावल घोटाला को गिनते थे.। अब यह मालूम चला कि सरकार के तार सट्टा से भी जुड़े हुए हैं। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि सरकार को मंथली मोटी रकम दिया जाता था, इसे प्रमाण और साक्ष्य के साथ ई डी ने पेश किया है।महादेव एप के नाम पर जुआ, सट्टा के प्रशिक्षण के लिए दुबई भेजा जाता था। यही कौशल उन्नयन सरकार कर रही है। वहीं विनोद वर्मा के सी डी बंटवाए जाने के आरोप ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## राहुल गांधी का बड़ा बयान

# चार राज्यों में चुनाव जीत रही कांग्रेस

■ इन दिनों लेह लद्दाख के दौरे पर हैं कांग्रेस नेता

**लद्दाख**, 24 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन दिनों लेह लद्दाख दौरे पर हैं, जहां वे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जान रहे हैं। साथ ही चुनाव को लेकर भी उन्होंने लद्दाख के कारगिल में बातचीत की। इस दौरान राहुल गांधी ने बड़ा बयान दिया। राहुल गांधी ने कहा 4 राज्यों में आगामी विधानसभा में कांग्रेस चुनाव जीत रही है।

**भाजपा का ही डाउनफॉल होगा**

राहुल गांधी जिन 4 राज्यों की बात कर रहे थे, वे मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना हैं, जहां चंद महीनों में चुनाव होने हैं। इन्हीं 4 राज्यों में राहुल गांधी ने जीत का दावा किया है। साथ ही उन्होंने कर्नाटक चुनावा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, ऐसा कहा जा रहा था कि कांग्रेस पार्टी का डाउनफॉल होगा, कर्नाटक में किसका डाउनफॉल हुआ, क्या कांग्रेस का हुआ? आगे राहुल गांधी ने कहा कि हिमाचल में किसका डाउनफॉल हुआ, कांग्रेस का हुआ? इन दोनों जगहों पर कांग्रेस ही आई। अभी मध्य प्रदेश में चुनाव है, छत्तीसगढ़ में चुनाव है, राजस्थान में चुनाव है, तेलंगाना में चुनाव है, आप देख लेना इन राज्यों में भाजपा का ही डाउनफॉल होगा। कांग्रेस को इन चारों जगहों पर जीत मिलेगी।



### 12, तुगलक लेन बंगले में वापस नहीं जाना चाहते

लोकसभा की सदस्यता बहाल होने के बाद भले ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी को उनका पुराना बंगला 12 तुगलक लेन उन्हें फिर से आवंटित कर दिया गया हो, लेकिन अब वे इसमें वापस नहीं जाना चाहते हैं। इस बारे में उन्होंने लोकसभा की आवास समिति को पत्र लिखकर बता दिया है। 2004 में पहली बार अमेठी से सांसद बनने के बाद राहुल गांधी को 12 तुगलक लेन का बंगला आवंटित किया गया था। लेकिन इसी साल मार्च माह में मोदी सरनेम मामले में सूरत की एक अदालत द्वारा दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद उनकी लोकसभा की सदस्यता खत्म कर दी गई थी। जिसके चलते 12 तुगलक लेन के आवास को खाली करके वे अपनी मां सोनिया गांधी के 10 जनपथ आवास में शिफ्ट हो गए थे।

## कांग्रेस ने राजस्थान में नियुक्त किए चार समन्वयक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने राजस्थान विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चार समन्वयक नियुक्त करके अन्य दो सचिवों को चुनाव पर्यवेक्षक के साथ संबद्ध किया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सांसद रंजिता रंजन, पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत, विधायक किरन चौधरी तथा पूर्व सांसद श्मशेर सिंह दुल्लो को यह जिम्मेदारी सौंपी है और उन्हें तत्काल प्रभाव से अपना काम शुरु करने के लिए कहा है।

## सार संक्षेप

### डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम राज्य योजना आयोग के अध्यक्ष नियुक्त

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री के स्थान पर विधायक डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम को राज्य योजना आयोग छत्तीसगढ़ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शासन द्वारा इस संबंध में आज यहां मंत्रालय से आदेश जारी कर दिया है।

### आरबीआई ने डिजिटल भुगतान के लेनदेन की सीमा 200 रुपए से बढ़ाकर 500 की

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को ऑफ़लाइन किए जाने वाले छोटे मूल्य के डिजिटल भुगतान के लिए लेनदेन की सीमा पहले के 2 रुपए से बढ़ाकर 5 रुपए प्रति कर दी है। केंद्रीय बैंक द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है, 'यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।' इसमें आगे कहा गया है कि छोटे मूल्य के डिजिटल भुगतान से संबंधित अन्य सभी निर्देश पूर्ववत रहेंगे।

### भारतीय कुश्ती महासंघ को यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने किया निलंबित

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर कुश्ती खेल का नियमन करने वाली संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ((यूडब्ल्यूडब्ल्यू)) ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को समय पर चुनाव न करवाने के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यूडब्ल्यूडब्ल्यू) का काम इस समय भारतीय ओलंपिक संघ के एक सदस्य के नेतृत्व में एक अस्थाई समिति देख रही है।

### नेपाल में बस पलटने से 6 भारतीय सहित 7 की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में गुरुवार तड़के एक सड़क दुर्घटना में छह भारतीय तीर्थयात्रियों सहित सात लोगों की मौत हो गई। काठमांडू से जनकपुर की तरफ जा रही बस रात 2 बजे चुरियामाई मंदिर के दक्षिण में एक नदी तट पर पलट गई।

## मुख्यमंत्री मितान योजना को उत्तर प्रदेश सरकार ने किया पुरस्कृत

**रायपुर**, 24 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की मुख्यमंत्री मितान योजना अपने डिजिटल नवाचार के लिए उत्तरप्रदेश में सराही गई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने डिजिटल नवाचार में उत्कृष्ट परियोजना श्रेणी में मुख्यमंत्री मितान योजना को पुरस्कृत किया है। यह पुरस्कार लखनऊ में हुए सम्मान समारोह में दिया गया। यह पुरस्कार उत्तर प्रदेश योजना एवं निवेश कान्क्लेव में दिया गया। इस कान्क्लेव का आयोजन उत्तरप्रदेश सरकार तथा इलेट्स ने किया था। मुख्यमंत्री मितान योजना के लिए छत्तीसगढ़ को यह सम्मान डिजिटल माध्यम का उपयोग करते हुए नगरीय सेवाओं को आसानी से आम जनता को उपलब्ध कराने दिया गया।

कान्क्लेव में कहा गया कि डिजिटल माध्यम से लोगों को सुविधाओं तक पहुंच आसान होती है। साथ ही इसमें पारदर्शिता भी बढ़ती है। नगरीय निकायों में दी जाने वाली सुविधाओं के लिए डिजिटल माध्यम के उपयोग से नागरिकों को काफी राहत मिलती है। ऐसे में छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री मितान योजना का नवाचार लाखों नगरवासियों के लिए काफी राहत भरी योजना है। इससे भागदौड़ भरी जिंदगी में रह रही बड़ी नागरिक आबादी को निगम की सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में नागरिक सेवाओं की गुणवत्तापूर्ण और समय पर डिलीवरी के लिए यह योजना तैयार की गई है। मितान योजना के माध्यम से अब तक एक लाख बीस हजार सर्टिफिकेट दिये जा चुके हैं। मितान योजना के माध्यम से नगरीय क्षेत्रों में 25 तरह की सुविधाओं का लाभ लिया जा सकता है। इसमें टोल फ्री नंबर 14545 में काल करना होता है। इसके बाद मितान आपसे संपर्क करते हैं। निर्धारित दिन शेड्यूल कर दिया जाता है। सारे जरूरी प्रमाणपत्र मितान स्कैन कर लेते हैं और निगम कार्यालय जाए बगैर नागरिक का काम आसानी से हो जाता है। पहले प्रदेश के 14 नगरीय निकायों में यह व्यवस्था लागू थी अब सभी नगरपालिकाओं में भी यह व्यवस्था लागू हो गई है।



■ नागरिक सेवाओं को आसानी से आम जनता को प्रदान करने वाली मितान योजना के डिजिटल इनोवेशन के लिए चुना गया

मुख्यमंत्री मितान योजना के लागू हो जाने के बाद आय प्रमाण पत्र, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाणपत्र, भूमि के रिकार्ड की नकल, भूमि सूचना, दुकान और स्थापना पंजीकरण संबंधी दस्तावेज जैसी बुनियादी सुविधाएं बहुत आसानी से मितान के माध्यम से लोगों को प्राप्त हो रही हैं।

## चांद पर अपनी छाप छोड़ रहा रोवर

### रोवर व लैंडर के सौर पैनल खोले गए, चंद्रमा के नमूने एकत्र व प्रयोग करेगा

**चेन्नई**, 24 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत का चंद्रमा रोवर अब चांद पर घूम रहा है और मिट्टी पर अपनी छाप छोड़ रहा है। गुरुवार को रात लगभग 12.30 बजे रोवर लैंडर से चंद्रमा की सतह पर आकर चारों ओर घूम रहा है। विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) के निदेशक डॉ. एस. उन्नीकृष्णन नायर ने को बताया, यह चंद्रमा की सतह पर अपनी छाप छोड़ रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का लोगो और राष्ट्रीय प्रतीक को रोवर के पहियों पर उकेरा गया है, ताकि जब यह चारों ओर घूमे तो अपनी छाप छोड़ सके। उन्नीकृष्णन के अनुसार, रोवर के सौर पैनल और लैंडर के सौर पैनल खोल दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि रोवर चंद्रमा के नमूने एकत्र करेगा और प्रयोग करेगा और डेटा लैंडर को भेजेगा।



**सब कुछ योजना के अनुसार हुआ**

यह पूछे जाने पर कि क्या लैंडर योजना के अनुसार उतरा है या इसमें कोई भिन्नता है, उन्नीकृष्णन ने कहा कि मौजूदा उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, सब कुछ योजना के अनुसार हुआ है। उन्नीकृष्णन ने कहा, हमें आगे जानने के लिए उड़ान के बाद का आकलन करना होगा। गौरतलब है कि मून लैंडर और रोवर 600 करोड़ रुपए के चंद्रयान-3 मिशन का हिस्सा हैं। चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान में एक प्रणोदन मॉड्यूल (वजन 2,148 किलोग्राम), एक लैंडर (1,723.89 किलोग्राम) और एक रोवर (26 किलोग्राम) शामिल है। भारतीय अंतरिक्ष ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### सिद्दारमैया ने इसरो प्रमुख को पगड़ी भेंट की

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने गुरुवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का दौरा किया और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के लिए इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ को हार्दिक बधाई देते हुए फूलों की गुलदस्ता और पगड़ी भेंट की। आधिकारिक सूत्रों ने कहा, श्री सिद्दारमैया ने वैज्ञानिकों से मुलाकात के दौरान डॉ. सोमनाथ को गुलदस्ता और पगड़ी भेंट की। चंद्रयान-3 कल एक ऐतिहासिक घटना में शाम 6.04 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरा जिसका पूरा देश ने उत्सव मनाया।

## प्रदेश कांग्रेस में 23 महासचिव और 140 सचिव बनाए गए

**रायपुर**, 24 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की कमान संभालने के बाद दीपक बैज की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा गुरुवार को हुई। इसमें 23 महासचिव और 140 सचिवों की नियुक्ति की गई है। बैज की कार्यकारिणी में युवा और अनुभव का संतुलन साधने के साथ क्षेत्रीय समीकरण को भी ध्यान में रखा गया है। महासचिव पद पर चार महिलाओं की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही कार्यकारिणी में 50 वर्ष से कम उम्र के नेताओं को प्रमुखता से स्थान दिया गया है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम की कार्यकारिणी के रवि घोष, चंद्रशेखर शुक्ला, कन्हैया अग्रवाल, पियुष कोसरे, राजेंद्र साहू, जीतेंद्र साहू, शाहिद खान, थानेश्वर पाटिला, सीमा वर्मा और दीपक दुबे को एक बार फिर महासचिव बनाया गया है।

■ दीपक बैज की प्रदेश कार्यकारिणी में युवा और अनुभव का संतुलन

दीपक बैज की कार्यकारिणी में युवक कांग्रेस के सक्रिय नेताओं को भी मौका मिला है। युकां ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## ब्रिक्स में 6 नए देश शामिल

**जोहान्सबर्ग**, 24 अगस्त (एजेंसियां)। ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन एवं दक्षिण अफ्रीका के आर्थिक-कूटनीतिक समूह ब्रिक्स का विस्तार करके इसमें अर्जेंटीना, मिस्त्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात(यूएई) छह नए देशों को बतौर पूर्ण सदस्य शामिल किया गया है। ब्रिक्स के 15वें शिखर सम्मेलन के समापन अवसर पर मेजबान दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरल रामाफोसा ने ब्रिक्स नेताओं के एक संयुक्त मीडिया ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि ब्रिक्स के विस्तार का यह पहला चरण है और इन छह देशों की सदस्यता एक जनवरी 2024 से प्रभावी होगी। अगले चरण के लिए संभावित सदस्यों के नामों को, विचार के लिए अगली शिखर बैठक में रखा जाएगा। इस प्रकार से पांच सदस्यीय ब्रिक्स में अब 11 सदस्य हो जाएंगे। श्री रामाफोसा ने कहा, इस शिखर सम्मेलन ने ब्रिक्स, लोगों के बीच आदान-प्रदान और दोस्ती और सहयोग को बढ़ाने के महत्व की पुष्टि की है। हमने जोहान्सबर्ग की दो घोषणाओं को स्वीकार किया है, ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**अर्जेंटीना, मिस्त्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, यूएई को सदस्य बनाया**

## ईडी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे सोरेन

**रांची**, 24 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में रिट पिटिशन दायर की है। उन्होंने ईडी के समन पर गुरुवार को उसके रांची स्थित जोनल ऑफिस में उपस्थित होने के बजाय इसकी सूचना मैसेंजर के जरिए भिजवा दी है। अभी यह पता नहीं हो पाया है कि उन्होंने ईडी के समन को चुनौती दी है या उसकी पूरी कार्रवाई पर सवाल उठाया है। हेमंत सोरेन के रुख से यह जरूर साफ हो गया है कि वे जांच एजेंसी के साथ अब आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं। इसके पहले ईडी ने जब उन्हें 14 अगस्त को हाजिर होने का समन भेजा था, तब उन्होंने इसके जवाब में ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा को लिखे पत्र में कहा था कि आप और आपके पॉलिटिकल मास्टर अच्छी तरह जानते हैं कि मुख्यमंत्री को 15 अगस्त को ध्वजारोहण करना होता है। इसकी तैयारी एक सप्ताह पहले से शुरू हो जाती है। यह जानने के बावजूद 14 अगस्त को बुलाया गया। इससे साफ है कि जानबूझकर न सिर्फ उनकी बल्कि लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार और झारखंड के लोगों की प्रतिष्ठा धूमिल करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने ईडी की ओर से भेजे गए समन वापस लेने को कहा था। सीएम ने पत्र में लिखा था कि ऐसा न होने पर वे कानून का सहारा लेने को बाध्य होंगे।

**घोषणा** 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार- अल्लू अर्जुन बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म बनी सरदार उधम

# आलिया-कृति को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार

**नई दिल्ली, 24 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भारतीय कलाकारों के लिए हमेशा से खास रहा है और गुरुवार को दिल्ली में 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार की घोषणा हुई है। हर बार की तरह इस बार भी सभी की निगाहे बेस्ट एक्टर और बेस्ट एक्ट्रेस के अवॉर्ड पर टिकी हुई थीं। इस साल बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड आलिया भट्ट और कृति सेनन ने अपने नाम किया। वहीं बेस्ट एक्टर का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार अल्लू अर्जुन ने जीता।**

ये पुरस्कार वर्ष 2021 के लिए दिए गए। यह देश के सबसे प्रतिष्ठित और बहुप्रतीक्षित पुरस्कारों में से एक हैं। इस साल राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में फिल्म सरदार उधम, आरआरआर, गंगूबाई काठियावाड़ी और द कश्मीर फाइल्स का जलवा देखने को मिला। विक्की कौशल अभिनीत फिल्म 'सरदार उधम' ने पांच अवॉर्ड अपने नाम किए, जिनमें सबसे प्रमुख 'बेस्ट हिंदी फीचर फिल्म' का अवॉर्ड रहा। फिल्म का निर्देशन शूजित सरकार ने किया था। इस साल बेस्ट एक्ट्रेस का पुरस्कार दो अभिनेत्रियों को मिला है। आलिया भट्ट और कृति सेनन ने बेस्ट एक्ट्रेस का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार अपने नाम किया है। आलिया भट्ट को जहां फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में किए गए शानदार अभिनय के लिए पुरस्कृत किया गया, वहीं कृति सेनन ने फिल्म %मिमी% के लिए यह अवॉर्ड अपने नाम किया। बेस्ट एक्टर की बात करें तो यह अवॉर्ड इस साल साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने 'पुष्पा: द राइज' में अपने दमदार और शानदार अभिनय के लिए जीता। बेस्ट प्लेबैक मेल का अवॉर्ड 'आआरआर' के 'कोमुराम भीमुडो' गाने के सिंगर काला भैरव को मिला, वहीं बेस्ट प्लेबैक फीमेल का अवॉर्ड श्रेया घोषाल ने अपने नाम किया। सर्वश्रेष्ठ सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड पंकज त्रिपाठी ने फिल्म 'मिमी' के लिए जीता और बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस 'द कश्मीर फाइल्स' के लिए पल्लवी जोशी को मिला। जहां एक तरफ 'सरदार उधम' ने बेस्ट हिंदी फीचर फिल्म का अवॉर्ड जीता और दूसरी ओर, आर माधवन की 'रॉकेट्री: द नंबी इफेक्ट' को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म श्रेणी में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला है।





# वर्ष 2022 के लिए 'अन्वेषण में उत्कृष्टता हेतु केन्द्रीय गृहमंत्री पदक' से सम्मानित

■ पुलिस अधिकारियों का पुलिस महानिदेशक द्वारा पदक एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मान



**रायपुर,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य से 03 पुलिस अधिकारियों को वर्ष 2022 के लिये ''अन्वेषण में उत्कृष्टता हेतु केन्द्रीय गृहमंत्री पदक'' हेतु चयनित किया गया है। केन्द्रीय गृहमंत्री पदक एवं प्रमाण-पत्र का वितरण संबंधित पुलिस अधिकारियों को अशोक जुनेजा पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ द्वारा पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में 22 अगस्त 2023 को प्रदत्त किया गया।

पुलिस मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक दिव्या शर्मा को जिला रायपुर के थाना तेलीबांधा क्षेत्र में 9 वर्षीय बालिका के साथ उसके सौतेले पिता द्वारा अप्राकृतिक कृत्य एवं दुष्कर्म के मामले में विवेचना के दौरान युक्ति-युक्त साक्ष्य संकलित कर 04 दिवस के भीतर अभियोग पत्र प्रस्तुत करने तथा विचारण के दौरान माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी के विरूद्ध युक्ति-युक्त रूप से संदेह से परे प्रमाणित पाने के फलस्वरूप आरोपी को आजीवन कारावास एवं 90 हजार रूपये अर्थ दण्ड से दण्डित किये जाने के फलस्वरूप दिया गया है।

निरीक्षक दिनेश यादव को जिला राजनादगांव थाना चिल्हाटी क्षेत्र में 10 वर्षीय अवस्यक बालिका के साथ बल पूर्वक दुष्कर्म करने की घटना में आरोपी की त्वरित गिरफ्तारी कर युक्ति-युक्त साक्ष्य संकलित कर अभियोग पत्र प्रस्तुत करने तथा माननीय न्यायालय द्वारा अभियुक्त को युक्ति-युक्त रूप से संदेह से परे प्रमाणित पाने के फलस्वरूप आरोपी को आजीवन कारावास एवं अर्थ दण्ड से दण्डित किये जाने के फलस्वरूप दिया गया है।

राजेन्द्र कुमार जायसवाल, तत्कालीन पुलिस उप अधीक्षक रायपुर वर्तमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिलासपुर को वर्ष 2013 में आतंकवादी संगठन सिमी एवं इंडियन मुजाहिद्दीन से जुड़े लोगों को बैंक के माध्यम से पैसे भेजने की सूचना पर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत करने एवं विचारण उपरांत माननीय न्यायालय द्वारा आरोपियों को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास तथा अर्थ दण्ड से दण्डित किये जाने के फलस्वरूप दिया गया है।

पदक प्राप्त करने वाले पुलिस अधिकारियों को पुलिस महानिदेशक द्वारा अपनी शुभकामनाएं देते हुए अन्य पुलिस अधिकारियों से भी गुणवत्तापूर्ण उत्कृष्ट अनुसंधान कर आरोपियों को न्यायालय से दण्डित कराने की अपेक्षा की गई है।

# आत्मानंद के बच्चे ने ऐसे मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन




**तखतपुर,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। तखतपुर नगर में एन एस यू आई विधानसभा अध्यक्ष सत्यम ताम्रकार के नेतृत्व में नगर के स्वामी आत्मानंद स्कूल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन्मदिन के अवसर पर स्वामी आत्मानंद विद्यालय में बच्चो ने प्रदेश के महत्वाकांक्षी योजनाओं को निबंध के माध्यम से भूपेश बघेल को जन्मदिन की बधाई का संदेश दिया।विधानसभा अध्यक्ष सत्यम ताम्रकार ने कहा कि प्रदेश के मुखिया यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी छत्तीसगढ़ के लिए लोगों के लिए महत्व कांक्षी योजना लेकर आई है जिस प्रकार युवाओं के बेरोजगारी भत्ता बच्चों के आत्मानंद स्कूल राजीव गांधी किसान योजना सहित अन्य शामिल हैं।इस अवसर पर सत्यम ताम्रकार, राहुल दुबे, विनय पांडे, हेमंत रजक, अमन पांडे, उदय पांडे, समीर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## छात्राओं ने निकली मतदाता जागरूकता रैली

तखतपुर, 24 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय कन्या महाविद्यालय तख़तपुर में स्वीप कार्यक्रम के तहत छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें छोड़ के बूता काम, करबो जी मतदान के नारे को बुलंद करते हुए मतदान हेतु समस्त छात्राओं व नागरिको को जागरूक किया गया ।कार्यक्रम अधिकारी नाहिद खान के द्वारा निष्पक्ष मतदान हेतु अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्राओं को शपथ दिलाई गई। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु महाविद्यालय में दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का संचालन स्वीप नोडल अधिकारी शशांक सिंह राठौर एवं एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी नाहिद खान के द्वारा किया गया।

प्रथम पृष्ठ का शेष

## शराब, कोयला, चावल घोटाले के बाद ...

पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सी डी लहराते हुए आप लोगों ने दिखाया था, इसमें हमारा हाथ है, या भूपेश बघेल का।

उन्होंने कहा कि जो पैसे जब्त हो रहे हैं, वह कांग्रेस वालों के पास से हो रहे हैं भाजपा वालों के पास नहीं। मोटी रकम कहां से ली जा रही है, ई डी ने प्रमाणित किया है। 75 करोड़ का हिसाब दिया है।

## चांद पर अपनी छाप ...

अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, चंद्रमा रोवर में लैंडिंग स्थल के आसपास मौलिक संरचना प्राप्त करने के लिए अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (एपीएक्सएस) और लेजर प्रेरित ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोप (एलआईबीएस) है। अपनी ओर से, लैंडर भी अपने पेलोड के साथ उसे सौंपे गए कार्यों को पूरा करेगा।

## प्रदेश कांग्रेस में 23 महासचिव...

के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रहे दीपक मिश्रा और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुबोध हरितवाल को प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही प्रदेश सचिव के पद पर संदीप वोरा, विपिन मिश्रा, पंकज मिश्रा, हरीश कवासी, सुनील कुकरेजा, ऋषि सिंघानिया, निखिल द्विवेदी, मेहुल मारु, सिबली मिराज खान सहित 20 नेताओं को नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के करीबी मलकीत सिंह गैंदू की प्रदेश कार्यकारिणी में एंट्री हुई है। इसके अलावाप्रशांत मिश्रा, नरेश ठाकुर, वासुदेव यादव, आरती सिंह, यशवर्धन राव, नीना रावतिया, फूलकेरिया भगत, सकलेन कामदार, द्वितेंद्र मिश्र, मनहरण राठौर महासचिव बनाए गए हैं।

## ब्रिक्स में 6 नए देश...

जो वैश्विक आर्थिक, वित्तीय और राजनीतिक महत्व के मामलों पर प्रमुख ब्रिक्स संदेशों को दर्शाते हैं। यह साझा मूल्यों को प्रदर्शित करता है। और सामान्य हित जो पांच ब्रिक्स देशों के रूप में हमारे पारस्परिक रूप से लाभप्रद सहयोग का आधार हैं।

**सम्मेलन में मोदी-शी ने की बात**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच गुरुवार को जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर छोटी सी वार्ता हुई। सम्मेलन के एक वीडियो फुटेज के अनुसार, दोनों नेताओं को अपनी निर्धारित सीटों की ओर बढ़ते हुए बातचीत करते देखा जा सकता है। पिछले साल जी20 बाली शिखर सम्मेलन के दौरान भी मोदी और शी दोनों ने एक-दूसरे से मुलाकात की थी।

---

न्यायालय तहसीलदार कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

### ईश्तहार

202307050100049
रा.प्र.क्र. .../ अ-6अ/ 2022-23
ग्राम - कोरबा प.ह.नं. 16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विरेन्द्र सिंह ठाकुर पिता अनंद राम सिंह ठाकुर जाति गोंड़ निवासी कोरबा तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. कोरबा-1, स्थित भूमि ख.नं. 793/1/ग, 872/1/ग, 873/1/ग, 874/4/ग रकबा क्रमशः 0.040, 0.012, 0.028, 0.077 हे. भूमि को पंजीकृत विक्रयपत्र से दिनांक 21/11/2014 को जॉय कल्याण सिंह पिता स्व. रॉय रतन सिंह जाति गोंड़ से क्रय किया है। आवेदित भूमि क्रय करने के पश्चात् न्यायालय तहसीलदार कोरबा के रा.प्र.क्र. 108/अ-6/ 2014-15 आदेश दिनांक 20/06/2015 के विधिवत् नामांतरण होकर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि वर्तमान कम्प्यूटर बी-1, खसरा पांचसाला में ख.नं. 873/1/ग, 874/4/ग रकबा क्रमशः 0.028, 0.077 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज नहीं है। राजस्व अभिलेख में छूट जाने के कारण छ.ग.भू.रा.संहिता की धारा 115 के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर प्रकरण न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोरबा से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 28/08/2023 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी।

सील
तहसीलदार
कोरबा (छ.ग.)

---

न्यायालय अधीक्षक भू-अभिलेख (परिवर्तित भूमि शाखा) कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

### // ईश्तहार //

क्रमांक/ 3061/ अ.भू.अ.(परि.शा.)/ वाचक / 2023 कोरबा, दिनांक 16/08/2023
रा.प्र.क्र. 872/ अ-2 / 2022-23
ग्राम - पण्डरीपानी, प.ह.नं. - 25
तह. कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 872 / अ-2/ 2022-23 आवेदकगण श्रीमती कुमारी बाई मंडावी पति श्री रामदास मंडावी एवं रेणु सिंह मंडावी पति श्री अजित कुमार सिंह, दोनों निवासी-ग्राम खरमोरा, तहसील व जिला-कोरबा के द्वारा ग्राम- पण्डरीपानी, प.ह.नं. 25, तहसील व जिला-कोरबा स्थित भूमि ख.नं. 296/28 रकबा 0.162 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 31/08/2023 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील
अधीक्षक भू-अभिलेख परि.भू.शा.
जिला- कोरबा (छ.ग.)

---

न्यायालय तहसीलदार चन्द्रपुर, जिला-सक्ती (छ.ग.)

### नोटिस सूचना पत्र

क्र./ 348/ तह./ वाचक / 2023
चन्द्रपुर, दिनांक 18/08/2023

प्रति,

1. भूपेन्द्र सिंह पिता दुष्यंत कुमार सिंह 2. महेन्द्र सिंह पिता दुष्यंत कुमार सिंह 3. बेबी उर्फ वसुंधरा पिता दुष्यंत कुमार सिंह 4. रत्नमाला देवी पति दुष्यंत कुमार सिंह 5. बलवंत कुमार पिता शशिभूषण

सभी जाति क्षत्रिय, निवासी ग्राम चन्द्रपुर, जिला सक्ती (छ.ग.)

इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्र. 202306311200004/ 22/अ-27/ 2022-23 पक्षकार यशवंत कुमार बनाम भूपेन्द्र सिंह वगैरह, ग्राम चंद्रपुर तहसील चंद्रपुर जिला सक्ती (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 294/1, 338 रकबा क्रमशः 1.3480, 0.5020 हेक्टे. कुल खसरा नंबर - 02 कुल रकबा 1.8500 हेक्टे. भूमि उभयपक्ष के मध्य खाता विभाजन का आदेश पारित कर तद्अनुसार भू-अभिलेख दुरूस्त किये जाने के लिये आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29/08/2023 को नियत की गई है। अतः आपको दैनिक समाचार के माध्यम से नोटिस सूचना दिया जाता है।

अतः नियत तिथि में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अनुपस्थित रहने की स्थिति में एकपक्षीय की कार्यवाही की जावेगी। सूचना पत्र नोटिस आज दिनांक 18/08/2023 को जारी

सील
तहसीलदार
जिला सक्ती (छ.ग.)

---

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

### ईश्तहार

विवाह प्र.क्र. 194 / ब-121/ 2022-2023
ग्राम- परसदा तहसील बलौदा

आवेदक पुष्पेन्द्र कंवर उम्र 25 वर्ष पिता श्री बाबूलाल कंवर जाति कंवर निवासी परसदा पो.आ. पहरिया तहसील बलौदा हाल-मुकाम यादव चौक शिव मंदिर जांजगीर तहसील व थाना जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका धारणा कंवर उम्र 26 वर्ष पिता श्री एस.एस.कंवर जाति कंवर निवासी दम्मानी कॉलोनी नवापारा वार्ड-02, गोबरा नवापारा तहसील अभनपुर थाना गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)

बनाम

छत्तीसगढ़ शासन

आम जनता ग्राम परसदा तहसील बलौदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक पुष्पेन्द्र कंवर उम्र 25 वर्ष पिता श्री बाबूलाल कंवर जाति कंवर निवासी परसदा पो.आ. पहरिया तहसील बलौदा हाल-मुकाम यादव चौक शिव मंदिर जांजगीर तहसील व थाना जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका धारणा कंवर उम्र 26 वर्ष पिता श्री एस.एस.कंवर जाति कंवर निवासी दम्मानी कॉलोनी नवापारा वार्ड-02, गोबरा नवापारा तहसील अभनपुर थाना गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 27.09.2023 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.08.2023 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
विवाह अधिकारी
जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

---

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. (भ/स) संभाग जशपुर

### प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक- 3159/ NIT-17/2023-2024 / व ले लि दिनांक : 21/08/2023

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 31/08/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 06/09/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :- 08/09/2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.में) बैंक साल्वेंसी (रू.में) |
|---|---|---|
| 17<br>T0060 | मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना अंतर्गत बस्ती से प्राथमिक शाला सरईडीह विकासखण्ड मनोरा सड़क निर्माण का शेष कार्य लं. 160 मीटर | 11.04<br>8280.00<br>165600.00 |

टीप:-

1. विकासखण्ड मनोरा के अंतर्गत ई-श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार को ही निविदा में भाग लेने की पात्रता होगी।
2. कार्य पूर्णता की अवधि - 2 माह वर्षाकाल सहित।

नविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-04519/1

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स)संभाग जशपुर

---

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

No. 15-17/ABVTPS/Boiler/W-T-09/2023/3860 Marwa, Date:- 11-08-23

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed Tenders are invited, from registered/experienced Contractors for :-

| S.No. | Tender Spec.No. | Particulars | Last date for sale of tender documents | Due date submission/ opening of tender documents | Tender Fee | EMD |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 15-17/ ABVTPS/ Boiler/W-T-09/2023 | Hiring of Vehicle for Executive Engineer (BMD-I & II) of 2x500 MW, ABVTPS, CGPGCL, Marwa. | 29.08.2023 | 31.08.2023 | Rs. 500/- + GST @ 18% (590/-) (Rs.118/- Extra for Postal charges if required by post.) | 12570/- |

**TERMS & CONDITIONS:** -01. Tender documents may be obtained from the office of the undersigned, by submitting Demand Draft/ Bankers Cheque/(non refundable) as mentioned above, drawn in favour of **Sr. Accounts Officer, 2X500MW, ABVTPS, CSPGCL, Marwa, Janjgir-Champa,** on any working day upto scheduled last date for sale of tender documents during working hours. Our Banker is SBI, Branch-Champa. Direct payment will not be entertained by this office. 02.It is obligatory for the tenderer to purchase tender documents; otherwise offers will not be accepted.03.If opening date of the tender is declared holiday, then it will be opened on next working day.04.Tenders will be accepted up to 15:30 hrs. till opening date and will be opened at 16:00 hrs. on the day.05.Fax/Telegraphic tender offers will not be accepted. Tenderers may be present or depute their authorized representative at the time of opening of tenders.06.The Company will not be responsible for late receipt of tenders/offers.07.In the interest of the Company, undersigned reserves the right to issue or not to issue tender document and to accept or reject offers (any or all offers fully/partially) without assigning any reason thereof.

**Superintending Engineer (Boiler)**
**2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL**
**Marwa-Tendubhatha**

SAVE ELECTRICITY

---

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

#### ई-नीलामी हेतु निविदा सूचना

| Seq. No. | Lot No. / Category | Description | Rate Unit | Trips/ Days | Close Date/ Time | Min. Incr. (%) | EMD (%) | Turnover |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| AA/1 | केटग-आर-बीआईए-जीएमयू-28-23-1 (खानपान-सामान्य लघु इकाई (जीएमयू)) | चाय की दुकान नं. बीआईए-3, पीएफ-1 भिलाई रेलवे स्टेशन | वार्षिक लाइसेंस शुल्क | 1827 | 25.08.2023 15.30 | 0.2 | 5 | 0 |
| AB/1 | केटग-आर-आर-एसएमयू-49-23-1 (खानपान-विशेष लघु इकाई (एसएमयू)) | पीएफ-1, रायपुर रेलवे स्टेशन पर कैटरिंग टी स्टॉल नंबर ए-2 | वार्षिक लाइसेंस शुल्क | 1827 | 25.08.2023 15.40 | 0.2 | 5 | 0 |
| AB/2 | केटग-आर-दुर्ग-एसएमयू-9-23-1 (खानपान-विशेष लघु इकाई (एसएमयू)) | चाय की दुकान नं. बी-9, पीएफ-2 एवं 3, दुर्ग रेलवे स्टेशन | वार्षिक लाइसेंस शुल्क | 1827 | 25.08.2023 15.50 | 0.2 | 5 | 0 |
| AB/3 | केटग-आर-टीएलडी-एसएमयू-54-22-3 (खानपान-विशेष लघु इकाई (एसएमयू)) | केटरिंग टी स्टाल नं.बी-1 पीएफ-2 एवं 3, टीएलडी रेलवे स्टेशन पर | वार्षिक लाइसेंस शुल्क | 1827 | 25.08.2023 16.00 | 0.2 | 5 | 0 |

पीआर/आर/सीनि.डीसीएम/एएन/115

कृते वरि.मंडल वाणिज्य प्रबंधक
द.पू.म. रेलवे, रायपुर

---

**OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL, JANJGIR - NAILA, DISTT- JANJGIR CHAMPA (C.G.)**
e-procurement Tender Notice (प्रथम निविदा पत्र)

NIT.NO./ 2139 / PWD/NPP/2023-24 JANJGIR-NAILA, DATE - 23/08/2023

| s.no. | System Tender no. | Name of work/ description of work | Probable amount of contract (lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 145256 | वार्ड क्र. 01 में खेल मैदान का उन्नयन कार्य | 151.11 |
| 2 | 145258 | वार्ड क्र. 04 में एस.एल.आर.एम. सेंटर के पास महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रीयल पार्क निर्माण कार्य (UIPA) | 120.00 |

The details can be viewed and download online directly from the government of Chhattisgarh e-procurement portal http://cgeporcurement.gov.in on sub portal of though urban administration and development department http://uadd.cgeprocurement.gov.in for more datails on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal. The last date of bid submission Date 15.09.2023 Time 5.30 pm.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
MUNICIPAL COUNCIL, JANJGIR-NAILA

---

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)**
मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)

फा.क्र./ 101, 102/ निर्माण/ कोसाबाड़ी जोन/ 2023 कोरबा, दिनांक 17.08.2023

### तृतीय निविदा आमंत्रण की सूचना

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रमुख अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, रायपुर द्वारा प्रचलित PWD Building SOR 01.01.2015 से प्रभावशील दर अनुसूची पर (निविदा खुलने के दिनांक तक समस्त संशोधनों के साथ) कम अधिक या समान दरों पर तथा शेड्यूल अनुसार आयटम दरों पर निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर त्रि-लिफाफा पद्धति माध्यम से आमंत्रित की जाती है :-

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने अंतिम तिथि - 04.09.2023 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि - 04.09.2023 सायंकाल 4:30 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि में | धरोहर राशि रू. में (एफ.डी.आर. / टी.डी.आर.) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (डी.डी./ बैकर्स चेक) | निविदा प्रपत्र | कार्यावधि | ठेकेदार का वर्ग | निविदा खुलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 32 रिस्दी के ओम शांति मोहल्ला में मंच निर्माण (विधायक मद) | 5,00,000/- | 5,000/- | 750/- | Form-A | 03 माह | सक्षम श्रेणी | 28.08.2023 |
| 2 | वार्ड क्र. 32 रिस्दी के स्कूल मोहल्ला में मंच निर्माण (विधायक मद) | 5,00,000/- | 5,000/- | 750/- | Form-A | 03 माह | सक्षम श्रेणी | 28.08.2023 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website: www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो विभागीय वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

// स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें //

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

---

कार्यालय नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

### आम सूचना

शाखा-संपदा साकेत भवन, आई.टी.आई.चौक, कोरबा (छ.ग.)
दूरभाष : 07759-221288, फैक्स : 07759-221929, पो.बाक्स नं.12 पिन कोड-495677 Website: www.korba-municipa.in, Email :corporationkorba@gmail.com

फा.क्र./ 15/ संपदा/ भू./ 2023/ 6368
कोरबा, दिनांक 26/07/2023

सर्व साधारण को इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि श्री धनीराम रात्रे पिता स्व. पी.आर.रात्रे एवं श्रीमती सरिता रात्रे पति स्व. धनीराम रात्रे के संयुक्त नाम पर विघटित विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (वर्तमान में नगर पालिक निगम) कोरबा की पं.रवि शंकर शुक्ल नगर कोरबा (छ.ग.) में स्थित भवन/ भूखण्ड एल.आई.जी. - 123 को पंजीयन आबंटन शर्तों के तहत आबंटित करते हुए आधिपत्य प्रदान किया गया है। आबंटिती द्वारा उक्त भूखण्ड का लीज डीड का निष्पादन दिनांक 12.12.2008 को किया जा चुका है। आबंटिती श्री धनीराम रात्रे पिता स्व. पी.आर.रात्रे की मृत्यु दिनांक 13.03.2015 को स्थान किम्स अस्पताल बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) में हो जाने के फलस्वरूप उक्त भवन को उनके विधिक वारिस/ सह आबंटिती श्रीमती सरिता रात्रे पति स्व. श्री धनीराम रात्रे (पत्नी) के एकल नाम पर उक्त सम्पत्ति भवन का नामांतरण फौती दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति व अन्य प्रपत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री धनीराम रात्रे पिता स्व. श्री पी.आर.रात्रे एवं श्रीमती सरिता रात्रे पति स्व. श्री धनीराम रात्रे के संयुक्त नाम पर आबंटित पं.रवि शंकर शुक्ल नगर कोरबा (छ.ग.) में स्थित भवन/ भूखण्ड एल.आई.जी.-123 को श्री धनीराम रात्रे पिता स्व.पी.आर.रात्रे की मृत्यु दिनांक 13.03.2015 को स्थान किम्स अस्पताल बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) में हो जाने के फलस्वरूप उक्त भवन/ भूखण्ड पर से उनके नाम को विलोपित करते हुए उनके विधिक वारिस/ सह आबंटिती श्रीमती सरिता रात्रे पति स्व. श्री धनीराम रात्रे (पत्नी) के एकल नाम पर नामांतरण (फौती दर्ज) कराये जाने के संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था/ निकाय को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय प्रमाण सहित इस विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से दे सकते हैं। अवधि समाप्त होने के पश्चात् होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त भवन को उनके विधिक वारिस/ सह आबंटिती श्रीमती सरिता रात्रे पति स्व. श्री धनीराम रात्रे (पत्नी) के एकल नाम पर नामांतरण (फौती दर्ज)करने की कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)

---

### सार्वजनिक सूचना

आईसीआईसीआई होम फाइनैंस | पंजी. कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400051

**कार्पोरेट कार्यालय:** आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई-400059
**शाखा कार्यालय:** प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए-26, जोन-II, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) - 495 001

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड ('आईसीआईसीआई एचएफसी') से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, तथापि यह उनको सुपुर्द नहीं की जा सकी और अतएव एतद्द्वारा उनको को इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शर्मिला चौधरी (कर्जदार), दिनेश चौधरी (सह-कर्जदार), अभिषेक विहार फेज-2, मकान नंबर 13, मंगला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001. एलएचबीएसआर00001302923 | मकान नंबर 13, मौजा मंगला पीएचएन 21/33, प्लॉट नंबर 1090/41, अभिषेक विहार फेज-2, निकट महर्षि स्कूल मंगला बिलासपुर खसरा नंबर 1289/8, मंगला वार्ड नंबर 14, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी - उत्तर: 30 फीट रोड, दक्षिण: महर्षि स्कूल की भूमि, पूरब: मकान नंबर 12, पश्चिम: शुक्ला जी की भूमि | 14-08-2023 रू. 20,86,068/- | 03-08-2023 |
| 2. | शर्मिला चौधरी (कर्जदार), दिनेश चौधरी (सह-कर्जदार), अभिषेक विहार फेज-2, मकान नंबर 13, मंगला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001. एलएचबीएसआर00001311986 | मकान नंबर 13, मौजा मंगला पीएचएन 21/33, प्लॉट नंबर 1090/41, अभिषेक विहार फेज-2, निकट महर्षि स्कूल मंगला बिलासपुर खसरा नंबर 1289/8, मंगला वार्ड नंबर 14, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी - उत्तर: 30 फीट रोड, दक्षिण: महर्षि स्कूल की भूमि, पूरब: मकान नंबर 12, पश्चिम: शुक्ला जी की भूमि | 14-08-2023 रू. 5,03,958/- | 03-08-2023 |
| 3. | राकेश वैष्णव (कर्जदार), सरोज वैष्णव (सह-कर्जदार), गुरूकुल नयापारा मार्ग लोर्मी लोर्मी बिलासपुर बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495115. एलएचबीएसआर00001378300 | एनए मौजा लोर्मी पीएच नंबर 23 सर्वे नंबर 322/24, आरएनएम लोर्मी तहसील लोर्मी जिला मुगेली सीजी लोर्मी 322/24, सर्वे नंबर 163/8 लोर्मी 163/8 बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी - उत्तर: विक्रेता द्वारा 15 फीट रोड, दक्षिण: सीसी रोड, पूरब: विक्रेता की बाकी भूमि, पश्चिम: श्री मोती सिंह राजपूत की सम्पत्ति | 14-08-2023 रू. 76,226/- | 03-08-2023 |
| 4. | राकेश वैष्णव (कर्जदार), सरोज वैष्णव (सह-कर्जदार), गुरूकुल नयापारा मार्ग लोर्मी लोर्मी बिलासपुर बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495115. एलएचबीएसआर00001378301 | एनए मौजा लोर्मी पीएच नंबर 23 सर्वे नंबर 322/24, आरएनएम लोर्मी तहसील लोर्मी जिला मुगेली सीजी लोर्मी 322/24, सर्वे नंबर 163/8 लोर्मी 163/8 बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी - उत्तर: विक्रेता द्वारा 15 फीट रोड, दक्षिण: सीसी रोड, पूरब: विक्रेता की बाकी भूमि, पश्चिम: श्री मोती सिंह राजपूत की सम्पत्ति | 14-08-2023 रू. 6,38,651/- | 03-08-2023 |
| 5. | राकेश वैष्णव (कर्जदार), सरोज वैष्णव (सह-कर्जदार), गुरूकुल नयापारा मार्ग लोर्मी लोर्मी बिलासपुर बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495115. एलएचबीएसआर00001378302 | एनए मौजा लोर्मी पीएच नंबर 23 सर्वे नंबर 322/24, आरएनएम लोर्मी तहसील लोर्मी जिला मुगेली सीजी लोर्मी 322/24, सर्वे नंबर 163/8 लोर्मी 163/8 बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी - उत्तर: विक्रेता द्वारा 15 फीट रोड, दक्षिण: सीसी रोड, पूरब: विक्रेता की बाकी भूमि, पश्चिम: श्री मोती सिंह राजपूत की सम्पत्ति | 14-08-2023 रू. 10,06,498/- | 03-08-2023 |
| 6. | राकेश वैष्णव (कर्जदार), सरोज वैष्णव (सह-कर्जदार), गुरूकुल नयापारा मार्ग लोर्मी लोर्मी बिलासपुर बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495115. एलएचबीएसआर00001452929 | एनए मौजा लोर्मी पीएच नंबर 23 सर्वे नंबर 322/24, आरएनएम लोर्मी तहसील लोर्मी जिला मुगेली सीजी लोर्मी 322/24, सर्वे नंबर 163/8 लोर्मी 163/8 बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी - उत्तर: विक्रेता द्वारा 15 फीट रोड, दक्षिण: सीसी रोड, पूरब: विक्रेता की बाकी भूमि, पश्चिम: श्री मोती सिंह राजपूत की सम्पत्ति | 14-08-2023 रू. 7,50,693/- | 03-08-2023 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को उक्त बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें विफल रहने की स्थिति में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

तिथि: 25 अगस्त, 2023
स्थान: बिलासपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

---

**कार्यालय नगर पंचायत छुरीकला, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

क्रमांक/ 1623/ न.प. / तक.शा./ 2023-24 छुरीकला, दिनांक 22/08/2023

### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| S. N. | System Tender No & Date | Description | Total Estimate Cost Rs. in Lacs | Last Date Online Submission | Last Date offline Document Submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 145210 | वार्ड क्रमांक 15 तिरगुन तालाब, शिवघाट में रिटर्निंग वाल निर्माण कार्य। (अधोसंरचना 2023-24) | 28.02 | 14.09.2023 | 20.09.2023 |
| 2. | 145211 | नगर पंचायत छुरीकला में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। (अधोसंरचना 2023-24) | 20.18 | 14.09.2023 | 20.09.2023 |
| 3. | 145207 | नगर पंचायत छुरीकला में उद्यान निर्माण कार्य | 72.09 | 14.09.2023 | 20.09.2023 |

उपरोक्त ई-निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in एवं www.uad.cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत, छुरीकला

# देश

## उवाच

"भारत विश्व को भौतिक और आध्यात्मिक दोनों प्रकार की प्रगति की राह पर अग्रसर करेगा, अभी तक चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर कोई नहीं उतरा था, हमारे वैज्ञानिकों ने लंबे परिश्रम के पश्चात वहां उतरने का पहला मान प्राप्त किया है:- **मोहन भागवत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33.2 | 24.3 |
| मुंबई | 31.6 | 26.1 |
| कोलकाता | 33.4 | 25.8 |
| चेन्नई | 35.3 | 22.6 |

### कांग्रेस का मोदी सरकार पर इसरो वैज्ञानिकों की मदद नहीं करने का अरोप, कहा

# टीम से जुड़े वैज्ञानिकों को 17 महीने से वेतन नहीं मिल रहा

**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस ने चंद्रयान-3 की सफलता के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों को बधाई दी लेकिन कहा कि प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी इसका श्रेय लेने की दौड़ में सबसे आगे रहे जबकि हकीकत यह है कि उन्होंने इस टीम से जुड़े वैज्ञानिकों की अनदेखी की और उन्हें 17 महीने से वेतन नहीं मिल रहा है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि जैसे ही चंद्रयान-3 चांद की सतह पर उतरा श्री मोदी उससे पहले ही टीवी स्क्रीन पर आ धमके और इस टीम से जुड़े वैज्ञानिकों को मदद करने में अपनी विफलता पर पछताने की बजाए वैज्ञानिकों की मेहनत की सफलता का श्रेय लेने लगे। उन्होंने कहा, 'चंद्रयान-3 की लैंडिंग का उत्साह और गर्व लंबे समय तक हमारे साथ रहेगा। इसरो ने अध्यक्ष डॉ. सोमनाथ के नेतृत्व ने वास्तव में इतिहास रचा और इसके लिए वह और उनकी टीम को हार्दिक बधाई।' श्री वेणुगोपाल ने कहा,''इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस तरह से सामने आए और जिस तरह का पाखंड उन्होंने किया उसके लिए उन्हें जवाब देना चाहिए। आपको स्क्रीन पर आने और लैंडिंग के बाद श्रेय लेने की जल्दी थी लेकिन आपकी सरकार वैज्ञानिकों और इसरो की मदद करने में बुरी तरह विफल क्यों रही।' कांग्रेस महासचिव ने कहा, 'चंद्रयान-3 पर काम करने वाले एचईसी इंजीनियरों को पिछले 17 महीनों से वेतन क्यों नहीं मिला और आपने इतने महत्वपूर्ण मिशनों के लिए बजट में 32 प्रतिशत की कटौती क्यों की। ये हमारे देश के हीरो हैं, ये विश्वस्तरीय अंतरिक्ष अनुसंधान कार्यक्रम चलाते हैं लेकिन आपको इनकी प्रतिभा और मेहनत की कोई कद्र नहीं है। जले पर नमक छिड़कने के लिए आप तब सुर्खियों में आए जब वह क्षण वैज्ञानिकों की उपलब्धियों का जश्न मनाने के बारे में था।'



**जैसे ही चंद्रयान-3 चांद की सतह पर उतरा श्री मोदी उससे पहले ही टीवी स्क्रीन पर आ धमके और इस टीम से जुड़े वैज्ञानिकों को मदद करने में अपनी विफलता पर पछताने की बजाए वैज्ञानिकों की मेहनत की सफलता का श्रेय लेने लगे :-केसी वेणुगोपाल, महासचिव कांग्रेस**

## कांग्रेस ने 'आएगा तो मोदी ही' बयान पर भाजपा पर कटाक्ष किया

**नई दिल्ली**। भाजपा के सांसद डी. अरविंद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वे कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि आप कोई भी बटन दबाओ जीतेगी बीजेपी ही। उनके इस बयान पर कांग्रेस ने गुरुवार को भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आखिरकार राज खुल ही गया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा, 'आखिरकार रहस्य खुल गया।' रमेश ने यह टिप्पणी निज़ामाबाद से भाजपा सांसद अरविंद के वीडियो पर की है। अरविंद का वीडियो निजामाबाद में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का बताया जा रहा है। वीडियो में भाजपा सासंद डी. अरविंद कहते हुए सुनाई दे रहे कि ईवीएम पर कांग्रेस, कार, हाथ किसी भी बटन को दबाओ, वोट तो भाजपा को ही जाएगा। अपने निर्वाचन क्षेत्र निज़ामाबाद में मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई सांसद की 'आएगा तो मोदी ही' टिप्पणी पर कांग्रेस और तेलंगाना में सत्तारूढ़ बीआरएस ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। गौरतलब है कि अरविंद निज़ामाबाद से सांसद हैं। उन्होंने साल 2019 के लोकसभा चुनाव में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता को हराया था।



- **भाजपा के सांसद डी. अरविंद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है**
- **आप कोई भी बटन दबाओ जीतेगी बीजेपी ही**

## कांग्रेस ने राजस्थान में नियुक्त किए चार समन्वयक


नई दिल्ली। कांग्रेस ने राजस्थान विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चार समन्वयक नियुक्त करके अन्य दो सचिवों को चुनाव पर्यवेक्षक के साथ संबद्ध किया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सांसद रंजिता रंजन, पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत, विधायक किरन चौधरी तथा पूर्व सांसद श्मशेर सिंह दुल्लो को यह जिम्मेदारी सौंपी है और उन्हें तत्काल प्रभाव से अपना काम शुरु करने के लिए कहा है। श्री खड़गे ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष ने कांग्रेस सचिव बी पी सिंह तथा राजेंद्र सिंह कुम्पावत को वरिष्ठ चुनाव पर्यवेक्षक मधुसूदन मिस्त्री के साथ काम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है और उन्हें चुनाव संपन्न होने तक इसी रूप में काम करने के लिए कहा है।

# 7800 करोड़ के हथियारों की खरीद को सरकार की मंजूरी

**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। सरकार ने तीनों सेनाओं की युद्धक क्षमता बढ़ाने के लिए 7800 करोड़ रुपए की रक्षा खरीद के प्रस्तावों को आज स्वीकृति प्रदान की जिसमें हेलीकॉप्टरों पर इलैक्ट्रॉनिक वॉरफेयर, थल सेना की मानव रहित निगरानी एवं रसद परिवहन की स्वायत्त प्रणाली एवं नौसेना के हेलीकॉप्टरों को नये हथियारों से लैस करने के प्रस्ताव शामिल हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में लगभग 7,800 करोड़ रुपये के पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) प्रदान की गई।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार भारतीय वायु की दक्षता बढ़ाने के लिए फोर्स, डीएसी ने भारतीय-आईडीडीएम श्रेणी के तहत एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टरों पर इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर (ईडब्ल्यू) सुइट की खरीद और फिट करने के लिए एओएन प्रदान किया, जो हेलीकॉप्टरों की क्षमता को बढ़ाएगा। ईडब्ल्यू सुइट भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) से खरीदा जाएगा।

डीएसी ने मशीनीकृत पैदल सेना यानी इन्फैन्ट्री और बख्तरबंद रेजिमेंटों के लिए ग्राउंड-आधारित स्वायत्त प्रणाली की खरीद के लिए भी एओएन प्रदान किया है जो मानवरहित निगरानी, गोला-बारूद, ईंधन और पुर्जों की रसद डिलीवरी और युद्ध क्षेत्र में हताहतों की निकासी जैसे विभिन्न कार्यों में बेहतर काम करने में सक्षम होगा। 7.62×51 मिमी लाइट मशीन गन (एलएमजी) और ब्रिज लेइंग टैंक (बीएलटी) की खरीद के प्रस्ताव को भी डीएसी द्वारा आगे बढ़ा दिया गया है जहां एलएमजी के शामिल होने से पैदल सेना बलों की लड़ने की क्षमता में वृद्धि होगी, वहीं बीएलटी के शामिल होने से मशीनीकृत बलों की आवाजाही में तेजी आएगी। प्रोजेक्ट शक्ति के तहत भारतीय सेना के लिए मजबूत लैपटॉप और टैबलेट की खरीद के लिए एओएन भी प्रदान किया गया है। ये सभी खरीद केवल स्वदेशी विक्रेताओं से की जाएंगी। भारतीय नौसेना के एमएच-60आर हेलीकॉप्टरों की परिचालन क्षमता को बढ़ाने के लिए, डीएसी ने हथियारों की खरीद के लिए एओएन प्रदान किया है।



- **राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में स्वीकृति (एओएन) प्रदान की गई**

## सार संक्षेप

### हरदा जिलें में नही मिली मूंग खरीदी की राशिः अरुण यादव

भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव ने प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल के ग्रह जिलें हरदा में मूंग की राशि नही मिलने का आरोप लगाया है। यादव ने कहा कि हरदा एवं होशंगाबाद जिलों में सरकार ने जो मूंग की खरीदी की है, उसे दो महीने हो गए हैं, लेकिन उसका पैसा आज तक किसानों को नहीं मिला है। यादव ने कहा कि जिन जिलों में अतिवृष्टि हुई है, सरकार ने ना तो वहां सर्वे किया है और ना ही कोई मुआवजा मिला है। उन्होंने प्याज के एक्सपोर्ट पर ड्यूटी लगाने के केंद्र सरकार के निर्णय की भी आलोचना करते हुए कहा कि कि चाहे केंद्र की सरकार हो या मध्य प्रदेश की सरकार हो दोनों किसने की कभी भी मदद नहीं करती है।

### पंजाब में बीएसएफ ने 36 ग्राम हेरोइन जब्त की

नई दिल्ली। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में 36 ग्राम हेरोइन जब्त की है। हेरोइन को पंजाब के तरन तारन में ड्रोन से गिराया गया था। बीएसएफ के एक अधिकारी ने कहा कि सुबह के समय हमें ड्रोन के माध्यम से गिराए गए प्रतिबंधित वस्तुओं की खेप की मौजूदगी के बारे में विशेष जानकारी मिली। इसके बाद हमने तरन तारन के राजोके गांव के बाहरी इलाके में पंजाब पुलिस के साथ एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। अधिकारी ने कहा कि सुबह लगभग 9:15 बजे तलाशी के दौरान, सैनिकों ने नशीले पदार्थों का एक छोटा पैकेट बरामद किया। इस पैकेट में करीब 36 ग्राम हेरोइन मिली। इसे ड्रोन के साथ लटकाने के लिए नायलॉन के हुक के साथ चिपकने वाले टेप से लपेटा गया था। उन्होंने कहा कि यह हेरोइन राजोके गांव के खेतों में पाई गई। अधिकारी ने कहा कि हेरोइन को जब्त कर लिया गया है और वे मामले की जांच कर रहे हैं।

### कावेरी विवाद : कर्नाटक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में तमिलनाडु की याचिका को गलत बताया

नई दिल्ली। कर्नाटक सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि कावेरी नदी से पानी छोड़ने की मांग करने वाली तमिलनाडु सरकार की याचिका को पूरी तरह से गलत है, क्योंकि यह गलत धारणा पर आधारित है कि यह जलवर्ष सामान्य है, न कि संकटग्रस्त जलवर्ष। कर्नाटक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष कहा कि वह सामान्य जलवर्ष के लिए निर्धारित पानी सुनिश्चित करने के लिए बाध्य नहीं है, क्योंकि दक्षिण-पश्चिम मानसून की विफलता के कारण कावेरी बेसिन में संकट की स्थिति पैदा हो गई है। इसमें कहा गया है कि कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) ने दर्ज किया है कि 9 अगस्त तक कर्नाटक के चार जलाशयों में पानी का प्रवाह 42.5 प्रतिशत कम था और तमिलनाडु सरकार ने खुद स्वीकार किया है कि सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दाखिल याचिका में उसने वर्षा 25 प्रतिशत कम होने का जिक्र किया था।

## क्रूरता के लिए पति की प्रेमिका पर मुकदमा नहीं चला सकते : केरल हाईकोर्ट

**कोच्चि,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। केरल हाई कोर्ट ने माना कि पति की प्रेमिका या शादी से बाहर यौन संबंध बनाने वाली महिला पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 498ए के तहत मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। अदालत ने बताया कि कानून में इस्तेमाल की गई भाषा यह स्पष्ट करती है कि 'रिश्तेदार' शब्द में वह महिला शामिल नहीं होगी जिसके साथ पुरुष ने विवाह के बाहर यौन संबंध बनाए हैं। कोर्ट ने कहा, 'एक प्रेमिका या एक महिला विवाह से बाहर किसी पुरुष के साथ यौन संबंध बनाती है, जरूरी नहीं कि वह 'रिश्तेदार' होगी। 'रिश्तेदार' शब्द का मतलब अलग है, जिसके साथ खून का संबंध है, या गोद ली हुई हो। यह आदेश एक महिला की याचिका पर पारित किया गया जिसमें आईपीसी की धारा 498ए के तहत आरोप लगाया गया था। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि अपने साथी के साथ उसका रिश्ता उसे उसका रिश्तेदार नहीं बनाता जैसा कि धारा 498ए के तहत माना गया है। अदालत ने तर्क से सहमति व्यक्त की और उसके खिलाफ कार्यवाही को रद्द करने का आदेश दिया।



**एक प्रेमिका या एक महिला विवाह से बाहर किसी पुरुष के साथ यौन संबंध बनाती है, जरूरी नहीं कि वह 'रिश्तेदार' होगीः- केरल हाईकोर्ट**

## शिबू और हेमंत सोरेन के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल, बाबूलाल मरांडी की बढ़ी मुश्किल!

**रांची,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनके पिता शिबू सोरेन एवं उनके परिजनों के खिलाफ कथित तौर पर अभद्र और आपत्तिजनक भाषा के इस्तेमाल के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के खिलाफ राज्य के कई थानों में एफआईआर कराई गई है। झामुमो के नेताओं-कार्यकर्ताओं और हेमंत सोरेन समर्थकों ने इसे लेकर अलग-अलग थानों में मरांडी के खिलाफ लिखित शिकायत की है। ऐसी ही एक एफआईआर रांची के कांके थाने में सोनू तिर्की नामक शख्स ने दर्ज कराई है। इसमें कहा गया है कि बाबूलाल मरांडी अपनी जनसभाओं में आदिवासी समाज में दिशोम गुरु कहलाने वाले शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ घृणित और अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

## चंद्रयान-3 : सिद्दारमैया ने इसरो प्रमुख सोमनाथ को भेंट की गुलदस्ता

**बेंगलुरु,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने गुरुवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का दौरा किया और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के लिए इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ को हार्दिक बधाई देते हुए फूलों की गुलदस्ता और पगड़ी भेंट की। आधिकारिक सूत्रों ने कहा, श्री सिद्दारमैया ने वैज्ञानिकों से मुलाकात के दौरान डॉ. सोमनाथ को गुलदस्ता और पगड़ी भेंट की।' चंद्रयान-3 कल एक ऐतिहासिक घटना में शाम 6.04 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरा जिसका पूरा देश ने उत्सव मनाया। इसके साथ ही भारत चंद्रमा की इस अज्ञात सतह पर उतरने वाला पहला और इसकी सतह पर उतरने वाला अमेरिका, चीन और तत्कालीन सोवियत संघ के बाद चौथा देश बन गया।



# मप्र में भाजपा को झटका, पूर्व विधायक के बेटे-बहू कांग्रेस में शामिल

**भोपाल,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले दल-बदल का खेल जारी है। राजनेता अपनी महत्वाकांक्षा पूरी करने के लिए दल बदल रहे हैं। इसी क्रम में सतना जिले के रैगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जुगल किशोर बागरी के बेटे और बहू ने कमलनाथ के सामने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। दरअसल, सतना जिले के रैगांव विधानसभा क्षेत्र से नाता रखने वाले देवराज बागरी और उनकी पत्नी वंदना बागरी ने भोपाल में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ की मौजूदगी में पार्टी का दामन थाम लिया। रैगांव में हुए उपचुनाव में बारगी दंपत्ति ने भाजपा की ओर से टिकट की दावेदारी की थी। मगर, उन्हें असफलता हाथ लगी थी। लिहाजा, उन्होंने पार्टी की अधिकृत उम्मीदवार प्रतिमा बागरी का खुलकर विरोध किया था। वर्तमान में रैगांव विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की विधायक कल्पना वर्मा हैं। आशंका इस बात की भी जताई जा रही है कहीं बागरी दंपति को कांग्रेस की ओर से टिकट का भरोसा तो नहीं दिलाया गया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव का कहना है कि प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से बड़ी संख्या में भाजपा के लोग कांग्रेस का दामन थाम रहे हैं। निवाड़ी, छतरपुर, टीकमगढ़, दतिया, शिवपुरी आदि स्थानों से कई भाजपा नेता कांग्रेस में शामिल हुए हैं।

भाजपा में बुरी तरह से भगदड़ मची हुई है। इस भगदड़ का नतीजा है कि मंत्रिमंडल का विस्तार सरकार करना चाहती है।




- **मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले दल-बदल का खेल जारी**
- **राजनेता अपनी महत्वाकांक्षा पूरी करने के लिए दल बदल रहे हैं**

# केसीआर ने चुनाव से तीन महीने पहले महेंद्र रेड्डी को कैबिनेट में किया शामिल

**हैदराबाद,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। विधानसभा चुनाव से बमुश्किल तीन महीने पहले, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने गुरुवार को पटनम महेंद्र रेड्डी को शामिल करते हुए अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया।

राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन ने राजभवन में रेड्डी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण में चन्द्रशेखर राव, उनके कैबिनेट सहयोगी, विधानसभा अध्यक्ष पोचारम श्रीनिवास रेड्डी, विधान परिषद के अध्यक्ष जी. सुखेंदर रेड्डी और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इससे पहले, महेंद्र रेड्डी ने उन्हें मौका देने के लिए केसीआर को धन्यवाद दिया और कहा कि वह उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। उनके पोर्टफोलियो की घोषणा बाद में होने की संभावना है। महेंद्र रेड्डी के शपथ लेने के साथ ही मुख्यमंत्री समेत मंत्रिमंडल में सदस्यों की संख्या 18 हो गई है। महेंद्र रेड्डी के शपथ ग्रहण से कैबिनेट में एकमात्र रिक्त पद भर गया। यह पद मई 2021 से खाली था जब केसीआर ने एटाला राजेंदर को कैबिनेट से हटा दिया था। रेड्डी वर्तमान में विधान परिषद के सदस्य हैं। मंत्रिमंडल में उनके शामिल होने को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) उन्हें शांत करने के प्रयास के रूप में देख रही है क्योंकि वह तंदूर निर्वाचन क्षेत्र से आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए पार्टी के टिकट की उम्मीद कर रहे थे। ऐसी खबरें थीं कि रेड्डी बीआरएस छोड़कर कांग्रेस या भाजपा में शामिल होने की योजना बना रहे थे। केसीआर द्वारा 115 विधानसभा सीटों के लिए बीआरएस उम्मीदवारों की घोषणा के बाद महेंद्र रेड्डी ने उनसे मुलाकात की थी और उन्हें कैबिनेट में जगह देने का आश्वासन दिया गया था। बीआरएस नेतृत्व ने महेंद्र रेड्डी और तंदूर के मौजूदा विधायक रोहित रेड्डी के बीच समझौता भी सुनिश्चित किया।





बिलासपुर, शुक्रवार 25 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# उपलब्धि को फ़ीका करती घृणा

भारत के चन्द्रयान-3 के बुधवार की शाम को चन्द्रमा पर सफलतापूर्वक उतरने से बहुत पहले ही उसकी कामयाबी लगभग निश्चित समझी जा रही थी साथ ही यह भी तय माना जा रहा था कि इसकी सफलता से (या कहें कि असफल होने पर भी) राजनैतिक, सामाजिक और धार्मिक- तीनों ही तरह के आपसी मतभेद सामने आ जाएंगे। इस उपलब्धि के लिये छीना-झपटी होने का पूर्वानुमान था और यह भी पहले से ही सोच लिया गया था कि इसका उपयोग अपने राजनैतिक विरोधियों और अलग तरह की धार्मिक आस्था रखने वाले लोगों या समूहों के लिये किया जायेगा; पर यह सब इतनी जल्दी होगा, यह नहीं सोचा गया होगा। वैज्ञानिक उपलब्धियां किसी एक देश की नहीं वरन समग्र मानव के ज्ञान व प्रतिभा की देन मानी जाती है। वैज्ञानिक विकास किसी एक देश का नहीं बल्कि वैश्विक होता है। इसलिये विज्ञान सम्बन्धी विचारों और शोधों-आविष्कारों का प्रतिफल दुनिया भर को मिलता है; पर भारतीयों ने अपनी इस उपलब्धि को बहुत संकीर्ण तो बना ही दिया है, उसका उपयोग वे परस्पर नफरत फैलाने के लिये वैसा ही कर रहे हैं जैसा कि धर्म, राजनीति या सामाजिक विचारों का, विशेषकर हाल के वर्षों में करते आ रहे हैं। ऐसा करके हम न सिर्फ इस बड़ी उपलब्धि को छोटा बना रहे हैं वरन देश-दुनिया के तरक्की पसंद व वैज्ञानिक चेतना से युक्त वर्गों के बीच स्वयं का कद भी घटा रहे हैं।

चन्द्रयान-3 की सफलता से यह तो साबित हो गया है कि हमारे देश के वैज्ञानिकों की प्रतिभा असीम है और वे अपनी उपलब्धियों का झंडा सर्वोच्च ऊंचाइयों तक फहराना चाहते हैं, लेकिन दूसरी तरफ बड़ी संख्या में ऐसे भी लोग हैं जो अपनी संकीर्णताओं से ऊपर उठना ही नहीं चाहते। वे नफरत के कीचड़ में गहरे धंसे हुए ही संतुष्ट हैं। अमेरिका, रूस व चीन जैसी सबसे बड़ी अंतरिक्ष शक्तियों के समकक्ष आने के बाद भी हम इस कामयाबी को उसी चश्मे से देख रहे हैं जिसका एक लेंस राजनैतिक विचारों का है तो दूसरा मज़हबी है। वैज्ञानिक उपलब्धि को वैज्ञानिकता की कसौटी पर कसने की बजाय ऐसे लोग चन्द्रयान-3 की सफलता को घृणा बढ़ाने का एक औजार बना रहे हैं। विज्ञान इंसानों को संकुचित विचारों से बाहर निकालने का काम करता है लेकिन लगता है कि भारत में विज्ञान जैसी विधा का भी उपयोग परस्पर नफ़रत बढ़ाना ही हो गया है। इसलिये इस उपलब्धि पर जो लोग झूम रहे हैं वे अपने मज़हब और राजनैतिक विचारों के कारण, न कि विज्ञान में कोई रुचि या विश्वास के चलते।

नफरत फैलाने व विरोधी विचारधारा के लोगों को नीचा दिखाने की जल्दबाजी देखिये कि अभी चन्द्रयान-3 ने अपना काम चांद की सतह पर ठीक से प्रारम्भ भी नहीं किया था और आनन-फानन में सोशल मीडिया पर इस कामयाबी को अपनी झोली में डालने के लिये वे लोग उतर पड़े जो मानते हैं कि विकास 2014 के बाद ही हुआ है। कहा जा रहा है कि 'देश की वैज्ञानिक प्रतिभा का सही इस्तेमाल अब कहीं जाकर प्रारम्भ हुआ है।' इसके पहले भारतीय अंतरिक्ष शोध संगठन (इसरो) के अस्तित्व को नकारना तो उनके लिये सम्भव नहीं था लेकिन बहुत चालाकी बरतते हुए संस्थान के आगे बढ़ने का श्रेय विक्रम साराभाई को दिया गया- माइनस जवाहरलाल नेहरू का नैरेटिव गढ़ते हुए। यह जानते हुए भी कि इसरो उन्हीं की देन है लेकिन उन्हें श्रेय न देकर वे अपने उन राजनैतिक आकाओं को खुश करना चाहते होंगे जिन्होंने हाल ही में दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू संग्रहालय का ही नाम बदल डाला है। एक पूरा समूह बुधवार की शाम से विरोधी विचारधारा, खासकर कांग्रेस के शासनकाल व उसकी उपलब्धियों पर पिला पड़ा हुआ है। हालांकि ये लोग इस बात का जवाब नहीं दे पा रहे हैं कि अगर भारत सरकार की देश के वैज्ञानिक विकास में इतनी ही रुचि है तो अंतरिक्ष विज्ञान विभाग के 2023 के बजट में 32 प्रतिशत की कटौती क्यों की गयी है? जिसके कारण चन्द्रयान-3 और आदित्य एल-1 जैसी परियोजनाओं को 12500 करोड़ रुपये कम मिले। यह उससे पिछले साल की तुलना में 8 फीसदी कम राशि थी।

अगर बात सियासी मतभेदों तक सीमित होती तो बहुत दिक्कत नहीं थी क्योंकि कांग्रेस मुक्त नारे के साथ आई मौजूदा सरकार हर कदम पर पूर्ववर्ती सरकारों को नीचा दिखाने का कोई अवसर नहीं छोड़ती जो मानती है कि 2014 के पहले कुछ विकास ही नहीं हुआ था। इस उपलब्धि का सबसे दुखद दुरुपयोग वैसा ही हो रहा है जिसकी आशंका थी और जिसका देश आदी हो चुका है। नफ़रतियों ने चांद पर चन्द्रयान के उतरने को एक मज़हब के अनुयायियों पर जीत के रूप में पेश कर दिया है। इस आशय के मीम, संदेश और कार्टून सोशल मीडिया पर खूब वायरल किये जा रहे हैं कि 'कुछ देशों के तो केवल झंडों पर चांद है लेकिन भारत ने तो चांद ही फ़तह कर लिया है।' ये तो बहुत थोड़े से उदाहरण हैं। इस सफल चन्द्रयान-3 मिशन की आड़ में परस्पर वैमनस्य व घृणा का सैलाब ही सोशल मीडिया बह रहा है।

सभी को यह समझना होगा कि यह उपलब्धि पूरी तरह भारतीय तो है ही, सामूहिक भी है। किसी धर्म या राजनैतिक विचारधारा से इसका कुछ लेना-देना नहीं है। वैज्ञानिक शोध सार्वभौमिक होते हैं जिन पर किसी मज़हब या राजनीति से कोई लेना-देना नहीं होता। यदि हम अपनी इस महान उपलब्धि को इस प्रकार से सीमित करेंगे तो हमें इसके प्रति अन्य देशों से सम्मान की अपेक्षा नहीं करनी चाहिये। पहले हम तो इस कामयाबी का सम्मान करना सीखें। यह उपलब्धि देश की मेधा और समर्पण का एक बड़ा हासिल है और यह किसी एक वर्ग की नहीं समग्र मानव की उपलब्धि है। उसे वैसा ही लिया जाना चाहिये।

# क्या भारत ग्लासनोस्ट या पेरेस्त्रोइका के लिए तैयार है?

■ डॉ राजाराम त्रिपाठी (किसान नेता) एवं एम.राजेन्द्रन (स्वतंत्र पत्रकार)

इतिहास हमें बताता है कि उद्देश्य भले ही भविष्योन्मुखी और परिवर्तनकारी था, लेकिन अंतिम परिणाम हमारे विश्व की उस भूमि में रहने वाले 'लोगों' के लिए अच्छा नहीं था; जब 'सोवियत सोशलिस्ट रिपब्लिक' (यूएसएसआर) के पूर्व संघ ने ग्लासनोस्ट और पेरेस्त्रोइका का प्रयोग किया था, तब यही हुआ था।

वर्तमान में अपनी चमक खो चुके 'ग्लासनोस्ट' और 'पेरेस्त्रोइका' शब्द का इस्तेमाल मूल रूप से 1980 के दशक में पूर्व सोवियत संघ में राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचेव की नीतियों का वर्णन करने के लिए किया गया था।

यह बात अब छुपी नहीं है, कि भाजपा सरकार एक गंभीर नीति परीक्षण कर रही है। यह जांचने के लिए कि क्या भारत, यानी इंडिया, संविधान की मूल-अवधारणा व मूल-संरचना में बड़े बदलाव का सामना कर सकता है।

ऐसा प्रतीत होता है कि भारत के राजनीतिक नेता उस वास्तविकता को नजरअंदाज कर रहे हैं जब वे अपने कानूनी और आर्थिक थिंक टैंक के माध्यम से हमारे संविधान की उस 'मूल-अवधारणा' तथा 'मूल-संरचना' पर पुनर्विचार विचार करने का सुझाव देते हैं, जो आज भी प्रभावी रूप से न केवल जीवित है बल्कि उत्तरदायी भी है। 2014 में जो फुसफुसाहट दबी जुबान में शुरू हुई थी, वह 2023 में एक विचार प्रक्रिया की तरह दिखने लगी है, जिसकी सभी संचार प्लेटफार्मों पर भाजपा तथा उनके अनुषंगी संस्थानों, प्रतिष्ठानों द्वारा एकजुटता और दृढ़ता से वकालत की जा रही है।

विभिन्न शब्दकोशों के अनुसार, ग्लासनोस्ट 'सरकार को अधिक खुला और लोकतांत्रिक बनाने की नीति है'। -सीधे और एक शब्द में अगर कहें तो इसका मतलब है 'पारदर्शिता'। जबकि 'पेरेस्त्रोइका' एक शब्द है जिसका उपयोग 1980 के दशक के अंत में तत्कालीन सोवियत समाजवादी गणतंत्रों के संघ (यूएसएसआर) में बदलती राजनीतिक और सामाजिक संरचना का वर्णन करने के लिए किया जाता है- इसका सीधा सा अर्थ है 'पुनर्गठन'।

तब यूएसएसआर की चरमराती अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए यह दोनों नीतियां लागू की गईं, लेकिन 'यूएसएसआर' विघटित हो गया। अकादमिक और ऐतिहासिक रूप से यह सिद्ध हो चुका है कि कमजोर होते सामाजिक और आर्थिक परिवेश में किसी भी व्यवस्था की बुनियादी संरचना में कोई भी भारी बदलाव विनाश का सफल नुस्खा है। विश्व के प्रमुख धुरी राष्ट्र का पतन हो गया, और दर्जनों नए स्वतंत्र राष्ट्रों का उदय हुआ जो आज भी शांति, आर्थिक वृद्धि और विकास के लिए संघर्ष कर रहे हैं और इन हालातों में यह भी विचारणीय प्रश्न है कि ये राष्ट्र सही मायनों में आज कितने स्वतंत्र हैं।

संविधान सिर्फ कानूनों का संकलन मात्र नहीं होता- संविधान में परिवर्तन से पहले संविधान के समावेशी दर्शन को तथा उसमें अंतर्निहित नैतिक मूल्यों, आदर्शों को समझना जरूरी है। हर संविधान की मूल अवधारणा में निश्चित रूप से एक दर्शन समाविष्ट होता है, जैसे कि जापान की संविधान को 'शांति संविधान' कहा जाता है। किसी विशिष्ट मूल्य समूह से निर्देशित होकर संविधान में किसी परिवर्तन के बारे में सोचने के पूर्व हमें हमारे संविधान की बुनियाद जिन आदर्शों पर रखी गई है, उन्हें समझना होगा।

हमारे 'मूल अधिकार', 'नागरिकता', 'अल्पसंख्यक' एवं 'लोकतंत्र' से संबंधित प्रावधानों में किसी भी परिवर्तन के पूर्व हमें इनसे संबंधित संविधान सभा की बहसों और व्याख्याओं की रोशनी में देखना, समझना जरूरी होगा।

हमारी शासन व्यवस्था का चाल चरित्र चेहरा हमारे संविधान के बुनियादी अवधारणाओं के अनुरूप होना चाहिए।

**चुनाव जीतने के बाद पार्टियां और उसकी सरकारें यह भूल जाती हैं यह सत्ता संप्रभु जनता द्वारा उन्हें देश के कल्याणकारी संचालन हेतु दिया गया 5 साल का अस्थाई पट्टा है, देश और संविधान का कोई मालिकाना हक नहीं। 140 करोड़ लोगों में से 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज का मतलब यह है कि सरकार की नीतियां इन्हें रोजगार प्रदान करने में विफल हो गई है, और यह जनसंख्या अपने पेट भरने के लिए सरकारी भिक्षान्न पर निर्भर है?**

इसलिए हमारे संविधान की 'मूल संरचना' से कोई छेड़छाड़ होती है तो इसका मतलब साफ है कि हम एक बड़े सुनिश्चित संकट की ओर बढ़ रहे हैं।

इंडिया यानी भारत की वर्तमान स्थिति यह है- सरकार का दावा है कि वह भारत के 140 करोड़ लोगों में से 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज मुहैया कराती है। क्या इसका मतलब यह है कि सरकार की नीतियां उनमें से आधे को भी रोजगार प्रदान करने में विफल हो गई है और यह जनसंख्या अपने पेट भरने के लिए सरकारी भिक्षान्न पर निर्भर है? यह अस्सी करोड़ जनसंख्या बाजार से अनाज नहीं खरीद सकती, जिससे उनकी खरीदारी से आर्थिक विकास में मदद मिल सके? बेरोज़गारी 8 प्रतिशत से अधिक है, और देश के कई हिस्सों में आर्थिक विकास की संभावनाओं और सामाजिक अशांति पर विभिन्न सरकारी और विश्वसनीय अनुसंधान संस्थानों के आंकड़ों पर विरोधाभासी दावे हैं। हकीकत तो यही है कि ग़रीबी, भूख सूचकांक, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा आदि में हम कई पायदान नीचे गिरकर विश्व की अंतिम कतार में हैं। बांग्लादेश नेपाल जैसे हमारे छोटे-छोटे पड़ोसी देश भी कई मायनों में हमसे आगे निकल गए।

ऐसी परिस्थितियों में, मान लीजिए कि सरकार मौजूदा जीवंत संविधान को खत्म कर देती है या एक नए प्रावधानों के साथ संविधान में बड़े पैमाने पर संशोधन करती है। जिसका उद्देश्य नए नियम निर्धारित करना ह' यह दिखाएगा कि सरकार ने इतिहास से दरअसल कुछ भी नहीं सीखा है।

हाल ही में बिना किसान तथा किसान संगठनों से कोई चर्चा किए देश की खेती और किसानों के कल्याण और पुनरोद्धार के नाम पर लाए गए 3-तीन नए कृषि-कानूनों की मंशा को भांपकर देश के किसानों ने एकजुटता और ऐतिहासिक आंदोलन के दम पर, नए कानूनों के विनाशक जिन्न को वापस बोतल में बंद तो कर दिया पर खतरा अभी टला नहीं है।

सरकार और उसके कानून निर्माता सोचते हैं कि वे लोगों द्वारा दिए गए 10 वर्षों के जनादेश के आधार पर ऐसा कर सकते हैं। यहां तक कि ईस्ट इंडियन कंपनी और एक हद तक ग्रेट ब्रिटेन की रानी ने भी भारत के लोगों द्वारा अपने शासकों के माध्यम से दिए गए पट्टे पर भारतीय धरती पर अपना संचालन शुरू किया।

आजादी के बाद, यहां तक कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने भी पिछले कई मौकों पर यह गलती की, लोगों के जनादेश का सम्मान करने में गलती की, यह भूल गए कि यह देश की जनता द्वारा प्रदत्त एक 'अस्थायी पट्टा' था। उन सभी कांग्रेसी नेताओं ने तो इसकी भारी कीमत चुकाई। लेकिन उनकी गलतियों का देश और देश के लोगों को भी नुकसान उठाना पड़ा।

चुनाव जीतने के बाद पार्टियां और उसकी सरकारें यह भूल जाती हैं यह संप्रभु जनता द्वारा उन्हें देश के कल्याणकारी संचालन हेतु दिया गया 5 साल का अस्थायी पट्टा है, देश और संविधान का कोई मालिकाना हक नहीं।

हमारे मौजूदा संविधान का एक लंबा इतिहास है, जो 9 दिसंबर, 1946 को संविधान सभा की स्थापना तक सीमित नहीं है। भारत के लोगों ने उस समय भारत पर शासन करने वाली सरकार के दबाव में 1773 के विनियमन अधिनियम को स्वीकार किया था।

यह कहना ऐतिहासिक रूप से गलत नहीं होगा कि भारतीय संविधान की उत्पत्ति 1773 के उस अधिनियम से शुरू हुई, जिसमें बहुसंख्यक आबादी को कोई अधिकार नहीं था।

अब हम 2023 तक तेजी से आगे बढ़ते हैं। हमारे संविधान की बुनियादी संरचना में सुधार के बारे में सत्ता, मीडिया और अकादमिक हलकों के गलियारों में जो सुगबुगाहट हो रही है, और उसकी आवाज गांव और कस्बों तक भी पहुंचनी चाहिए। क्योंकि, यह भारत के लोगों, यानी भारत के लिए एक अच्छा शगुन नहीं है।

इंडिया यानी भारत आज वैसी ही दुर्दशा का सामना कर रहा है जैसी 1773 में देखी गई थी। क्या हम भूल सकते हैं कि 1773 का रेगुलेटिंग एक्ट, जिसे 1772 का ईस्ट इंडिया कंपनी एक्ट भी कहा जाता है, वह ग्रेट ब्रिटेन की संसद का एक अधिनियम था। जिसका उद्देश्य भारतीय क्षेत्र में ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन के प्रबंधन में आमूल-चूल परिवर्तन करना था। तकनीकी रूप से, यह कंपनी पर संसदीय नियंत्रण और 'भारत में केंद्रीकृत प्रशासन' की दिशा में पहला कदम था।

ब्रिटिश सरकार ने तब संसद में, जो तर्क इस एक्ट के सफाई में दिये थे- यह ईस्ट इंडिया कंपनी के 'अधिकारियों' द्वारा भ्रष्टाचार और लोगों और संपत्ति का कुप्रबंधन को खत्म करने के हेतु है, ऐसे ही कुछ थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इससे महारानी और ग्रेट ब्रिटेन की गौरवशाली छवि धूमिल हो रही है।

क्या यह ग्रेट ब्रिटेन की संसद की वास्तविक चिंता थी या भारत अर्थात इंडिया पर कब्ज़ा करने का बहाना था?

क्या तब भारत के लोगों के लिए नियम बनाने के तर्कों और अब भारतीय संविधान में बदलाव के लिए सूचीबद्ध किए जा रहे कारणों में कोई समानता है? क्योंकि अगर यह ब्रिटिश शासकों की हमारी और हमारे देश की कोई वास्तविक चिंता होती, तो वे अपने एजेंडे के अनुरूप व्यवस्थाओं को बदलकर अगले 174 वर्षों तक हमारे देश को नहीं लूटते। यह निश्चित रूप से इंडिया यानी भारत के लोगों के व्यापक हित में नहीं था।

इतिहास गवाह है कि बदलाव सदैव कल्याणकारी साबित नहीं होते। इसलिए भारत के पहले से ही नाजुक सामाजिक-आर्थिक पारिस्थितिकी तंत्र में बदलाव या नए बदलाव लाने की शक्ति हासिल करने के बहाने के नतीजों से भी लोगों को सावधान रहना चाहिए। क्योंकि इसके दुष्परिणाम अंततः भारत के लोगों यानी भारत को ही भुगतने पड़ेंगे।

# सीबीआई, ईडी को पीएमओ की निगरानी में लाना सत्ता का खुला दुरुपयोग

■ के रवीन्द्रन

प्रधानमंत्री मोदी की सरकार द्वारा चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीओ) और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) की तर्ज पर भारत के मुख्य जांच अधिकारी (सीआईओ) का एक नया पद बनाने का कथित कदम सर्वोच्च न्यायालय को दरकिनार करने का एक ज़बरदस्त प्रयास है। यह एक संपार्श्विक लक्ष्य के रूप में और सत्तारूढ़ दल के रूप में प्रमुख जांच एजेंसियों के उपयोग को संस्थागत बनाना है, या अधिक सटीक रूप से कहें तो, एक नापाक डिजाइन के हिस्से के रूप में इसे पीएमओ का राजनीतिक उपकरण बनाना है।

रिपोर्टों के मुताबिक, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के प्रमुख नये अधिकारी को रिपोर्ट करेंगे, जैसे तीनों सेनाओं के प्रमुख सीडीएस और दो खुफिया एजेंसियों के प्रमुख एनएसए को करते हैं।

इस कदम को इस संदर्भ में देखा जाना चाहिए कि सर्वोच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय के प्रमुख के रूप में संजय मिश्रा के कार्यकाल के विस्तार को 'अवैध' माना था, जबकि अदालत ने इस तरह के विस्तार की अनुमति नहीं दी थी।

सरकार ने 2021 में कानून में एक संशोधन के तहत अपना बचाव करने की कोशिश की थी, जिसमें सीबीआई और ईडी के प्रमुखों को अधिकतम पांच साल तक के विस्तार की अनुमति दी गई थी, लेकिन अदालत ने कहा कि कानून का इस्तेमाल उसके फैसले को रद्द करने के लिए नहीं किया जा सकता है।

**केंद्र अपना हिसाब-किताब बराबर करने के लिए राष्ट्रीय और राज्यों दोनों स्तरों पर राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का चयनात्मक रूप से उपयोग कर रहा है। इतना कि विपक्षी दलों ने राजनीतिक नेताओं की मनमानी गिरफ्तारी के खिलाफ सुरक्षा की मांग करते हुए सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया था।**

हालांकि, शीर्ष अदालत ने मोदी सरकार की इस दलील के मद्देनजर मिश्रा को 15 सितंबर तक पद पर बने रहने की अनुमति दे दी कि 'व्यापक सार्वजनिक और राष्ट्रीय हित' के लिए उनका पद पर बने रहना आवश्यक है, क्योंकि वह अमेरिकी वित्तीय कार्रवाई कार्य बल के साथ बातचीत के लिए जिम्मेदार थे, जो कुछ पड़ोसी देशों जिसमें पाकिस्तान भी शामिल है, की मांग के मद्देनजर भारत के मामले की समीक्षा कर रहा है। उनकी मांग है कि भारत को 'ग्रे सूची' में डाला जाये। लेकिन इसने मिश्रा के लिए पूर्ण तीसरे कार्यकाल की मांग को खारिज कर दिया, जिन्हें मोदी सरकार सबसे आज्ञाकारी अधिकारी मानती है।

यह व्यापक रूप से देखा गया है कि केंद्र अपना हिसाब-किताब बराबर करने के लिए राष्ट्रीय और राज्यों दोनों स्तरों पर राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का चयनात्मक रूप से उपयोग कर रहा है। इतना कि विपक्षी दलों ने राजनीतिक नेताओं की मनमानी गिरफ्तारी के खिलाफ सुरक्षा की मांग करते हुए सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया था।

जहां एक ओर सर्वोच्च न्यायालय ने विपक्षी नेताओं की इस मांग को इस आधार पर खारिज कर दिया था कि गिरफ्तारी के मामले में राजनेताओं पर विशेष प्रावधान नहीं किया जा सकता है, वहीं मिश्रा के विस्तार से संबंधित मामले में उसके रुख से पता चलता है कि वह अच्छी तरह से जानती है कि देश में इस संबंध में क्या चल रहा है।

केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग के मामले को समझना कोई रॉकेट साइंस नहीं है और फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स की समीक्षा विवादास्पद ईडी निदेशक की केंद्र के गंदे कामों के लिए निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने का एक बहाना मात्र है। यदि विचार एफएटीएफ की समीक्षा को सुविधाजनक बनाने के लिए था, तो सरकार उन्हें विशेष कर्तव्य पर एक अधिकारी के रूप में नियुक्त कर सकती थी, लेकिन वह जो परिकल्पना करती है वह पूरी तरह से अलग व्यवस्था है।

नई व्यवस्था के तहत, प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई दोनों का परिचालन पर्यवेक्षण नये अधिकारी को सौंपा जायेगा, जो सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय को रिपोर्ट करेगा, जिसकी गतिविधियां केंद्रीय एजेंसियों से जुड़े कई मामलों में संदेह के दायरे से ऊपर नहीं रही हैं।

मौजूदा व्यवस्था के अनुसार, दोनों एजेंसियां स्वतंत्र रूप से काम करती हैं। ईडी केंद्रीय वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के तहत काम करती है और सीबीआई कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के तहत काम करती है। जबकि तकनीकी रूप से दोनों संबंधित प्रशासनिक मशीनरी के अधीन बने रहेंगे, एक सामान्य प्रमुख की नियुक्ति एजेंसियों को राजनीतिक शक्तियों की इच्छाओं के प्रति अधिक लचीला बनाती है।

परिवर्तन के लिए उद्धृत प्रत्यक्ष कारण ईडी और सीबीआई की जांच के क्षेत्रों में ओवरलैपिंग का जोखिम है। जबकि ईडी मुख्य रूप से वित्तीय धोखाधड़ी पर ध्यान केंद्रित करता है, जिसमें मनीलॉन्ड्रिंग और फेमा उल्लंघन से संबंधित मामले शामिल हैं, ऐसे मामलों की कोई कमी नहीं है जहां सीबीआई भ्रष्टाचार और अन्य आर्थिक अपराधों को भी उठाती है। एक साझा प्रमुख काफी तालमेल लाने में मदद करेगा, लेकिन इसके परिणामों को देखना मुश्किल नहीं है।

राजनीतिक असहमति को कुचलने और 'प्रतिनिधि लोकतंत्र के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाने' के लिए जांच एजेंसियों का खुला दुरुपयोग किया गया है। एजेंसियों का इस्तेमाल कथित तौर पर खरीद-फरोख्त को बढ़ावा देने के लिए भी किया जा रहा है ताकि राज्यों में भाजपा समर्थक व्यवस्थाएं स्थापित की जा सकें।

महाराष्ट्र, कर्नाटक और अन्य राज्यों में जो हुआ उससे हम सभी परिचित हैं, जहां केंद्र में सत्तारूढ़ दल के पक्ष में स्थिति को बदलने के लिए केंद्रीय एजेंसियों को एक राजनीतिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया गया है।

यह बताया गया है कि जहां 2004 से 2014 के बीच सीबीआई द्वारा जांच किये गये 60 प्रतिशत से कम राजनीतिक नेता विपक्षी दलों से थे, वहीं मोदी सरकार के तहत 95 प्रतिशत से अधिक मामलों में विपक्षी राजनेताओं को निशाना बनाया गया। यही पैटर्न ईडी के मामले में भी है, जिसमें 95 प्रतिशत जांच राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाते हुए देखा गया है।

## पावन प्रसंग

# व्यक्ति और समाज के बीच समन्वय

मनुष्य जीवन का निर्माण ही कुछ इस तरह से हुआ है कि वह न तो अपने आप में पूर्ण है और न सर्वथा आत्मनिर्भर। हम सबको अपनी जीवन यात्रा पूरी करने के लिए एक दूसरे के सहयोग एवं सहायता की आवश्यकता होती है। अकेले एकाकी जीवन चला लेना हमारे किसी एक के लिए संभव नहीं है। हमारे जीवन का आधार हमारी सामूहिक भावना ही है। इसी भावना के बल पर मानवों की उन्नति और मानव सभ्यता का विकास हुआ है। यदि यही सामूहिक भावना न रही होती, सहायता, सहयोग और पारस्परिकता का अभाव रहा होता तो आज हम अपने को जिस उन्नत दशा में देख रहे हैं, उसमें न देखते, बल्कि अन्य पशुओं की भांति ही असंस्कृत तथा असभ्य जीवनयापन कर रहे होते। हम में यथार्थ मनुष्यता का विकास, सहयोग एवं सामूहिक भावना के आधार पर ही हुआ है, और पुनः इसको सुरक्षित एवं विकासशीलता रखने के लिए इसी आधार को दृढ़ तथा स्थायी बनाना होगा।

आज हम मनुष्य को जिस सुख-सुविधापूर्ण व्यवस्थित जीवन में देख रहे हैं, उसका सारा श्रेय उसकी उस सामूहिक एवं परस्पर सहयोग की भावना को ही है। मनुष्य ने इस ऊबड़-खाबड़ धरती को अपने निवास के योग्य बनाया है। बड़े-बड़े पर्वतों, जंगलों और सागरों में घुसकर जीवन-निर्वाह के साधन खोज निकाले हैं। कृषि और उद्योग धंधों का जो विकास किया है, वह क्या एक-एक करके किन्हीं अकेले मनुष्यों ने किया है? नहीं, निश्चित रूप से नहीं। यह उसकी वह सामूहिक एवं सामाजिक चेतना ही थी, जिसको आधार बनाकर वह जीवन पथ पर आगे बढ़ा है। जिस प्रकार आदिम युग में सामूहिक भावना की आवश्यकता थी, वैसे ही विकसित युग में भी उसकी आवश्यकता है। यह बड़े-बड़े कारोबार, कल-कारखाने, बड़ी-बड़ी योजनाएं और बड़े-बड़े निर्माण क्या बिना सहयोग के चल सकते हैं? संसार की वर्तमान व्यवस्था और उपस्थित उपलब्धियां तब तक ही ठहरी हुई हैं, जब तक संसार में सामाजिक चेतना का महत्व बना हुआ है। मनुष्य तब तक ही मनुष्य रूप में रह रहा है, जब तक उसकी सामाजिक चेतना सुरक्षित है, उसकी भावनाएं व्यापक एवं सार्वभौमिक हैं। अपने अस्तित्व के इस आधारभूत तथ्य का त्याग करते ही मानव सभ्यता का प्रलय हो जाएगा और आदिम कालीन बर्बर युग का शुभारंभ शुरु हो जाएगा। अब ऐसी स्थिति में जो मनुष्य केवल अपने तक ही सीमित रहकर व्यक्तिगत हानि-लाभ पर ही दृष्टि रखता है, वह समाज का विरोधी उसका शत्रु और अहित चिंतक है। सामाजिक चेतना ही मनुष्य में मनुष्यता का लक्षण है, वैसे वह भी अन्य जीवों की तरह ही एक जीव है।

हम सब अब एक सभ्य संसार के सुसंस्कृत मानव समाज के सदस्य हैं। इस सत्य से न तो इंकार किया जा सकता है और न इस सहज दायित्व से त्यागपत्र दिया जा सकता है। अस्तु, हम सब अपने इस महान दायित्व का पालन करने के लिए विवश हैं। अब जो दायित्व अनिवार्य है, अपरिहार्य है तो उसको खुशी-खुशी क्यों न निभाया जाए। हम क्यों न एक शिष्ट, सभ्य और सच्चे नागरिक बनें? इसी में हमारी और हमारे समाज की शोभा, सुरक्षा एवं स्वस्ति है। हम सब सबसे सभ्य, सच्चे नागरिक हैं इसकी प्रामाणिकता के लिए हमारा कर्तव्य है कि हम अपनी व्यक्तिगत सुख-सुविधा और मान-प्रतिष्ठा के लिए समाज पर ऐसा कोई आघात न करें, जिससे उसकी शक्ति क्षीण हो, उसमें विशृंखलता अथवा निर्बलता आए। ऐसा कोई भी काम करना हमारे लिए अवांछनीय है, जिससे समाज में अशांति अथवा असुरक्षा की भावना बढ़े। हमारा नैतिक, सामाजिक तथा धार्मिक कर्तव्य है कि हम अपने सुख को पीछे रखकर समष्टिगत मंगल की कामना करें। स्वार्थ को त्यागकर परमार्थ को ग्रहण करें।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# भारत के वैज्ञानिकों की उपलब्धि असाधारण, जश्न में डूबा भारत

चांद के दक्षिण ध्रुव पर चन्द्रयान -3 की लैंडिंग के बाद भारत ने इतनी बड़ी खुशी कभी नहीं महसूस की होगी जितनी इस बार देखने को मिली है। भारत माता के जयकारों से गली-मोहल्लों में जश्न का माहौल है। चन्द्रयान मिशन टॉक ऑफ टाउन हो गया है। चौक-चौराहो पर चन्द्रयान- 3 की सफलता की बात होती सुनाई दे रही है। बड़े, बच्चे और वृद्ध की जुबान पर चन्द्रयान की बात है। यह भारत के वैज्ञानिकों की अथक मेहनत रंग लाई है। मोदी ने इस कामयाबी पर इसरो को बधाई देते हुए भारत के 140 करोड़ लोगों को भी चन्द्रयान-3 की लैंडिंग की सफलता पर बधाइयां दीं। विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर जानकारी भेजेंगे। रोवर जानकारी उपलब्ध कराने के बाद चन्दमा की सतह पर जीवन की संभावना की जानकारी हासिल हो सकेगी। चन्द्रयान मिशन भारत की इस उपलब्धि से दुनिया नतमस्तक हो चुकी है। भारत की इमेज में चार चांद लग गया है। चंदामामा दूर के- इस अवधारणा को वैज्ञानिकों ने मन में पलने वाले भ्रम को तोड़कर भारत को प्रसिद्धि दिलाई है। सौर मंडल के राज खोलने में चन्द्रयान की अहम भूमिका रहेगी। भारत को दुनिया का ध्रुव तारा करार दिया जा रहा है। पश्चिमी देशों की दृष्टि पूर्व की तरफ है। दुनिया भारत के पांव पखारने के लिए लालायित है। हर मिशन की कामयाबी महान संस्कृति की परिचायक है जिसका लोहा दुनिया ने माना है। भारत को गरीब और बेचारा देश समझने वालों के गाल पर करारा तमाचा है। दुनिया में भारत की यह कामयाबी देशवासियों की है। आस्था और लगन से दूरदर्शी मकसद को सफल बनाने का कार्य देश की जनता ने किया है। भारत कभी पीछे मुड़कर नहीं देखता है। चांद के बाद मिशन सूरज के लिए वैज्ञानिक तैयारी कर रहे हैं। सूरज तक पहुंचने की आदित्य-1 की लॉन्चिंग हो सकती है। 378 करोड़ के अनुमानित खर्च से नवनिर्मित आदित्य-1 की लॉन्चिंग के बाद भारत विश्व का पहला देश होगा, जिसकी कामयाबी का कोई सानी नहीं है। सूर्य की निगरानी के लिए भेजे जा रहे इस आदित्य-1 उपग्रह के सभी उपकरणों का परीक्षण पूरा हो गया है। सूर्य को जानने के लिए अमेरिका ने करीब 22 मिशन भेजे सबसे ज्यादा नासा ने भेजा है। दुनिया में भारत का डंका बज गया है। अब चीन जैसे देश भारत से सौ कदम दूर रहने की सोच रहा है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
शुक्रवार 25 अगस्त 2023

**उल्टा पुल्टा**

बॉयफ्रेंड ने अपनी शेखी बघारते हुए गर्लफ्रेंड से कहा- मेरे पापा के सामने सब लोग कटोरा लेकर खड़े रहते हैं। गर्लफ्रेंड ने अचंभित होकर पूछा- आखिर तुम्हारे पापा करते क्या है?? बॉयफ्रेंड ने धीरे से कहा- वो, गोलगप्पे बेचते है।

## संपादकीय

# यही है जोश में होश गंवाना

*मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सरगुजा संभाग के युवाओं से भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के बीच कांग्रेस में एक नए राजनैतिक बवाल की चर्चा भी खूब रही। यह बवाल अम्बिकापुर सीट से दावेदारी को लेकर हुई। ऐसा प्रतीत हुआ कि यह बवाल जानबूझकर खड़ा किया गया। छत्तीसगढ़ विधानसभा की 9 सीटों में से जिन सीटों पर एक ही उम्मीदवार होने की स्थिति दिखाई दे रही थी, उनमें अम्बिकापुर की सीट भी शामिल है, जहां से उपमुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव विधायक हैं। उनके कद का कोई दूसरा नेता कांग्रेस में नहीं है इसलिए माना जा रहा था कि वहां से वे अकेले उम्मीदवार हो सकते हैं, लेकिन अम्बिकापुर से ही राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष गुरूप्रीत सिंह बाबरा ने दावेदारी पेश कर दी। कांग्रेस के लोगों को उनकी दावेदारी रास नहीं आई और उन्होंने गुरूप्रीत के पोस्टर पर सफेदी पोत दी। सरगुजा में कांग्रेस की गुटबाजी कोई नई नहीं है। कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन के उद्घाटन के समय भी बड़ा विवाद खड़ा हो गया था। कांग्रेस के आला नेताओं को भी पता है कि इस तरह के विवाद के पीछे कौन लोग हैं, लेकिन विवाद को नजरअंदाज करके चलने की कोशिश होती आ रहा है। जब कुछ माह बाद चुनाव होने वाले हैं, इस गुटबाजी का खामियाजा कांग्रेस को भारी पड़ सकता है। राज्य में कांग्रेस सत्ता में है और पार्टी के लोग चुनावों को लेकर जोश से भरे हुए हैं। उन्हें लग रहा है कि कांग्रेस की दोबारा सरकार बनने वाली है। चुनाव कभी भी किसी के लिए आसान नहीं होते, इसका सिर्फ अनुमान ही लगाया जा सकता है। चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में कड़े मुकाबले की स्थिति बताई जा रही है। ऐसी स्थिति में पार्टी चाहे कोई भी हो, गुटबाजी को सतह पर लाने की कोशिश जोश में होश गंवाने की तरह ही है, जैसा अम्बिकापुर में कांग्रेस में दिखाई दे रहा है। इस सीट से गुट विशेष से की गई दावेदारी की दूसरी वजह भी है, जिसे ऐसा उभारने की कोशिश की गई है। एक समय स्वयं श्री सिंहदेव ने यह कहकर सनसनी फैला दी थी कि इस बार चुनाव लड़ने का पहले जैसा मन नहीं हो रहा है। इसके बाद ये कयास लगने लगे कि वे इस सीट से अपने भतीजे को सामने ला सकते हैं। श्री सिंहदेव राजनैतिक रूप से अपना असंतोष जाहिर करते रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर इसकी चर्चा होती रही है। चुनावों के कुछ माह पहले उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाए जाने को भी उनके असंतोष को दूर करने की कोशिश के रूप में देखा गया। सब जानते हैं कि पिछले चुनाव में उन्होंने कांग्रेस की जीत में कैसी भूमिका अदा की थी। वे चुनाव की कमान थामने वाले नेताओं में एक थे। सरगुजा संभाग में तो सभी 14 सीटें जीतकर कांग्रेस भाजपा को पूरी तरह उखाड़ फेंका था। ऐसे नेता की सीट से किसी की दावेदारी क्या मायने रखती है, लेकिन दावेदारी की गई। यह बात दीगर है कि टिकट का फैसला पार्टी हाईकमान को करना है, किसी की दावेदारी करने या न करने का कोई असर नहीं होने वाला है। पार्टी उसे ही टिकट देगी जो जीतने का दमखम रखता है। भले ही कांग्रेस के लोग अपनी स्थिति मजबूत मानकर चल रहे हों पर अच्छे नतीजे के लिए उन्हें इसके बावजूद एक रहने या कम से कम एक दिखने का प्रयास तो करना ही चाहिए।*

# इमलीभाठा में दो युवकों की हत्या

## प्रेमप्रसंग से जुड़े विवाद में पहले एक को मारा, गुनाह अपने सिर नहीं लेने पर साथी को भी मार डाला

### चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार







**बिलासपुर**,24 अगस्त (देशबन्धु)। शहर के सरकण्डा थाना क्षेत्र के इमलीभाठा में प्रेम-प्रसंग को लेकर उठे विवाद में पांच युवकों ने मिलकर एक युवक की हत्या कर दी। बाद में हत्या की जिम्मेदारी युवकों ने एक साथी के सिर मढ़ने की कोशिश की और जब उसने ऐसा करने से मना किया तो उसकी भी हत्या कर दी। एक ही दिन दो युवकों की लाश मिलने से मोहल्ले में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

शहर के थाना सरकंडा क्षेत्र के इमली भाटा में राजेन्द्र नगर के रहने वाले एक युवक का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान राजेश रावत के रूप में हुई है। जो तहसील में साइकिल स्टैंड में काम करता था। जानकारी मिली है की मृतक का इमलीभाटा की एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था और उससे मिलने अटल आवास आया था। राजेश रावत का अटल आवास आने पर वहां के स्थानीय नशेड़ी युवको ने विरोध किया जिस पर आपस में बहस होने पर नशेड़ी युवको ने रावत पर लाठी डंडो और धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में मृतक राजेश के पेट एवं सिर पर गंभीर चोट लगने से राजेश की मौके पर मौत हो गई।

इस घटना के वक्त मारपीट करने वाले आरोपियों के साथ रतनपुर का भी एक युवक नान दाऊ मौके पर मौजूद था जिसे मुख्य आरोपी बड़का यादव ने हत्या की जिम्मेदारी लेने के लिए कहा लेकिन नान दाऊ ने इनकार कर दिया जिसके बाद आरोपियों ने अपने दोस्त नानदाऊ पर भी हथियार से हमला कर दिए। गंभीर चोट के बाद भी किसी तरह नान दाऊ वहां से अपनी जान बचा कर भाग गया लेकिन आज सुबह पुलिस को उसकी भी लाश घटना स्थल से कुछ दूरी पर झाड़ियों में मिली। सरकंडा पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोप बड़का यादव सहित राममोहन बंजारे, रमजान खान, गौतम सारथी उर्फ गप्पी को हिरासत में लाया है सभी इमलीभाटा अटल आवास के रहने वाले है।

## सार-संक्षेप



### डीपी विप्र महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी को मिला प्रशस्ति पत्र

**बिलासपुर**,24 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी के तत्वाधान में एनसीसी कैडेट्स ने 15 अगस्त के राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर माननीय छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स के द्वारा ड्रिल एवं मार्च पास्ट में प्रदर्शन कर कार्यक्रम को गरिमामय किया। उक्त कार्यक्रम के दौरान सम्मिलित सहयोग हेतु डीपी विप्र महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट आशीष शर्मा को प्रशस्ति पत्र एवं परेड में शामिल समस्त कैडेट्स को प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अंजू शुक्ला, डा मनीष तिवारी, डा एम एस तंबोली, डा विवेक अंबलकर ,प्रो निधिष चौबे ,प्रो किरण दुबे समस्त प्राध्यापकों ने शुभकामनाएं दी।

### कोसरिया यादव समाज का प्रतिनिधिमंडल पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से मिला



**बिलासपुर**,24 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के निवास में कोसरिया यादव समाज का प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि मंडल प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य माधव कुंवर सिंह यादव,राजेश यादव एवं सुरेश कुमार यादव जिलाध्यक्ष बिलासपुर, चंद्रहास यादव जिलाध्यक्ष बालोद,व विनोद यादव जिलाध्यक्ष महासमुंद (बागबाहरा) के सामूहिक नेतृत्व में मिला। कोसरिया यादव समाज ने पूरे प्रदेश में यादवों को भी राजनीतिक प्रतिनिधित्व प्रदान करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री से अनुरोध किया। जिलाध्यक्ष महासमुंद विनोद यादव ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस पार्टी की तरह भारतीय जनता पार्टी को भी यादव समाज के राजनैतिक दक्ष लोगों को विधानसभा में उम्मीदवार बनाकर यादवों को साधना होगा। जिस तरह कांग्रेस पार्टी के तीन यादव उम्मीदवारों को समाज ने जीत दिलाया उसी प्रकार से भारतीय जनता पार्टी से भी घोषित यादव प्रत्याशियों को भी यादव समाज कृत संकल्पित होकर जीत दिलाएगा। विनोद यादव ने आगे कहा कि पूरे प्रदेश में संख्या अनुपात में भारतीय जनता पार्टी से जब तक यादव को उम्मीदवारी नही दी जाएगी तब तक यादव समाज का राजनीतिक सम्मान नही हो सकता। कोसरिया यादव समाज के प्रतिनिधि मंडल में कम से कम एक सीट का उम्मीदवार कोसरिया समाज के होनहार युवा नीतीश मोंटी यादव जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 02 बालोद को उनके गृह क्षेत्र गुंडरदेही विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार बनाने की मांग किये हैं। डॉ रमन सिंह ने मुलाकात के खुशनुमा माहौल में सामाजिक प्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया और कहा कि हम ज्यादा यादव उम्मीदवारों के तरफ विचार कर रहे हैं। यादव समाज से मुलाकात के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री काफी खुश नजर आए एवम पूरी गंभीरता से बातों को ध्यानपूर्वक सुने। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से माधव कुंवर सिंह यादव ,राजेश यादव प्रांतीय कार्यकारिणी रायपुर ,चंद्रहास यादव जिलाध्यक्ष बालोद ,सुरेश यादव जिलाध्यक्ष बिलासपुर, महेश यादव मंडल अध्यक्ष भाजपा राजनांदगांव, विनोद यादव (बागबाहरा)अध्यक्ष महासमुंद,भुनेश्वर यादव अध्यक्ष सिरपुर महासभा अनिल यादव दुर्ग,खिलेश यादव जनपद सदस्य पाटन, अशोक यादव बालोद एवम गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के दावेदार नीतीश (मोंटी) यादव के साथ बहुत से यादव समाज के प्रमुख मौजूद रहे।

# हाइवा ने बाइक सवार को कुचला,मौके पर मौत





**बिलासपुर**,24 अगस्त (देशबन्धु)। गुरुवार को तोरवा क्षेत्र में छठ घाट रोड पर स्थित गुंबर पेट्रोल पंप के सामने हाइवा ने बाइक सवार को कुचल डाला। बाइक सवार कुटी पारा निवासी युवक की मौके पर ही मौत हो गई ।

प्रत्यक्षदर्शियोंने बताया कि मृत युवक अपनी पल्सर बाइक पर जा रहा था कि तभी श्याम ग्लोबल के हाईवे ने उसे टक्कर मारी और उसके ऊपर से गुजर गया, जिससे मौके पर ही युवक की मौत हो गई। सड़क हादसे की खबर पाकर पुलिस मौके पर पहुंची है जो मर्ग पंचनामा कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

# आवारा पशुओं में रेडियम बेल्ट लगाने व टैगिंग कार्य जारी

### अब तक 1828 पशुओं को लगाया गया रेडियम बेल्ट

**बिलासपुर**,24 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य शासन के निर्देशानुसार नेशनल एवं स्टेट हाईवे में घुमंतू पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सड़क में घूम रहे पशुओं में रेडियम बेल्ट एवं ईयर टैग लगाने का कार्य निरंतर जारी है। इसके साथ ही इन पशुओं को मुख्य मार्गों से गोठानों एवं गौशालाओं में विस्थापित किया जा रहा है।

पशु चिकित्सा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उक्त कार्यों के लिए गठित 10 समितियों द्वारा बिलासपुर-रायपुर, बिलासपुर-रायगढ़ नेशनल हाईवे एवं बिलासपुर-सीपत एवं मोपका-सेंदरी बायपास मार्ग में विचरण करने वाले 1828 पशुओं में रेडियम बेल्ट लगाया गया है।

इसी प्रकार 1360 पशुओं में टैगिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है। 1081 पशुओं को जिले के विभिन्न गोठानों एवं गौशालाओं में विस्थापित किया गया है। 22 बैलजोड़ी इकाई को बैगा हितग्राहियों को कृषि कार्य हेतु वितरित किया गया है एवं 304 पशुओं को गोठानों से पशुपालकों को सुपुर्द किया गया।

# चोरी के 5 बाइक बरामद, दो गिरफ्तार

### सिम्स के पार्किंग से करते थे चोरी

**बिलासपुर**,24 अगस्त (देशबन्धु)। सिम्स की पार्किंग से बाइक चोरी करने वाले बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने उस वक्त चोरी को अंजाम दिया जब वाहन स्वामी अपने बीमार भाई को देखने सिम्स आया था। आरोपीगण आदतर चोर है जिसके कब्जे से पूर्व में चारी की गई 3 बाइक और ज' किया गया। आरोपियों का नाम राजु केंवट और साहेल गुप्ता है जो जबड़ापारा सरकंडा के रहने वाले हैं।

प्रार्थी विक्रम उरमलिया उम्र 25 वर्ष ने 7 अगस्त को सिटी कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज करई थी, जिसमें बताया कि वह 1अगस्त की रात 11 बजे अपने भाई आकाश बडा जो सिम्स अस्पताल में भर्ती था, को देखने आया था । प्रार्थी अपनी बाइक को सिम्स के पॉकग में खडी कर अस्पताल के अंदर चला गया। 2अगस्त को सुबह करीब 10.30 बजे पॉकग स्थल पर आकर देखा तो उसकी बाइक नही थी। आसपास के लोगो से पूछताछ की पता नही चला । जिसके बाद अज्ञात चोर के द्वारा बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।



प्रार्थी द्वारा मोटर सायकल चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर थाना स्तर पर टीम गठित कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। विवेचना के दौरान मुखबिर को सूचना मिली की एक व्यक्ति शनिचरी बाजार के पास मोटर सायकल बेचने हेतु ग्राहक तलाश रहा है। मुखबिर के निशानदेही पर मौके पर जाकर आरोपी राजू केवंट को घेराबंदी कर पकडा गया ।आरोपी से मोटर सायकल के संबंध में पूछताछ किया गया, जिसने पहले तो पुलिस को गुमराह किया गया, बाद में कड़ाई से पूछताछ करने पर सिम्स अस्पताल बिलासपुर से मोटर सायकल चोरी करना स्वीकार किया गया। आरोपी ने यह भी बताया कि वह अपने साथियो के साथ मिल कर सिम्स अस्पताल से लगातार मोटर सायकल चोरी करते आ रहा है। आरोपी के निशान देही पर आरोपी एवं उसके साथियो के कब्जे से 3 अन्य मोटर सायकल को जप्त किया गया। आरोपी राजू केवंट और सोहेल गुप्ता निवासी जबड़ापारा सरकंडा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। वहीं आरोपियों से जप्त मोटरसाइकिल की वाहन स्वामी की जानकारी जुटाई जा रही है।

# मोबाइल वेटरनरी सेवा शुरू, जिले के पशुपालक होंगे लाभान्वित

### पशु चिकित्सा एवं परामर्श हेतु टोल फ्री नम्बर 1962 जारी

**बिलासपुर**,24 अगस्त (देशबन्धु) ।राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पशुओं और गौवंश की सेहत का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में पशुओं के घर पहुंच उपचार के लिए गौवंश मोबाईल चिकित्सा यूनिट शुरू की गई है। इसी क्रम में कलेक्टर संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन में जिले के मस्तूरी, एवं बिल्हा विकासखण्ड मे मोबाईल वेटनरी यूनिट की सेवा शुरू करने के बाद आज विकासखण्ड तखतपुर और कोटा मे भी मोबाईल वेटनरी यूनिट की सेवा प्रारंभ हो गई है।



मस्तूरी विकासखण्ड के ग्राम पोड़ी, धनिया एवं बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम मंगला और कनेरी में पहुंच कर इस यूनिट से गौवंशीय पशुओं का इलाज किया गया और गौठान में मोबाईल यूनिट के माध्यम से पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण का शुभारंभ किया गया। जिले में कोई भी पशुपालक अपने पशुओं के बीमार होने पर इस मोबाईल वेटनरी यूनिट के माध्यम से बीमार पशुओं के इलाज करवा सकेंगे। मोबाईल वेटनरी यूनिट में पशुओं के चिकित्सक के साथ सहयोगी अमला भी मौजूद रहेंगे। हर विकासखण्ड के लिए एक मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई आबंटित की गई है, जिसका संचालन रोस्टर के आधार पर विकासखण्ड के हर गांव और गौठान तक पहुंचाने के लिए किया जाएगा। मोबाईल यूनिट सुबह 8 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक संचालित की जाएगी, जिसका लाभ कोई भी ग्रामीण कृषक एवं पशुपालक ले सकता है। इसके साथ ही जरूरत होने पर मोबाईल वेटनरी यूनिट वाहन के द्वारा दवाईयों और वैक्सीन आदि भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही मोबाइल वेटनरी मे पशुओं के टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान की भी व्यवस्था रहेगी।

पशु विभाग के संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. जीएसएस तंवर ने बताया कि जिले के चारों विकासखण्डों में विकासखण्ड नोडल अधिकारी एवं जिला स्तर पर भी जिला मोबाईल यूनिट नोडल अधिकारी नामांकित किये गये हैं। जिले के रोस्टर के अनुसार जिले में लगने वाले हाट बाजार को ध्यान मे रख कर बनाया गया है, जिसमें पूर्व से मुनादी कर वाहन में लगे टीवी के द्वारा सरल भाषा में योजनाओं की चलचित्र से योजनाओं का प्रचार-प्रसार कराया जाएगा। साथ ही वाहन में उपलब्ध प्रयोगशाला से बीमार पशुओं के रक्त एवं गोबर नमूने जांच कर तत्काल ईलाज की व्यवस्था है।

मोबाईल वेटनरी यूनिट के संचालन के लिए राज्य स्तर पर कॉल सेंटर भी स्थापित किया गया है। जिसका टोल फ्री नंम्बर 1962 है। जिस पर कॉल करके पशुपालक अपना पता और लोकेशन बता कर बीमार पशुओं के इलाज के लिए इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे। प्रतिदिन सुबह 8 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक यह कॉल सेंटर संचालित रहेगा। इस कॉल सेंटर से पशुपालकों को पशुधन विकास और पशु स्वास्थ्य संबधी गतिविधियों की जानकारी भी दी जाएगी। मोबाईल वेटनरी यूनिट मे जीपीएस सिस्टम भी लगाया गया है, जिससे राज्य स्तर पर मोबाईल यूनिट का ऑनलाईन रियल टाईम लोकशन भी प्राप्त किया जा सकता है। निश्चित ही पशु सेवा और उन्हें पहुंचाई जाने वाली सेवाओं के लिए यह मील का पत्थर साबित होगा।

# नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए फार्म भरने की तारीख 27 अगस्त तक बढ़ी

### बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक नर्सिंग और साइकियाट्रिक नर्सिंग पाठ्यक्रम में मिलेगा प्रवेश

**बिलासपुर**, 24 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय और निजी कॉलेजों में वर्ष 2023 शैक्षणिक सत्र में विभिन्न नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को 27 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है। अब इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन ऑनलाईन 27 अगस्त शाम 5 बजे तक भर सकते है। पहले यह तिथि 24 अगस्त निर्धारित थी। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इन ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों के माध्यम से बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक डिप्लोमा इन साइकियाट्रिक नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा। अभ्यर्थी चिकित्सा शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर लॉग इन कर आवेदन भर सकते है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग नर्सिंग पाठ्यक्रम काउसलिंग समिति के अध्यक्ष डॉ. देवप्रिय रथ से प्राप्त जानकारी के अनुसार नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन शुल्क भी निर्धारित किया गया है। अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को एक हजार रूपये और अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को पांच सौ रूपये आवेदन शुल्क देना होगा। अभ्यर्थियों को ऑनलाईन आवेदन के साथ ही संस्था का चयन भी करना होगा। संस्था चयन के लिए अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को ऑनलाईन आवेदन भरने के बाद लॉक और सबमिट करने के बाद भी अंतिम तिथि तक परिवर्तन की सुविधा रहेगी। ऐसे आवेदनों में परिवर्तनों के लिए एडिट शुल्क एक हजार रूपये अतिरिक्त जमा करना होगा। एडिट करते समय ई-मेल और मोबाईल नम्बर परिवर्तनीय नहीं होंगे। स्कूटनी एवं प्रवेश प्रक्रिया छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 और संशोधन नियम 2022 के प्रावधानों के तहत की जाएगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी, काउसलिंग, आवंटन आदि चिकित्सा शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर भी प्राप्त की जा सकती है।

# भाजपा ने पाली से किया चुनाव अभियान का आगाज

## पूर्व सीएम डॉ. रमन, प्रदेश अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष सहित जुटे दिग्गज

## बड़ी संख्या में लोगों को कराया भाजपा प्रवेश



**कोरबा-पाली**, 24 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन पाली में हुआ और इसके साथ ही पाली-तानाखार विधानसभा से भाजपा ने अपना चुनावी आगाज कर दिया है। सम्मेलन में हजारों लोगों ने भाजपा में प्रवेश किया।

सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, रामपुर विधायक ननकीराम कंवर सहित प्रदेश के अन्य नेतागण शामिल हुए। इस अवसर पर कांग्रेस व गोंडवाना गणतंत्र पार्टी व अन्य दलों से जुड़े 7600 लोगों ने भाजपा की रीति-नीति से प्रभावित होकर प्रवेश किया। विधानसभा क्षेत्र के कई सामाजिक कार्यकर्ता, समाज प्रमुख सहित जनपद सदस्य, सरपंच-उपसरपचों ने भी भाजपा का दामन सम्मेलन में थामा। डॉ. रमन सिंह सहित उपस्थित अतिथियों से नव प्रवेशी कार्यकर्ताओं का स्वागत मंच पर किया साथ ही स्थानीय नेताओं सहित कार्यकर्ताओं को इसके लिए बधाई दी।

मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार को उखाड़ फेंकने की शुरुआत पाली तानाखार की धरती से हो चुकी है।

परिवर्तन का शंखनाद परिवर्तन का संदेश पाली-तानाखार की इस सभा से हो गया है। प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि एक तरफ दुनिया में मान-सम्मान बढ़ाने का काम मोदी सरकार कर रही है तो दूसरी तरफ झूठी कसम खा-खा कर भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ की अस्मिता को लूटने का काम कर रहे है। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, विधायक ननकी राम कंवर, जिला संगठन प्रभारी श्याम बिहारी जायसवाल सहित स्थानीय नेताओं ने भी संबोधित किया।

सम्मेलन में खाद्य आयोग के पूर्व सदस्य ज्योतिनंद दुबे, कोरबा विधानसभा प्रत्याशी लखन लाल देवांगन, जिला संगठन सह प्रभारी गोपाल साहू, जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, नानकराम भावनानी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जोगेश लांबा, अशोक चावलानी, महामंत्री टिकेश्वर राठिया, नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, विधानसभा प्रभारी ब्रजेन्द्र शुक्ला, चिंटू राजपाल, विजय बहादुर जगत, देवी सिंह टेकाम, किरण मरकाम, रामनारायण उरेती, श्याम लाल मरावी, वीरेन्द्र मरकाम, रघुराज सिंह उइके, गोवर्धन सिंह कंवर, शिव प्रकाश कंवर, सेवक राम मरावी, रोशन सिंह ठाकुर, कृष्णा यदु, पवन पोया, रघुनंदन जायसवाल, रवि मरकाम, मीडिया प्रभारी दीपक शर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा प्रभारी संजय भावनानी एवं आभार प्रदर्शन विधानसभा सह प्रभारी अजय जायसवाल ने किया।

# सार-संक्षेप

## प्रदेश कांग्रेस संगठन में प्रशांत का कद बढ़ा, कमेटी में कई नाम



**कोरबा**, 24 अगस्त (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल के द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष के अनुमोदन उपरांत छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी में महासचिव, सचिव एवं कार्यसमिति सदस्यों की जम्बो सूची जारी की गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी में की गई नियुक्तियों में कोरबा जिले के पाली क्षेत्र के वरिष्ठ नेता एवं राज्य गौसेवा आयोग के सदस्य प्रशांत मिश्रा को महासचिव नियुक्त किया गया है। प्रशांत मिश्रा का संगठन में इस तरह कद बढ़ा है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की सूची में पाली के सक्रिय और युवा प्रशांत मिश्रा को शामिल किए जाने से उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। श्री मिश्रा इससे पहले संयुक्त महासचिव की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। घोषित सूची में कोरबा जिले के अन्य नेताओं को भी स्थान दिया गया है जिनमें सचिव के तौर पर विकास सिंह, राजस्व मंत्री के पुत्र रिशु अग्रवाल, छुरी के युवा नेता नरेश देवांगन, गजेन्द्र चंद्रा, विभूतिनारायण सिंह (बीएन सिंह), श्यामसुंदर सोनी, तनवीर अहमद को शामिल किया गया है। इसी तरह प्रदेश कार्यसमिति में जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल को स्थान दिया गया है। कुल 7 लोगों को एक्जीक्यूटिव कमेटी में रखा गया है।

## न्यू ऐरा की अंशिका का राष्ट्रीय स्पर्धा में चयन



**कोरबा**, 24 अगस्त (देशबन्धु)। न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल कोरबा की छात्रा अंशिका पटेल कक्षा-2 आयु वर्ग-7 एवं सिद्धी शराफ कक्षा-केजी-2 ने राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेते हुए क्रमशः द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंशिका पटेल का चयन अहमदाबाद में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यालय के चेयरमैन किशोर कुमार साहू एवं प्राचार्य डीएस राव, उपप्राचार्य संजय तिवारी, प्रधान पाठक जगजीत सिंह एवं अकादमिक डायरेक्टर जितेंद्र सिंह ने छात्राओं को बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## रघुराज ने प्रतिभावान छात्राओं का किया सम्मान



**कोरबा-पाली**, 24 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के पूर्व सदस्य रघुराज सिंह उइके ने ग्राम सिरली में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत प्रतिभावान स्कूली छात्राओं को डायरी और पेन देकर सम्मानित किया। रघुराज सिंह ने बताया कि समाज और राष्ट्र के उत्थान में बेटियों के महत्व को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। आज की बेटियां किसी से किसी भी रूप में कम नहीं है। सिर्फ जरूरत है उन्हें शिक्षा सुरक्षा और संस्कार प्रदान कर राष्ट्र के मुख्य धारा से जोड़ने की, बेटियां अनमोल रत्न और धरोहर है वर्तमान पीढ़ी को बेटियों का आदर और सम्मान करना चाहिए, क्योंकि एक बेटी अतीत की सुखद यादें होती है। उन्होंने कहा कि बेटियां पढ़ेगी और बढ़ेगी तभी भारत देश आगे बढ़ेगा तथा देश में एक संतुलित समाज की स्थापना की जा सकती है। इस अवसर पर जनपद सदस्य चंद्रपाल पटेल, सोनिका पटेल, भुनेश्वर पटेल, जानकी पटेल, दुर्गेश्वरी उइके, रेवती पोर्ते सहित उपस्थित थे।

## जरूरतमंद की सेवा ही प्रत्येक लायन मेंबर का कर्तव्य : तिवारी



**कोरबा**, 24 अगस्त (देशबन्धु)। लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट की नई कार्यकारिणी का शपथ समारोह पूर्व मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन राजेंद्र तिवारी के मुख्य आतिथ्य व लायंस क्लब एवरेस्ट के अध्यक्ष शिव जायसवाल की अध्यक्षता में होटल टॉप ईन टाउन में आयोजित हुआ। विशिष्ट अतिथियों में वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय विजय अग्रवाल, पूर्व प्रांतपाल जयप्रकाश अग्रवाल, शपथ अधिकारी रीजन चेयरपर्सन पवन शर्मा एवं जोन चेअरपर्सन एसके अग्रवाल उपस्थित थे। राजेंद्र तिवारी ने कहा कि हमारा दायरा असीमित है। हमें हर तरह के सेवा कार्यों के लिये हमेशा तैयार रहना चाहिये, क्योंकि हमारा नारा भी यही है की वेयर देअर ईज ए नीड, देअर ईज ए लायन अर्थात जहां आवश्यकता है वहाँ लायन है। अंत में आगंतुक अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन कामायनी दुबे ने किया। लायंस क्लब कोरबा की अध्यक्षा मीना सिंह, लायंस क्लब बालको के अध्यक्ष कैलाश गुप्ता सहित लायंस क्लब कोरबा, बालको, गुरुकुल, विद्युत नगर, ऊर्जा सिटी, जमनीपाली एवं कटघोरा-छुरी क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## आकाशीय बिजली ने ली जान, 5 झुलसे



**कोरबा**, 24 अगस्त (देशबन्धु)। बदले मौसम में एकाएक आकाशीय बिजली गिर जाने से चपेट में आकर एक ही परिवार के 6 लोग प्रभावित हुए हैं। एक सदस्य की मौत हो गई है जबकि 5 अन्य भी झुलसे हैं।

जानकारी के अनुसार घटना दर्री थाना अंतर्गत ग्राम नवागांव झाबू की है जहां नदी के किनारे खेत में काम कर रहे परिवार के 6 लोग आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। घटना में 25 वर्षीय कोमल कुमार की मौत हो गई वहीं अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि मृतक कोमल कुमार की 1 महीने पहले ही शादी हुई थी। इस घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### करंट से मजदूर झुलसा

एक अन्य घटना में बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत लालघाट रिसदा में घर की चुनाई के दौरान 11 हजार वोल्टेज बिजली के संपर्क में आने से मिस्त्री बुरी तरह से झुलस गया। पुलिस ने सूचना बाद आनन-फानन में उसे बिलासपुर रेफर किया। जहां पीड़ित श्रीकांत वैष्णव

# सुन्नी मुस्लिम जमात की मरकजी सीरत कमेटी को भंग

## अध्यक्ष आसिफ पर लगाया अभद्रता सहित अन्य आरोप




**कोरबा**, 24 अगस्त (देशबन्धु)। कोरबा सुन्नी मुस्लिम जमात के सदर और कार्यकारणी ने मरकजी सीरत कमेटी के सदर सहित सभी पदाधिकारियों को भंग कर दिया है। आरोप है कि मरकजी के अध्यक्ष मिर्जा आसिफ बेग के द्वारा न सिर्फ अभद्रता की गई बल्कि झूमाझटकी और हाथापाई की भी कोशिश हुई और इस हरकत को बेहतर नहीं समझा गया।

प्रेस क्लब तिलक भवन में पत्रवार्ता आहूत कर सुन्नी मुस्लिम जमात के सदर हाजी अखलाक खान ने बताया कि जमात के मातहत मरकजी सीरत कमेटी भी कार्यरत है। सभी कमेटियां सुन्नी मुस्लिम जमात के पास समय-समय पर अपना लेखा-जोखा पेश करते रहते हैं लेकिन कुछ वर्षों से मरकजी सीरत कमेटी के सदर मिर्जा आशिफ़ बेग (निशु) के द्वारा मनमाने तरीके से कार्य कर हिसाब नहीं दिया जा रहा था। वह सुन्नी मुस्लिम जमात को दरकिनार करने लगा। 11 अगस्त को ईद मिलादुन्नबी की तैयारी के लिए उसने सुन्नी मुस्लिम जमात के सदर व अन्य की जानकारी बगैर बैठक का ऐलान करा दिया। बैठक में जाने पर मिर्ज़ा आसिफ़ बेग (निशु) और उनके लोगों द्वारा अखलाक खान से अभद्र व्यवहार एवं साथियों के साथ झूमा-झटकी, हाथा-पाई करने की कोशिश की गई। इसके बाद जमात की बैठक में सभी सदस्यों ने घटना की निंदा कर सर्वसम्मति से मिर्जा आसिफ बेग को तत्काल प्रभाव से पदाधिकारी सहित भंग कर दिया। सुन्नी मुस्लिम जमात ने समाज के सभी लोगों से अपील की है मरकज़ी सीरत कमेटी को किसी भी प्रकार का चन्दा न दिया जाए। इस वर्ष जश्ने ईद मिलादुन्नबी की तैयारी व जुलूस सुन्नी मुस्लिम जमात के द्वारा किया जाएगा। जुलूस की क़यादत सभी मस्ज़िद मदरसों के सदर व ईमाम करेंगे। जिनको ताऊन देना है वो सुन्नी मुस्लिम जमात के पदाधिकारी को दे सकते हैं। पत्रवार्ता में सुन्नी मुस्लिम जमात के सरपरस्त कारी सैय्यद शब्बीर अहमद असरफी, जनरल सेक्रेटरी जुम्मन खान रिज़वी, सेक्रेटरी सैय्यद असफाक अली समेत कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

### बहकावे में न आएं, सदस्यता अभियान में हिस्सा लें

अखलाक खान ने जमात को लेकर फैलाई जा रही भ्रामकता पर कहा कि जिले की सुन्नी मुस्लिम जमात जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर 24875 है जो सन्न 1990 से फर्म एंड सोसाइटी में रजिस्टर्ड है। इसमें सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है सदस्यता की तारीख को 15 सितम्बर तक बढ़ाया गया है। समाज के लोग किसी भी प्रकार के बहकावे में न आये और सदस्यता अभियान में भाग लेकर समाज निर्माण में अपनी जागरूकता दें।

# स्कूल सफाई कर्मचारियों ने रक्षाबंधन से पहले मांगा मानदेय

**कोरबा**, 24 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित प्रदेश के प्राथमिक विद्यालय से लेकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तक चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों की अपर्याप्त संख्या को देखते हुए अल्प वेतन में स्कूल सफाई कर्मचारियों की अंशकालिन नियुक्ति शाला प्रबंधन समिति के माध्यम से की गई है। अंशकालीन सफाई कर्मचारियों को प्रत्येक शाला दिवस में 2 घंटे सीमित सेवा करने आदेश जारी किया गया है। मात्र 2855 रुपए प्रत्येक माह कर्मचारियों को बजट प्रावधान के माध्यम से मानदेय भुगतान किया जाता है।

पिछले दिनों जिले के विभिन्न खंडों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों द्वारा अल्प वेतन भोगी होने एवं वित्तीय संघर्ष से जूझते हुए असुविधा का अवगत कराते हुए सभी डीडीओ एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से रक्षाबंधन पर्व के पूर्व मानदेय भुगतान हेतु ज्ञापन सौंपा गया है। जिला संरक्षक ओमप्रकाश बघेल को भी अपनी समस्याओं से अवगत कराया है। श्री बघेल ने डीईओ जीपी भारद्वाज से मिलकर समस्या के समाधान की पहल की है।

# वादाखिलाफी के विरोध में अधिवक्ता आक्रोश रैली आज

**कोरबा**, 24 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के अधिवक्ता विगत 5 साल से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट, सामूहिक बीमा और मृत्यु दावा राशि में बढ़ोतरी की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में अधिवक्ताओं की मांग को पूरा करने का वादा किया था लेकिन अमल नहीं किया गया। 25 अगस्त को सरकार के वादाखिलाफी के विरोध में राज्यव्यापी अधिवक्ता आक्रोश रैली निकाला जाएगा। अधिवक्ता संघ कोरबा के सचिव नूतनसिंह ठाकुर ने बताया कि जिला न्यायालय परिसर कोरबा से दोपहर 1 बजे विशाल बाईक रैली निकाली जाएगी जो शहर भ्रमण करते हुए वापस अधिवक्ता भवन में समाप्त होगी। अधिवक्ता आक्रोश रैली में जिले के सभी अधिवक्ता शामिल होंगे। जिला अधिवक्ता संघ ने अपील किया है कि जिले के सभी अधिवक्ता आक्रोश रैली में अवश्य शामिल हों।

# मलगांव के प्रभावितों की परिसम्पतियों का मुआवजा भुगतान में देरी

## प्रबन्धन और प्रशासन को लिखा गया पत्र

**कोरबा-दीपका**, 24 अगस्त (देशबन्धु)। देश में कोयला संकट का हवाला देते हुये एसईसीएल प्रबन्धन द्वारा प्रशासन के सहयोग से किसानों की जमीन लेकर जल्द जल्द से उत्खनन पूरा करने का कार्य तो किया जा रहा है किंतु विस्थापित होने वाले किसानों को जमीन अर्जन के बदले में रोजगार , पुनर्वास और मुआवजा के मामले में उदासीनता दिखाई जा रही है। दीपका विस्तार परियोजना के लिए ग्राम मलगांव के अर्जन में भी यही हो रहा है।

ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने उपरोक्त आरोप लगाते हुये मलगांव के 1624 मकानों और परिसम्पतियों की मुआवजा भुगतान तत्काल करने की मांग की है।

अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने बयान में बताया है कि विगत दिनों ऐसी ही कारणों से मलगांव में तीन दिनों तक उत्पादन बन्द रहा और समझौता एवं प्रबन्धन द्वारा जारी पत्र क्र. एसईसीएल /दीक्षे/भूराजस्व/2023/17 दिनाँक 16/07/23 इस बात के लिए सहमति बनाई गई थी कि 20 अगस्त तक सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्ण कर ग्राम मलगांव के मकानों व परिसम्पतियों का मुआवजा वितरण शुरू कर दिया जाएगा। किन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि भूविस्थापितों को केवल गुमराह किया जा रहा है। संगठन ने कहा है ग्रामीणों को तत्काल मुआवजा भुगतान किया जाए अन्यथा संगठन ग्रामीणों को साथ लेकर आंदोलन के लिए बाध्य होगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रबन्धन व प्रशासन की होगी।

# 23 आवारा मवेशियों को सड़क से पहुंचाया गया गोठान व कांजीघर

## 10 दिनों में 115 मवेशी सड़कों से उठाए गए




**कोरबा**, 24 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम द्वारा आज सड़कों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले 23 मवेशियों को काऊकेचर के माध्यम से सड़कों से उठाकर गोठान एव कांजीघर पहुंचाया गया, साथ ही संबंधित पशुपालकों को कड़ी हिदायत दी गई कि वे अपने पालतू मवेशी सड़कों पर खुला न छोड़े। निगम द्वारा विगत 10 दिनों में 115 मवेशी सड़कों से उठाकर गोठान व कांजीहाउस पहुचाये गए।

यहाँ उल्लखेनीय है कि पशुपालकों को द्वारा अपने पालतू मवेशियों को सड़क पर खुला छोड़ दिया जाता है जिसके कारण सड़क दुर्घटना की संभावना, आवागमन का बाधित होना तथा यातायात व्यवस्था आदि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, वहीं सड़क दुर्घटनाओं में जान-माल के नुकसान व मवेशियों के घायल होने की आशंका भी बनी रहती है। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आज कार्यवाही करते हुए सड़कों व सार्वजनिक स्थानों से 23 आवारा मवेशियों को काऊकेचर के माध्यम से उठाकर गोठान एवं कांजीघर पहुंचाया गया तथा पशुपालकों से 4000 रु अर्थदण्ड वसूल किया गया। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा सड़कों, सार्वजनिक स्थानों से इन मवेशियों को हटाने तथा उन्हें गोठान आदि जगहों पर पहुंचाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है, अब निगम द्वारा ऐसे पशुपालकों पर जिनके द्वारा अपने पालतू मवेशी सड़क पर छोड़ दिये जा रहे हैं, उन पर जुर्माना एवं दण्डात्मक कार्यवाही की जा रही हैं।

### आयुक्त ने की अपील

आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने निगम क्षेत्र के समस्त पशुपालकों से पुनः अपील करते हुए कहा है कि वे अपने पालतू मवेशियों को घर पर सुरक्षित रूप से रखें, स्वच्छंद विचरण हेतु सड़कों पर खुला न छोड़े तथा निगम द्वारा की जाने वाली दण्डात्मक कार्यवाही से बचें एवं सड़क दुर्घटनाओं को रोकने व यातायात व्यवस्था को बनाए रखने में अपना सहयोग दें।

# भवन से पंखों की चोरी, रहता है असामाजिक तत्वों का जमावड़ा

**कोरबा**, 24 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक 12 अमरैया पारा में स्थित सामुदायिक भवन परिसर नशेड़ियों का अड्डा बना हुआ है। यहां आने वाले असामाजिक तत्वों में से किसी भवन से 3 नग पंखों की चोरी कर ली है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सामुदायिक भवन परिसर निर्मित स्वास्थ्य सुविधा केंद्र में बीती रात चोरी की घटना घटित हुई है। कुछ असामाजिक तत्वों ने स्वास्थ्य केंद्र से 3 नग सीलिंग फैन की चोरी कर ली है। अब ऐसे में स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी सीलिंग पंखे की सुविधा नहीं होने पर गर्मी से बेहाल हो रहे है। बताया गया कि अमरैयापारा सामुदायिक भवन परिसर के आसपास में शराब की बोतलें और नशीली सामग्रियों के अवशेष एवं कचरे की गंदगी देखी जा सकती है। स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों ने सीलिंग पंखे की चोरी के बारे में वार्ड 12 के पार्षद श्याम सुंदर सोनी से लिखित शिकायत की है।

# पदोन्नत 18 एएसआई की वर्दी पर एसपी ने लगाया स्टार



**कोरबा**, 24 अगस्त (देशबन्धु)। जिला पुलिस बल में कार्यरत 18 प्रधान आरक्षकों को आवश्यक विभागीय प्रक्रियाओं और प्रशिक्षण के उपरांत सहायक उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश अनुसार इन सभी पदोन्नत सहायक उप निरीक्षकों को कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक यू. उदयकिरण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के द्वारा स्टार लगाकर पदोन्नति प्रदान की गई।

इनमें जागेंद्र प्रसाद लहरे, समय दास खांडेकर, लक्ष्मी प्रसाद रात्रे, धनंजय जाटवर, ईश्वर सिंह राजपूत, रामकुमार पाण्डेय,संतोष कुमार ताण्डी,प्रवीण कुमार लाल, चंद्रपाल खांडे, मस्तराम कश्यप, चक्रधर सिंह राठौर, संजय नायक, सेराफिन लकड़ा, कृपा शंकर दुबे, कुलदीप तिवारी, प्रकाश रजक, सरस्वती कौशिक, सावित्री कोर्राम शामिल हैं। वर्दी में सितारा सजाते ही सहायक उपनिरीक्षकों के चेहरे पर गर्वपूर्ण खुशी छलक पड़ी। अधिकारियों ने पदोन्नत पुलिस कर्मियों को बधाई देते हुए कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ते उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# चंद्रयान-3 के चंद्रमा में उतरने पर कृष्णा ग्रुप में मनाई खुशियां



**कोरबा**, 24 अगस्त (देशबन्धु)। 23 अगस्त को शाम 6.04 बजे चंद्रयान-3 के चंद्रमा की दक्षिणी ध्रुव की सतह पर सकुशल उतरने पर पूरे देश में खुशियाँ छा गई। इसी तारतम्य में कृष्णा ग्रुप के समस्त सदस्यों ने कृष्णा हुण्डई में एकत्रित होकर भारत की इस सफलता के लिए खुशियां मनाई। कृष्णा ग्रुप के चेयरमैन अशोक मोदी, डायरेक्टर राजा मोदी, हार्दिक मोदी, चैतन्य मोदी, साहिल अग्रवाल की उपस्थिति में हाथों में तिरंगा लहरा कर राष्ट्रगान किया एवं भक्ति गीत गाया।

अशोक मोदी ने कहा कि पूरे विश्व में भारत का मान बढ़ा है। चांद की दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला हिन्दुस्तान विश्व का प्रथम देश है। उन्होंने इसरो के वैज्ञानिकों के साथ-साथ देश के प्रधानमंत्री एवं समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हम सभी भारतवासियों के लिए यह पल गौरवान्वित करने वाला है। राजा मोदी ने बताया कि यह पल अविस्मरणीय है। वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-2 के असफल होने से उससे सीख लेकर चंद्रयान-3 को सफल बनाया जो प्रेरणादायी है। कृष्णा ग्रुप के सभी सदस्यों ने भारत माता की जयकारा करते हुए एक-दूसरे को बधाईयाँ दी एवं मुंह मीठा कराया गया।

# सार-संक्षेप

## खुले में तलवार लेकर घूम रहे दो युवक पुलिस के हत्थे चढ़े



**रायगढ़** 24 अगस्त (देशबन्धु)। पिछले दो दिनों से लैलूंगा पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर दो युवकों को रुप से तलवार के साथ सार्वजनिक स्थान पर लोगों को डराते धमकाते पाए जाने पर सुरक्षा उपायों के साथ पकड़ा गया है।

21 अगस्त को लैलूंगा पुलिस द्वारा बाजारपारा बीच बस्ती में आरोपी कादिर अली पिता कपूर अली बाजारपारा लैलूंगा रायगढ़ को तलवार के साथ पकड़ा गया है। वहीं कल इंदिरा नगर बस्ती में आरोपी राहुल सारथी पिता पिंटू सारथी उम्र 23 साल इंदिरा नगर लैलूंगा को तलवार समेत हिरासत में लेकर थाने लाया गया जिन पर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही कर आरोपियों को न्यायिक निर्माण पर भेजा गया है।

## पान ठेला व्यवसायी पर चाकू से हमला

रायगढ़ 24 अगस्त (देशबन्धु)। शहर के अति व्यस्तम चैक रामनिवास चैक के पास बुधवार की शाम बाईक में सवार अज्ञात तत्वों द्वारा एक युवक पर चाकू से हमला करने के बाद फरार हो जाने का मामला सामने आया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रामनिवास टाकिज के सामने बुधवार देर शाम पान ठेला संचालक के ऊपर चाकू से हमला कर दो युवक फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चाकू बाजी की घटना को अंजाम देने वाले हमलावर मोटर साइकिल में सवार होकर आए थे। बताया जा रहा है कि चाकूबाजी की इस घटना में चैक पर स्थित कंगालू बरेठ पान ठेला संचालक के पोते रोहन पर यह हमला हुआ है। घटना का कारण कोई आपसी विवाद भी हो सकता है। लोगों का यह भी कहना है कि राजधानी रायपुर की तर्ज पर अब रायगढ़ में भी सरेआम चाकूबाजी जैसी घटनाएं सामने आ रही है। जिस पर पुलिस प्रशासन को अंकुश लगाना होगा। बहरहाल घायल युवक को गंभीर हालत में गया अस्पताल पहुंचाया गया है। बताया जा रहा है कि युवक के सीने और चेहरे पर चाकू से घाव बने हैं जिसका उपचार जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों की पतासाजी शुरू कर दी गई है। शहर के बाहर जाने वाले रास्तों पर नाकेबंदी करके भी आने-जाने वालों से पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी कोतवाली शनिप रात्रे ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिये आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगें।

## एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक ने प्रतिभावान छात्राओं को पुरस्कृत किया




**रायगढ़** 24 अगस्त (देशबन्धु)। चिलकपाटी शिवकुमार, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पश्चिमी क्षेत्र, संयुक्त साझा केंद्र एवं राखड़) द्वारा 21 अगस्त को रायगढ़ की पुसौर तहसील के प्रतिभाबान छात्राओं को राशि के साथ सम्मानित किया।

इन छात्राओं में कुमार विधि भोसले जो की पुसौर के अभिनव विद्या मंदिर के कक्षा 12वीं की छात्रा है उन्होने कृषिकार्य की विषय में 98.2 प्रतिशत नंबर के साथ छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान हासिल किया है। कुमारी रानी महाना जो की आदर्श ग्राम्य भारती शासकीय उच्चा माध्यमिक विद्यालय की छात्रा है उन्होने 95.6 प्रतिशत अंक अर्जित करते हुए कला में 9वी रांक हासिल किया है। साथ ही पुस्सोर तकी स्वामी आत्मनन्द स्कूल की कक्षा 10वी की छात्रा कुमारी खुसी पटेल ने 97.17~ अंक के साथ छत्तीसगढ़ की 10 वी की बोर्ड परीक्षा में 9वी रांक अर्जित किया है। इन सभी छात्राओं को एनटीपीसी के चिलकपाटी शिवकुमार, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पश्चिमी क्षेत्र-, संयुक्त साझा केंद्र एवं राखड़-) एवं दिवाकर कौशिक, कार्यकारी निदेशक (लारा) द्वारा हर एक छात्रा को रुपया 5000 की धन राशि एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया एवं उनकी उज्जल भविष्य की कामना की गई।

## रायगढ़ के पुलिस जवान ने राज्य स्तरीय निशानेबाजी में फहराया परचम



**रायगढ़** 24 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के पुलिस विभाग में पदस्थ आरक्षक प्रदीप ईजारदार ने रायपुर के बटालियन माना शूटिंग रेंज में 13 से 23 अगस्त तक आयोजित प्रदेश स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में तीन गोल्ड मेडल और एक सिल्वर मेडल लाकर रायगढ़ जिले सहित पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है।

उल्लेखनीय रहे कि पिछले 6 वर्षो से शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेते आ रहे हैं, उनके द्वारा 4जी बटालियन माना शूटिंग रेंज में 13 से 23 अगस्त तक आयोजित प्रदेश स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में तीन गोल्ड मेडल और एक सिल्वर मेडल लाकर रायगढ़ जिले सहित पूरे देश का नाम रोशन किया है। जहां समस्त प्रतियोगी को दुर्ग विधायक एवं छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के सेकेट्री के द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया प्रदीप इजारदार से जब हमने उनकी इस कामयाबी का राज जानना चाहा तो उन्होंने बताया कि कई वर्षों के अभ्यास का ये नतीजा है, किंतु सुविधाओं की कमी एवं फाइनेंसर की कमी होने की वजह से प्रदीप और आगे नहीं बढ़ पा रहे है, शूटिंग गेम इतना महंगा है जिसका इक्विपमेंट खरीद पाना एक आम आदमी के लिए नामुमकिन सा है, प्रदीप बताते हैं, कि उनके द्वारा लोन लेकर रायफल खरीदी गई, और घर में ही शूटिंग रेंज बनाकर अभ्यास करते हैं, प्रदीप को बहुत से इक्यूपमेंट्स की कमी है जैसे पॉइंट 22 राइफल स्पोर्ट्स स्कोप मैट जैसे बहुत सी चीज की कमी है, जिसके वजह से प्रदीप आगे नहीं बढ़ पा रहें, फिर भी प्रदीप कम संसाधन में भी प्रयासरत है, उनका मानना है की वो इसी कमी संसाधन होने के बावजूद एक दिन आगे बढ़ेंगे और एक दिन पूरे छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रोशन करेंगे।

# धान खरीदी में किसानों की पहचान बायोमैट्रिक मशीन से

## अधिकारी-कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण





**बलरामपुर** 24 अगस्त (देशबन्धु)। संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का की उपस्थिति में आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में किसान पंजीयन का प्रशिक्षण समिति प्रबंधक, आपरेटर एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को दिया गया। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर होने वाली धान खरीदी में किसी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए इस साल किसानों का पहचान बायोमैट्रिक निशान से किया जाएगा। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष ज्यादा धान खरीदी की संभावना को देखते हुए धान बेचने आने वाले किसानों का मौके पर ही फिंगर प्रिंट लेकर धान खरीदी की जाएगी। इसके लिए किसानों से 31 अक्टूबर 2023 तक समितियों में अपना आधार नम्बर और उनके द्वारा नामित एक अन्य रिश्तेदार का आधार पंजीयन कराने कहा गया है।

जिला खाद्य अधिकारी एस.बी. कामठे ने बताया कि किसी भी तरह की फर्जी धान खरीदी रोकने के लिए इस वर्ष आधार नम्बर आधारित बायोमैट्रिक प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसमें धान बेचने के लिए किसानों को स्वयं अथवा उनके द्वारा नामित व्यक्ति के अंगूठे के निशान से आधार कार्ड पर आधारित बायोमैट्रिक प्रणाली की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। साथ ही समितियों में किसानों को कोई परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने बताया किसान या नामित व्यक्ति द्वारा अगर किसी कारण से धान बेचने में दिक्कत हो तो एक ट्रस्टेड पर्सन विश्वसनीय व्यक्ति की नियुक्ति कलेक्टर द्वारा की जाएगी। वह किसान को धान बेचने में मदद करेगा। ज्ञातव्य है कि राज्य शासन खरीफ सीजन 2023-24 में पारदर्शी तरीके से धान खरीदी के लिए बायोमैट्रिक पद्धति से खरीदी प्रणाली लागू कर रही है, जिसमें किसान अपना धान बिक्री कर सकते हैं। जिस तरह से पीडीएस दुकान में राशन लेने के लिए अंगूठा लगाना पड़ता है, उसी प्रकार अब धान बेचते समय किसानों को अंगूठा लगाना पड़ेगा। किसानों को समर्थन मूल्य पर धान बेचने में असुविधा न हो इसके लिए उनके परिवार एवं रिश्तेदार को नॉमिनी बनाने की सुविधा भी प्रदान किया गया है। जिसके आधार पर पंजीकृत किसान की अनुपस्थिति में उसके द्वारा बनाये गए नॉमिनी के द्वारा धान की बिक्री की जा सकती है। दरअसल जिस व्यक्ति के नाम पर पंजीयन होता है वह धान बेचने नहीं जा पाता तो उसके रिश्तेदार या परिवार के अन्य सदस्य धान बेचने समिति पहुंचते हैं। इससे परेशानी नहीं हो इसके लिए नॉमिनी बनाने की सुविधा प्रदान की गई है।

इसके लिए नॉमिनी का आधार कार्ड की छायाप्रति जमा करना होगा। साथ ही यदि किसी कारण से पंजीकृत किसान अपना नॉमिनी अथवा आधार नम्बर परिवर्तन करना चाहता है, तो उसका अनुमोदन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार द्वारा किया जा सकता है। गत वर्ष पंजीकृत किसानों का पंजीयन उनके मृत्यु एवं अन्य कारणों से निरस्त किए जाने हेतु ऐसे किसानों की जानकारी तहसीलदार को प्रेषित की जाएगी।

साथ ही पूर्व वर्ष के पंजीकृत किसानों को अपना नॉमिनी जोड़वाने एवं संशोधन कराने के लिए 30 सितंबर 2023 तक आवेदन करना होगा। तथा नवीन किसान पंजीयन 31 अक्टूबर 2023 तक किया जाएगा।

पंजीयन कराने के लिए किसान को जिला सहकारी बैंक पासबुक, आधार कार्ड, ऋण पुस्तिका, बी-1, नॉमिनी के आधार कार्ड की छायाप्रति तथा किसान का पासपोर्ट साइज फोटो व आधार लिंक मोबाइल नम्बर साथ लाना होगा। इस दौरान सहायक पंजीयक, जिला प्रबंधक नान, नोडल अधिकारी बैंक एवं जिला विपणन अधिकारी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## पीएम आवासों का निर्माण अक्टूबर तक पूर्ण कराएं

### 4225 आवासों को पूर्ण करने का लक्ष्य

**सूरजपुर,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य शासन से जिले को 02 अक्टूबर 2023 तक 4 हजार 255 आवास पूर्ण किए जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ। विभाग से मिली जानकारी अनुसार जिले में 37 हजार 568 आवास स्वीकृत है। जिसमे 12 हजार 171 आवास पूर्णता हेतु लंबित है। जिसमे से द्वितीय किस्त तक की राशि प्राप्त सभी 4 हजार 255 आवासों को 02 अक्टूबर तक पूर्ण करने हेतु लक्षित किया गया है। इसी तारतम्य में जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम द्वारा जिले के तीन जनपद पंचायत भैयाथान, रामानुजनगर व सूरजपुर के अधिकारी कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली।

तीनों जनपद को क्रमशः 976, 802 तथा 808 आवास 02 अक्टूबर तक पूर्ण करने का लक्ष्य प्राप्त है। जिसमे से अभी तक इन जनपदों द्वारा 22, 28 व 30 आवास ही बना पाने में सफल हुए। हितग्राही वार कार्य योजना तैयार करते हुए लक्ष्य पूरा करने के लिए निर्देशित दिये। प्रत्येक ग्राम पंचायत एक सप्ताह में 05 आवास ढलाई कराएं तथा अगले 05 आवास में सामग्री इकठ्ठा करते हुए, अगले सप्ताह उसके ढलाई का काम सुनिश्चित करें। जानकारी अनुसार इन तीन जनपदों में 7 हजार 504 आवास लंबित है जो कि पूरे जिले का 62 प्रतिशत होता है। इनमें से 3 हजार 911 हितग्राहियों ने प्रथम किस्त प्राप्त कर लिया है किंतु इनके आवास का प्लिंथ निर्माण नहीं हुआ है, 2177 हितग्राहियों द्वारा द्वितीय किस्त की राशि प्राप्त कर ली है। इनके द्वारा छत स्तर तक का काम नहीं कराया जा रहा है इसी प्रकार 865 हितग्राही जिन्होंने तीन किस्त की राशि प्राप्त कर ली है किंतु ढलाई और प्लास्टर का काम नहीं करा रहे है। निर्माण कार्य ना करने की दशा में इनका टैगिंग नहीं हो पा रहा है और हम अगली किस्त नहीं दे पा रहे है।

विभाग द्वारा हितग्राहियों से अपील है कि अभी अगर आवास पूर्ण करा लेते है तो आपको सारी किश्ते तत्काल प्राप्त हो जायेगी ।समीक्षा बैठक सभी जनपद पंचायत सीईओ, एसडीओ आरईएस, उप अभियंता आरईएस, पीओ नरेगा, तकनीकी सहायक नरेगा तथा उक्त जनपद पंचायत के 50 प्लस से अधिक लंबित आवास वाले 46 ग्राम पंचायत के सचिव व रोजगार सहायक के साथ आवास योजना के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

## मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा आज मैनपाट में



**अंबिकापुर** 24 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा 25 अगस्त को दोपहर 3:00 बजे कार द्वारा बिलासपुर से मैनपाट के लिए प्रस्थान करेंगे। वे शाम 7:30 बजे मैनपाट पहुंचकर वन विभाग के विश्राम गृह में रात्रि विश्राम करेंगे। 26 अगस्त को प्रातः 8:30 बजे सूरजपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

प्रातः 10:15 बजे सूरजपुर पहुंचकर सूरजपुर जिला न्यायालय का निरीक्षण करेंगे। प्रातः 11:00 बजे सूरजपुर से सर्किट हाउस अंबिकापुर के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 12:00 बजे अम्बिकापुर विश्राम गृह पहुंचेंगे तथा दोपहर 1:30 बजे जिला न्यायालय सरगुजा का निरीक्षण करेंगे।

ततपश्चात वे दोपहर 2:30 बजे अंबिकापुर से मैनपाट के लिए प्रस्थान करेंगे। श्री सिन्हा 27 अगस्त 2023 को मैनपाट के पर्यटन स्थलों का निरीक्षण करेंगे तथा दोपहर 3:00 बजे मैनपाट से सड़क मार्ग द्वारा बिलासपुर के लिए रवाना होंगे।

## चंद्रयान-3 के सफलता पर साधुराम विद्या मंदिर के छात्रों ने मनाई खुशियां




**सूरजपुर**, 24 अगस्त (देशबन्धु)। चंद्रयान-3 को सफलतापूर्वक चांद पर लैंडिंग कराकर भारत ने अभूतपुर्व सफलता हासिल की है। जिसके लिए पूरे भारत में खुशियां मनाई जा रही है। साधुराम विद्या मंदिर के छात्रों ने भी चंद्रयान 3 की सफलता पूर्वक लैंडिंग के लिए तिरंगा झंडा लहराकर खुशियां मनाईं। इस अवसर पर छात्रों को चंद्रयान की कामयाबी के विषय में बताया गया तथा उसके अनेक पहलुओं पर चर्चा किया गया। इस ऐतिहासिक दिन को सभी छात्रों ने लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से पूरे अभियान पर अंतिम क्षण तक अपनी नज़रें बनाए रखा तथा इस ऐतिहासिक क्षण के भागीदार बने। वैज्ञानिकों के अथक प्रयास एवं कामयाबी के लिए इसरो के सभी वैज्ञानिकों को बधाइयां दी। अभियान में लेंडर मॉड्यूल की सफलता के बाद अब आने वाले रोवर मॉड्यूल की सफलता के लिए सभी ने कामना भी की। इस खुशी के मौके पर एस आर वी एम के प्रबंधन समिति एवं विद्यालय परिवार साथ रहे।

## संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**सूरजपुर,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। शा.उ.मा.वि. शंकरगढ़ जिला-बलरामपुर के क्रीडागन में संभाग स्तरीय फुटबॉल बालक, बालिका 14 वर्ष की प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 24 अगस्त तक संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सरगुजा संभाग के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ जिसके अंतर्गत सरगुजा संभाग के समस्त जिलो की फुटबाल टीम शामिल हुई, जिसमें बालक 14 वर्ष आयु वर्ग में सूरजपुर जिला की टीम विजयी हुई। इससे पूर्व 07 से 08 अगस्त 2023 तक शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम बिश्रामपुर में आयोजित संभाग स्तरीय वॉली- बाल में बालक 19 वर्ष खो-खो बालिका 19 वर्ष तथा क्रीड़ा परिसर लालपुर मनेंद्रगढ़ में आयोजित कबड्डी बालिका 19 वर्ष में विजेता तथा बालक 19 वर्ष में उप विजेता हुई। श्री राम ललित पटेल जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में शिक्षा के साथ ही खेल कूद में भी सफलता के मार्ग पर निरंतर अग्रसर हो रही है। इस अवसर पर शरदेन्दु कुमार शुक्ल सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी, प्रमेन्द्र बहादुर सिंह सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी, विकास सिंह, रविन्द्र सिंह, ज्ञानेश्वर सिंह अनमोल तिग्गा, रावेन्द्र वर्मा श्रीमती फातिमा बैग समेत समस्त खेल प्रेमी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## चक्रधर बाल सदन एवं जिला जेल में लगा स्वास्थ्य शिविर

### अनाथालय में 50 से अधिक बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**रायगढ़,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ के मार्गदर्शन में चक्रधर बाल सदन अनाथालय रायगढ़ में आज विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 50 से अधिक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। जहां सर्दी, खांसी, चर्म रोग, मौसमी बीमारी एवं अन्य प्रकार की जांच व उपचार कर आवश्यकता अनुसार दवाई का वितरण किया गया। इस मौके पर डॉक्टर सौरव अग्रवाल, श्री राम प्रसाद टोप्पो, श्रीमती शुरू अली शाह, श्रीमती रितु पटेल, श्रीमती उषा सहित, बाल सदन के कर्मचारी अभिलाषा टोप्पो एवं अन्य स्टाफ का योगदान रहा।

जिला कार्यक्रम समन्वयक सुरेश कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के विभिन्न जगहों पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में कल 23 अगस्त को जिला जेल रायगढ़ में भी शिविर लगाया गया था। जिसमें 565 बंदियों का स्क्रीनिंग कर 39 विचाराधीन बंदी का टीबी जांच हेतु सैंपल लिया गया एवं जांच की जा रही है। जिले में टीबी की विश्वसनीय जांच व सम्पूर्ण इलाज की सुविधा उपलब्ध है। इसलिए जैसे ही आपको टीबी के लक्षण दिखे तो न घबराएं। सीधे निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र पर जाएं और डॉक्टर से सलाह व मुफ्त में दवा लेकर इसका सेवन शुरू कर दें। अधिक से अधिक लोग टीबी के लक्षणों के बारे में जाने और अपने आसपास रहने वाले लोगों में यदि कोई लक्षण दिखे तो जांच के लिए प्रेरित करें।

## बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक कर किया गया सम्मान

**मनेंद्रगढ़,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री नरेंद्र कुमार दुग्गा के मार्गदर्शन में एसडीएम मनेंद्रगढ़ श्रीमती अभिलाषा पैकरा की अध्यक्षता में गुरूवार को मतदाता जागरूकता संबंधी बैठक आयोजित की गई। जनपद सभाकक्ष मनेंद्रगढ़ में विशेष रूप से वृद्धजनों, दिव्यांग एवं नव वधुओं के लिए स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बुजुर्ग और नवीन मतदाताओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी मतदाताओं को एसडीएम श्रीमती अभिलाषा पैकरा ने स्वस्थ और निष्पक्ष मतदान के लिये मतदाता जागरूकता संबंधी शपथ दिलाया। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी मतदाताओं को मतदान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें ईवीएम मशीन के माध्यम से मत रिकॉर्ड करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में जनपद सीईओ रघुनाथ राम भी उपस्थित थे।

## मिलेट, अनाज प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग यूनिट से जयप्रकाश को मिली उद्यमी के रूप में पहचान

### कमा चुके है लगभग 90 हजार रूपये का शुद्ध मुनाफा

### रीपा की गतिविधियों से जिले के अन्य युवाओं को भी मिल रही प्रेरणा



**रायगढ़,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी एवं जन कल्याणकारी योजना महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) ग्रामीण युवाओं के उद्यमी बनने के सपने को साकार करने का मौका दे रही है। रीपा योजना के माध्यम से ग्रामीण उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए शेड, भवन निर्माण, बिना ब्याज के लोन, व्यवसाय करने हेतु उचित मार्गदर्शन प्रदाय किया जा रहा है। यही कारण है कि आज रीपा योजना से ग्रामीण युवाओं एवं महिला समूहों के लिए रोजगार के अवसर खुल रहे है।

रायगढ़ जिले के ग्राम पंचायत डोंगीतराई के श्री जय प्रकाश पटेल रीपा योजना के तहत 25 लाख रूपये की लागत से मिलेट, अनाज प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग यूनिट स्थापित कर जिले में आज एक सफल उद्यमी के रूप में अपनी पहचान बनायी है। जिसमें मुख्यत~ बैंक द्वारा 10 लाख रुपये, पीएमईजीपी के अंतर्गत 5 लाख एवं 10 लाख रीपा द्वारा सहयोग किया गया।

ज्ञात हो कि जय प्रकाश पटेल एक सामान्य कृषक परिवार से है। जिसमें वे अपने पिता के साथ बचपन से कृषि कार्य में हाथ बटाते थे। जिसकी वजह से उन्हें कृषि कार्य का एक अच्छा अनुभव है। कृषि कार्य करने के साथ ही उन्होंने एमए तक अपनी पढ़ाई भी पूरी कर ली। किसानों की आय बढ़ाने एवं अन्य वैकल्पिक खेती को अपनाने का भी उन्होंने सपना संजोया था। पढ़ाई पूरी करने के पश्चात उन्होंने फसल बाजार कंपनी मे सेल्स मेन की नौकरी की एवं कृषि उत्पादों को बेचने के गुर सीखे। उन्हें अपने सपनों की उड़ान रीपा योजना से जुडने के पश्चात मिली। जहां उन्हे रीपा की सहायता से अपने मिलेट एवं अनाज प्रोसेसिंग यूनिट लगाने हेतु धन राशि, शेड भवन और उचित मार्गदर्शन मिला। आज जय प्रकाश पटेल प्रति दिन 400-500 किलो मिलेट जैसे कोदो, बाजरा, रागी आदि प्रोसेस एवं पैक करके बाजार में विक्रय कर रहे हैं। साथ ही वे आसपास के अनेकों किसानों को कोदो एवं अन्य मिलेट के उत्पादन हेतु प्रोत्साहित कर रहे है, ताकि किसानों को कम लागत में अधिक आमदनी हो सके। श्री जय प्रकाश पटेल अब तक 7 लाख रूपये से अधिक की बिक्री कर लगभग 90 हजार रूपये तक का शुद्ध मुनाफा प्राप्त कर चुके है। इसी तरह रीपा योजना से जुड़कर अन्य युवा भी अपने सपने को पूर्ण करने में सफल हो रहे हैं। यह सब शासन की रीपा योजना से हो पाया है।

## सार-संक्षेप

### मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर श्रीमती मंजू सिंह ने दी जन्मदिन की बधाई



**जांजगीर,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन्मदिन पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल सदस्य श्रीमती मंजू सिंह राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी तथा केक खिलाकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान श्री बघेल द्वारा उनसे जिले की राजनीतिक घटनाक्रमों के बारे में संक्षिप्त जानकारी ली तथा संगठन को लेकर आवश्यक चर्चा की। श्रीमती मंजू सिंह ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी पूरे जोश के साथ मैदान में उतरेगी और जिले के सभी सीटों पर जीत दिलाते हुए मुख्यमंत्री को जन्मदिन का तोहफा भेंट करेंगे।

### 97 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त, 3 आरोपी को गिरफ्तार



**जांजगीर,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध थाना पामगढ पुलिस द्वारा की गई कार्यावाही में 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 97 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद शराब जब्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

मामले पर पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिला कि थाना पामगढ़ क्षेत्र के ग्राम बोरसी, केसला में अवैध रूप से शराब बिक्री किया जाता है, सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया जहां ग्राम बोरसी में आरोपी सुनील सोनवानी के कब्जे से 07 लीटर कच्ची महुआ शराब, ग्राम केसला निवासी आरोपी अनिल टंडन के कब्जे से 40 लीटर कच्ची महुआ शराब, एवं ग्राम बोरसी में आरोपी प्रकाश टंडन के कब्जे से 50 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया। आरोपियों के विरूद्ध सबुत पाये जाने से आरोपियों के विरुद्ध थाना पामगढ में अलग-अलग आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विधिवत आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। संपूर्ण कार्यवाही उपनिरी राकेश सूर्यवंशी थाना प्रभारी, सउनि रामदुलार साहू, नील मणि कुसुम, प्रधान आर संतोष पाण्डेय, आर उमेश दिवाकर, भुनेश्वर साहू का सराहनीय योगदान रहा।

### सट्टा लगवाने के जुर्म में पुलिस युवक गिरफ्तार



**जांजगीर,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। अवैध सट्टा खिलाने वाले आरोपी को जांजगीर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पेन, सट्टा पट्टी लिखा कागज एवं नकदी रकम 510 बरामद किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 6 छग जुआ अधिनियम के तहत् कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

मामले पर पुलिस ने बताया कि 23 अगस्त को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम पुरानी बस्ती जांजगीर निवासी पुरषोत्तम राठौर शारदा चौक पुरानी बस्ती के पास पेड़ के नीचे में सट्टा खिलावाने हेतु सट्टा पट्टी लिख रहे हैं, मुखबिर सूचना पर जांजगीर पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही कर पुरषोत्तम राठौर के कब्जे से 01 नग पेन ,सट्टा पट्टी लिखा कागज चार नग एवं नगदी रकम 510 रू बरामद किया। उसे आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में उप निरीक्षक भवानी सिंह चौहान व प्रधान आरक्षक रमेश त्रिपाठी अन्य स्टॉफ का योगदान रहा।

### विद्युत ठेका कर्मियों 25 आज से काम बंद हड़ताल



**खरसिया,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के विद्युत ठेका कर्मी 25 अगस्त से अनिश्चित कालीन काम बंद हड़ताल पर जाएंगे। इस हेतु छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री माननीय ऊर्जा मंत्री के नाम ए इ अशोक नायक को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें निवेदन किया गया है कि, वर्तमान सरकार के घोषणा पत्र अनुसार आउटसोर्सिंग / ठेका प्रथा समाप्त करने तथा विभाग में समायोजन किया जावे।विषयांतर्गत लेख है कि वर्तमान सरकार के द्वारा चुनाव पूर्व घोषणा पत्र में बिंदु क्र. 11 एवं 30 के अनुसार आउटसोर्सिंग, ठेका प्रथा बंद करने एवं अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने का उल्लेख किया गया था जिसका विद्युत विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों ने समर्थन करते हुए कांग्रेस सरकार को प्रचंड बहुमत से सत्ता मे लाने में अहम भूमिका निभाई थी। हमारे संघ ने अपनी जायज मांगो को लेकर विभिन्न पत्राचार किया गया। धरना एक दिवसीय काम बंद आंदोलन कर अवगत कराया गया था, जिस पर शासन एवं विमाभ द्वारा कोई उचित कार्यवाही नही कि गई।

अत: माननीय मुख्यमंत्री जी एवं माननीय ऊर्जा मंत्री जी से निवेदन है कि अगस्त 2023 में आउटसोर्स / ठेका प्रथा के गुलामी से मुक्त कर विभाग में समायोजन करने कि घोषणा करने का आपसे विनम्र निवेदन करते है, हमारी जायज मांगो पर कोई कार्यवाही या घोषणा नही किए जाने पर हम विद्युत विभाग के 25 हजार आउटसोर्स / ठेका कर्मचारी दिनांक 25/08/23 से अनिश्चित कालीन काम बंद हड़ताल के लिए बाध्य रहेगें जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन एवं विद्युत विभाग कि रहेंगी।

# महिला ने फांसी लगाकर की खुदकुशी,सुसाइड नोट में आर्थिक तंगी का जिक्र



**जांजगीर,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के ग्राम मड़वा में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र के कर्मचारी की पत्नी ने घर के बरामदे में लगी खिड़की से फांसी लगाई। उसका शव फांसी के फंदे पर लटकता हुआ मिला है।

पुलिस को मौके से सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें आर्थिक तंगी के कारण जान देने का जिक्र है। साथ ही लिखा है कि, मेरे बेटे का ख्याल रखना। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, ग्राम मड़वा में अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र का कर्मचारी यशवंत शर्मा अपनी पत्नी तृप्ति और 10 साल के बेटे विवान के साथ रहता है। वो बुधवार रात करीब साढ़े 10 बजे नाइट शिफ्ट में काम पर चला गया। घर में सिर्फ तृप्ति और 10 साल का बेटा विवान था। सुबह साढ़े 5 बजे जब बच्चा जगा, तो उसने अपनी मां को फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखा। इसके बाद विवान ने अपने पिता को घटना की जानकारी मोबाइल के माध्यम से दी। इधर बेटे की बात सुनकर पिता तत्काल घर पहुंचा। पत्नी को फांसी पर लटका हुआ देखकर तुरंत उसने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को फांसी के फंदे से उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने पति और बच्चे का बयान दर्ज किया है।

### सुसाइड नोट बरामद

तृप्ति शर्मा के शव के पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने अपने माता-पिता को लिखा है कि आर्थिक तंगी के कारण मैं अपनी जान दे रही हूं, मेरे पति की कोई गलती नहीं है, उसे कुछ मत करना।

मेरे बेटे का ख्याल रखना। मृतका के पति यशवंत शर्मा ने बताया दुर्ग से उसका ट्रांसफर 2 महीने पहले ही ग्राम मड़वा के अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र में हुआ है। उसे पिछले 2 महीने से वेतन नहीं मिला है, जिसकी वजह से आर्थिक परेशानी चल रही थी।

## गांव में लगाया गया प्रशासन तुँहर द्वार शिविर



**जांजगीर,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों में निवास करने वाले आमनागरिकों की शिकायतों, समस्याओं आदि के निराकरण के लिए विभिन्न ग्राम पंचायत स्तर पर लोगों के नजदीक पहुंचते हुए प्रशासन तुंहर द्वार अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा आमजन से प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज जिले के विकासखंड पामगढ़ के ग्राम पंचायत कोसला में प्रशासन तुंहर द्वार अभियान शिविर का आयोजन किया गया। प्रशासन तुंहर द्वार अभियान अंतर्गत आयोजित शिविर में कुल 296 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में 212 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया तथा शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को शीघ्र निराकरण करने निर्देशित किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी पामगढ़ ने बताया कि शिविर में पंचायत विभाग 96, राजस्व विभाग 82, विद्युत विभाग 12, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग 06, शिक्षा विभाग 14, महिला एवं बाल विकास विभाग 03, खाद्य विभाग 07, कृषि विभाग 08, आदिवासी विकास विभाग 04, श्रम विभाग 01, सहकारिता विभाग 06, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 01, समाज कल्याण विभाग 50 और जल संसाधन विभाग 06 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार कुल 296 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

जिसमें से 212 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया है तथा शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को जल्द निराकरण करने निर्देशित किया गया है। शिविर में विधायक पामगढ़ श्रीमती इंदू बंजारे, छत्तीसगढ़ राज्य शाकंभरी बोर्ड के अध्यक्ष रामकुमार पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य बाल संरक्षण आयोग श्रीमती पुष्पा पाटले, अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य श्रीराम पप्पू बघेल, एसडीएम पामगढ़ आर के तंबोली सहित अन्य विभिन्न जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने किया संयुक्त संचालक का स्वागत



**जांजगीर,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। संयुक्त संचालक आरपी आदित्य का जांजगीर आगमन पर कर्मचारी भवन में स्वागत किया गया। छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह क्षत्री के नेतृत्व में शाल श्रीफल से स्वागत किया। इस अवसर पर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक विश्वनाथ परिहार शिक्षक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रोशन नेमी, सहायक शिक्षक फेडरेशन के अध्यक्ष रविंद्र राठौर, अनुदान प्राप्त शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष बसंत तंबोली, प्राचार्य मंच से यूएस रतिया, जांजगीर स्कूल एसोसिएशन किशोर सिंह के अलावा पवन सिंह चंदेल, एसके सिंह, योगेश बनर्जी, घनश्याम देवांगन ,रामकुमार मिश्र, टीकम के अलावा कर्मचारी यूनियन के सदस्य उपस्थित थे।

## मतदाता जागरूकता लाने रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**जांजगीर,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में आज अकलतरा परियोजना अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप) का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जांजगीर ने बताया कि कार्यक्रम ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, किशोरी बालिकाओं को जागरूक करते हुए मतदाता एप्प के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही नवीन मतदाता, नवविवाहित वधू एवं महिलाओं को अपने मताधिकार का आवश्यक रूप से उपयोग करना चाहिए एवं किसी भी पात्र मतदाता का एपिक कार्ड नही छूटना चाहिए। साथ ही बताया गया कि 01 अक्टूबर 2023 को जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो रही है व 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति मतदाता सूची में अपना पंजीयन करायें। उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को मतदान हेतु शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी अकलतरा रवि कुमार शर्मा, समस्त पर्यवेक्षक, ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, किशोरी बालिका, समूह की महिलाए उपस्थित थी।

# रीपा से जुड़कर मजदूर से मालिक बना लखन



**जांजगीर,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। जीवन में आगे बढ़ने की ललक और कुछ कर गुजरने का अगर जज्बा हो तो हर मुश्किल आसान हो जाती है और इस संघर्ष के बाद जब सफलता मिलती है तो उसका स्वाद ही कुछ अलग होता है, ऐसे ही शख्स है पचेड़ा ग्राम पंचायत में जिनका नाम है, लखन कश्यप। जो छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) से जुड़े और मजदूर से मालिक बन गये। अब वह फेब्रिकेशन वर्क को करते हुए एक सफल उद्यमी बनने का सफर तय कर रहे हैं।

जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत पचेड़ा। जहां पर रीपा के माध्यम से कंस्ट्रक्शन एंड एग्रो फेब्रिकेशन यूनिट का निर्माण किया गया। इस यूनिट के बनने के बाद से पचेड़ा के रहने वाले लखन कश्यप जुड़ गए। वह बताते हैं कि फेब्रिकेशन का कार्य गांव में बहुत पहले से कर रहे थे, लेकिन कार्य को करते हुए उतनी आमदनी नहीं हो रही थी, गुजर-बसर ही चल रहा था। अपने कार्य में दक्ष होने के बाद भी अपना कुछ भी नहीं था, दूसरों की मजदूरी करके, घर-घर जाकर एक मजदूर के रूप में ही काम मिलता था, मन में ऊंचे ख्वाब देखने का बहुत शौक रहा कि एक दिन अपना खुद का बड़ा व्यवसाय हो लेकिन इतनी आमदनी नहीं थी कि कुछ बड़ा कर से। ऐसे में युवाओं के लिए मुख्यमंत्री रीपा योजना लेकर आए। इस योजना में पचेड़ा गौठान में शासन की तरफ से समुचित स्थान के साथ वर्क शेड, अत्याधुनिक मशीनें, बिजली, पानी व अन्य समस्त आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई, इन सुविधाओं के साथ ही अब वह अपने काम को गति देने एवं कच्चे सामान इत्यादि के लिए बड़ी आसानी से लोन ले सकते हैं। आज वह रीपा से मिली सुविधाओं का लाभ लेकर मेहनत करते हुए दिन प्रतिदिन सफलता की ओर बढ़ रहे हैं।

### हाथ ठेला बनाने में है महारथ

लखन कश्यप बताते हैं कि रीपा से जुड़ने के बाद बहुत काम मिल रहा है। वह भवन निर्माण कार्य से संबंधित समस्त लोहे की सामग्री का निर्माण करते हैं, इसके अलावा कृषि उपकरण भी बनाते हैं, उन्हें हाथ ठेला बनाने में महारथ हासिल है, इसके चलते ही आसपास के दुकानदार उनके पास हाथ ठेला का निर्माण कराने पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने फेब्रिकेशन का कार्य करते हुए 4 लाख 28 हजार रूपये का विक्रय किया है,

# हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने किया सक्ती न्यायालय का निरीक्षण

### न्यायालय में साफ-सफाई का अभाव, न्यायालय की अधोसंरचना गरिमा के अनुरूप नहीं

**जांजगीर,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा 22 अगस्त को सक्ती न्यायालय के निरीक्षण के लिए पहुंचे। जिले में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश व व्यवहार न्यायाधीशों के न्यायालय हैं। मुख्य न्यायाधीश के निरीक्षण के समय न्यायालयों में प्रकरणों की सुनवाई चल रही थी तथा अन्य कर्मचारी कार्य कर रहे थे। निरीक्षण के दौरान सक्ती न्यायालय में पार्किंग व्यवस्था अत्यन्त खराब पाई गई। इसके अलावा अधिवक्ताओं के बैठने के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं थी।

निरीक्षण के दौरान न्यायालय के बरामदे में फर्नीचर जीर्ण-शीर्ण हालत में अस्त-व्यस्त मिले। बरामदे में बिजली के तार भी खुले मिले। न्यायालय में साफ-सफाई का अभाव था तथा कियोस्क मशीन बंद पड़ी धूल खा रही थी। न्यायालय की अधोसंरचना गरिमा के अनुरूप नहीं पाई गई। इन अव्यवस्थाओं को देखकर मुख्य न्यायाधीश ने नाराजगी जताई तथा इसमें सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश ने अधिवक्ताओं से भी मुलाकात की तथा उनसे उनकी समस्याएँ जानी। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा जिला न्यायालय रायगढ़ के लिए रवाना हुए। रायगढ़ से वापसी के दौरान बाराद्वार रेस्ट हाउस में सक्ती कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना , एसपी एमआर अहिरे ने मुख्य न्यायाधीश से मुलाकात की। जिस पर मुख्य न्यायाधीश ने उन्हें सक्ती न्यायालय की अधोसंरचना को न्यायालय की गरिमा के अनुरूप बनाये जाने का निर्देश दिया। इस दौरान रजिस्ट्रार जनरल अरविन्द कुमार वर्मा, एडिशनल रजिस्ट्रार कम पीपीएस एमबीएल एन सुब्रमन्यम भी उपस्थित थे।

### स्व सहायता समूहों को वित्तीय सहायता दी बैंक ने

**कोरबा,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत चेक वितरण का कार्यक्रम किया गया जिसमें एचडीएफसी बैंक के द्वारा स्वयं सहायता समूह को वित्तीय सहायता प्रताप प्रदाय की गई। इस वित्तीय वर्ष में 12 स्वयं सहायता समूह को प्रति समूह के हिसाब से राशि प्रदाय की गई है। चेक डिस्ट्रीब्यूशन नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर खजांची कुम्हार और एचडीएफसी के जोनल हेड विनीत धारीवाल एवं अन्य उपस्थित बैंक के कर्मचारियों द्वारा दिया गया।

## भृत्य पद पर अनुकंपा नियुक्ति दावा आपत्ति आमंत्रित

**जांजगीर,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर में वर्तमान दिवंगत शासकीय सेवक के आश्रित सदस्य, आवेदक को भृत्य के पदों पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की जानी है। अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित दावा आपत्ति 28 अगस्त 223 तक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर में आमंत्रित किया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि स्व.दिनेश कुमार कश्यप, सहायक शिक्षक (एल.बी.) शासकीय प्राथमिक शाला मुड़पार के पुत्र आकाश कश्यप और स्व. सतीश कुमार सांडिल, शिक्षक (एल.बी.) शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पचोरी बम्हनीडीह की पत्नी श्रीमती शशिलता सांडिल की अनुकंपा नियुक्ति किया जाना है। अनुकम्पा नियुक्ति के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो 28 अगस्त तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

## 30 दिवसीय महिला सिलाई प्रशिक्षण का होगा आयोजन

**जांजगीर,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर में ग्रामीण बीपीएल परिवार के बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करने के लिए नि:शुल्क 30 दिवसीय महिला सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम 26 अगस्त से 25 सितम्बर तक जिला हॉस्पिटल के आगे जर्वे रोड जांजगीर में स्थित एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित कराया जा रहा है। अधिक जानकारी के लिए एसबीआई आरसेटी से संपर्क किया जा सकता है।

# सड़कों पर घुमते पशुओं को अभियान चलाकर हटाया जाए- जिपं सीईओ

### उच्च अधिकारी सड़कों का करेंगे निरीक्षण,पशुपालकों पर लगाया जाएगा जुर्माना



**जांजगीर,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। गुरूवार को जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. ज्योति पटेल ने पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, एनएच, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी की बैठक ली। बैठक में निर्देश दिए कि सड़कों पर मवेशियों से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विभागीय समन्वय बनाते हुए विशेष अभियान चलाया जाए। अभियान के दौरान पशुपालकों के घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाए, आवारा पशुओं को रेडियम बेल्ट लगाये जाएं, जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, मुनादी कराई जाए। इसके साथ ही किसानों, पशुपालकों के साथ बैठक की जाए। इस दौरान उच्च अधिकारियों द्वारा मुख्य मार्गों का आकस्मिक निरीक्षण भी किया जाए, ताकि मुख्य मार्गों पर एक भी मवेशी दिखाई न दे।

जिपं सीईओ ने कहा कि नेशनल हाइवे, राज्य एवं जिला के मुख्य मार्गो की सड़कों पर मवेशियों के विचरण एवं बैठे रहने से पशुओं के साथ ही आम जनता को दुर्घटना होने का खतरा रहता है। इन दुर्घटनों को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसमें गांव से लेकर शहर तक मुनादी कराई जाएगी जिसमें पशुपालकों को अपने पशुओं को दिन में गौठान में भेजने और रात में घर में ही बांधने के निर्देश दिए जाएंगे, इसके बाद भी अगर कहीं पर सड़क पर मवेशी पाया जाए तो पशुपालक के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही की जाए। जिपं सीईओ ने बैठक में निर्देश दिए कि एसएडीओ, एआरईओ, ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच, रोजगार सहायक, पशु चिकित्सक, गौठान समिति के सदस्यों के साथ मिलकर ग्रामीणों, पशुपालकों की बैठक का आयोजन किया जाए। बैठक में जिन सड़कों पर पशु बैठते हैं उन सड़कों का चिन्हांकन और इन सड़कों से पशुओं को हटाएं जाने की व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पशुपालकों के व्यवहार में परिवर्तन लाने का प्रयास किया जाए। पशुओं को टैगिंग और रेडियम बेल्ट लगाए जा रहे हैं, इसी कड़ी में सभी आवारा पशुओं के लिए रेडियम बेल्ट लगाया जाना सुनिश्चित किया जाए। पशुओं को सड़कों से हटाकर गौशालाओं, गौठानों और कांजीहाउस में ले जाकर व्यवस्थित तरीके से रखा जाना है। इस दौरान पशुओं का टीकाकरण भी नियमित रूप से किया जाए।

# देश विदेश

## चीन में सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन के शांक्सी प्रांत में एक एक्सप्रेस वे सुरंग में हुई दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई है।स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह दुर्घटना शाम पांच बजकर 24 मिनट पर हुई जब बुधवार को 32 लोगों को ले जा रहा एक वाहन कैंगझोउ-यूलिन एक्सप्रेसवे पर फेनघुआंगलिंग सुरंग की दीवार से टकरा गया। स्थानीय यातायात पुलिस के अनुसार, दुर्घटना में चालक और चार यात्रियों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पतालों में भेजा गया है। दुर्घटना की जांच की जा रही है।

# ब्रिक्स, अंतरराष्ट्रीय व्यापार में राष्ट्रीय मुद्राओं के इस्तेमाल का पक्षधर

- ब्रिक्स देशों के बीच बैंकिंग नेटवर्क को मजबूत करने पर दिया जोर
- सदस्य देशों ने आपस में आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत की भी वकालत की




ब्रिक्स शिखर सम्मेलन

**जोहान्सबर्ग,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की घोषणा में गुरुवार को कहा गया कि ब्रिक्स के सदस्य देश अंतरराष्ट्रीय व्यापार में राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग के साथ-साथ संगठन के भीतर वित्तीय मामलों के निपटान में इनके इस्तेमाल के पक्षधर हैं।

घोषणा में कहा गया, हम ब्रिक्स और उनके व्यापारिक साझेदारों के बीच अंतरराष्ट्रीय व्यापार और वित्तीय लेनदेन में स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को प्रोत्साहित करने के महत्व पर जोर देते हैं। हम ब्रिक्स देशों के बीच बैंकिंग नेटवर्क को मजबूत करने और स्थानीय मुद्राओं में भुगतान करने का मजबूती प्रोत्साहित करते हैं। सदस्य देशों ने आपस में आपूर्ति श्रृंखला और भुगतान प्रणाली को मजबूत करने के उद्देश्य से आगे सहयोग की भी वकालत की है।

उन्होंने कहा, हम व्यापार और निवेश प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए आपूर्ति श्रृंखलाओं और भुगतान प्रणालियों की इंटरकनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करते हैं। हम सेवाओं में व्यापार पर सहयोग के लिए ब्रिक्स फ्रेमवर्क में स्थापित सेवाओं में व्यापार में आदान-प्रदान और सहयोग को मजबूत करने के लिए सहमत हैं। ब्रिक्स व्यापार परिषद और ब्रिक्स महिला व्यापार गठबंधन (डब्ल्यूबीए) का उद्देश्य सेवा सहयोग रोडमैप में ब्रिक्स व्यापार और व्यावसायिक सेवाओं में व्यापार में सहयोग के लिए ब्रिक्स फ्रेमवर्क सहित प्रासंगिक दस्तावेजों के कार्यान्वयन को बढ़ावा देना है।

## अगले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का इंतजार कर रहा हूं : मंडेला

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला के पोते एवं संसद सदस्य ज्वेलिवेलिले मंडेला ने कहा है कि वह रूस में 2024 में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले दिन में, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि रूस, अगले साल ब्रिक्स का अध्यक्ष पद ग्रहण करेगा एवं अक्टूबर 2024 में कज़ान शहर में ब्लॉक के अगले शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। श्री मंडेला ने मंगलवार से गुरुवार तक जोहान्सबर्ग में चल रहे मौजूदा ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर कहा, हम अगले साल रूस में शिखर सम्मेलन देखने की उम्मीद कर रहे हैं और हमारा मानना है कि वही पर बहुत सारे निर्णय लिए जाएंगे। दक्षिण अफ्रीकी सांसद का यह भी मानना है कि नए सदस्यों को समूह में शामिल होने की अनुमति देने से पहले एक या दो सम्मेलन का समय लग सकता है क्योंकि अभी भी कई चीजें हैं जिन्हें मानदंड और शर्तों के संदर्भ में स्थापित करने की आवश्यकता है। ब्रिक्स ,दुनिया की सबसे बड़ी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका को एकजुट करता है।

## ईरान के परमाणु मुद्दे का समाधान शांतिपूर्वक हो : ब्रिक्स




**जोहान्सबर्ग।** ब्रिक्स देशों ने ईरान के परमाणु मुद्दे का समाधान शांतिपूर्ण और कूटनीतिक रूप से करने की आवश्यकता जतायी है। ब्रिक्स ने यह बात गुरुवार को जोहानसबर्ग शिखर सम्मेलन के बाद जारी एक घोषणापत्र में कही। घोषणापत्र में कहा गया, हम ईरानी परमाणु मुद्दे का समाधान अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार शांतिपूर्ण और कूटनीतिक माध्यमों से करने की आवश्यकता को दोहराते हैं। ब्रिक्स ने संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) की पूर्ण बहाली और प्रभावी क्रियान्वयन की भी वकालत की। बयान में कहा गया, हम अंतरराष्ट्रीय परमाणु अप्रसार के साथ-साथ व्यापक शांति एवं स्थिरता के लिए जेसीपीओए और यूएनएससीआर 2231 को संरक्षित करने के महत्व पर बल देते हैं और आशा करते हैं कि संबंधित पक्ष जल्द से जल्द जेसीपीओए का पूर्ण और प्रभावी क्रियान्वयन करेंगे।

## सुडोकू 6296

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | | | 5 | | | |
| | 5 | 1 | | | 6 | | 4 | |
| 8 | | | | | | 1 | | |
| 7 | | | | 8 | 9 | | 3 | |
| | | 3 | | | | 5 | | |
| | 1 | | 2 | 5 | | | | 6 |
| | | 2 | | | | | | 4 |
| | 4 | | 1 | | | 3 | 5 | |
| | | | 5 | | | 8 | 6 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शुक्रवार 25 अगस्त , 2023 श्रावण शुक्ल पक्ष 7**

### राशिफल

मेष -आज सांसारिक विषयों से दूर रहकर आध्यात्मिक विषयों में व्यस्त रहेंगे। गहन चिंतनशक्ति हर परेशानी में आपकी सहायता करेगी। रहस्यमयी विद्या के प्रति आज आपको अधिक आकर्षण रहेगा।

वृषभ -आज आपको गृहस्थजीवन में सुख का अनुभव होगा। परिजन तथा निकट के रिश्तेदारों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा। किसी छोटी यात्रा का आयोजन हो सकता है। विदेश में रहने वाले रिश्तेदारों से बातचीत होगी।

मिथुन -आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायी है। घर में शांति और आनंद का वातावरण बना रहेगा। आपके अधूरे काम पूरे होंगे। इससे आप को यश और कीर्ति मिलेगी। आर्थिक लाभ भी मिलेगा।

कर्क -आज का दिन शांतिपूर्ण तरीके से रहें। आज आप का शारीरिक तथा मानसिक आरोग्य अच्छा नहीं रहेगा। शारीरिक रुप से पेट की पीड़ा रहेगी। मानसिक रूप से चिंता में रहेंगे। आकस्मिक खर्च होगा। वाद-विवाद को टालें।

सिंह -आज हर मामले में सावधानी बरतें। वाणी और व्यवहार में संयम बरतें। माता के साथ विवाद होने की संभावना है। आपके मन पर वैचारिक रुप से नकारात्मकता छा सकती है।

कन्या -आज शारीरिक ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होने से मन शांत रहेगा। काम में भी सफलता प्राप्त होगी। परिजनों और स्नेहीजनों के साथ संबंधों में मधुरता बनी रहेगी। उनका सहयोग भी आपको प्राप्त होगा।

तुला -मानसिक दुविधा के कारण किसी निर्णय पर आना संभव नहीं हो पाएगा। आज आवश्यक काम की शुरूआत के लिए भी दिन उचित नहीं है। अपने व्यवहार में जड़ता के कारण आपको ही दु:ख होने की संभावना अधिक है।

वृश्चिक -आज आपको शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता का अनुभव होगा। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मुलाकात से आनंद होगा। किसी रमणीय स्थल पर प्रवास या पर्यटन की संभावना अधिक है।

धनु -आज अपनी बोली पर संयम रखें। आपको किसी बात पर गुस्सा भी आ सकता है। इससे किसी के साथ वाद-विवाद हो सकता है। मानसिक रूप से चिंता सताएगी। दुर्घटना से सावधान रहें। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा।

मकर -आज का दिन लाभदायी है। संबंधियों और मित्रों से आनंददायी मुलाकात होगी। विवाहोत्सुकों को इच्छित जीवनसाथी मिलने से आनंद में वृद्धि होगी। व्यापार की दृष्टि से भी लाभदायी दिन है।

कुंभ -आज आपकी शारीरिक और मानसिक स्थिति अच्छी रहेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में आपके काम की प्रशंसा होगी, जो कि आपके लिए आनंददायी रहेगी। कार्यालय में सहकर्मियों का भी सहयोग मिलेगा।

मीन -आज अधिकारियों के साथ संबंधों में दरार न पड़े, इसका ध्यान रखें। शारीरिक शिथिलता और मानसिक चिंता बनी रहेगी। विरोधियों के साथ वाद-विवाद को टालें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**



## जासूसी उपग्रह प्रक्षेपण का दूसरा प्रयास विफल रहा : उ कोरिया

**प्योंगयांग,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया ने कहा है कि जासूसी उपग्रह प्रक्षेपण करने का उसका दूसरा प्रयास विफल हो गया है। दक्षिण कोरिया की योनहाप समाचार एजेंसी ने कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के हवाले से यह खबर दी है।

समाचार एजेंसी के मुताबिक, उत्तर कोरिया अक्टूबर में उपग्रह के तीसरे प्रक्षेपण का प्रयास करेगा। योनहाप ने पहले दक्षिण कोरिया की सेना का हवाला देते हुए बताया था कि उत्तर कोरिया ने बुधवार को एक तथाकथित अंतरिक्ष प्रक्षेपण यान प्रक्षेपित किया।

# चीन बांग्लादेश में बाहरी हस्तक्षेप का करता है विरोध : जिनपिंग




■ ढाका में चीनी दूतावास ने एक बयान में गुरुवार को दी यह जानकारी

**ढाका,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि चीन बंगलादेश में बाहरी हस्तक्षेप का विरोध करता है और उसकी राष्ट्रीय संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा का समर्थन करता है, जिससे बंगलादेश में एकता एवं अखंडता लगातार बनी रहे और उसका विकास एवं पुनरोद्धार हो सके। ढाका में चीनी दूतावास ने एक बयान में गुरुवार को यह जानकारी दी।

दूतावास ने बयान में कहा गया कि श्री जिनपिंग ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ बैठक की, जिसमें दोनों पक्षों ने आधारभूत संरचना, सूचना प्रौद्योगिकी, नई ऊर्जा और कृषि सहित अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का आग्रह किया। दोनों देशों के नेताओं के बीच यह बैठक 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर बुधवार शाम को होटल हिल्टन सैंडटन में हुई। चीनी राष्ट्रपति ने चीन और बंगलादेश की उच्च गुणवत्ता वाली बेल्ट एंड रोड सहयोग पर जोर देने और अपनी आर्थिक पूरकता को समुचित अवसर प्रदान करने पर वार्ता हुई।श्री जिनपिंग ने कहा कि चीन और बंगलादेश के बीच पारंपरिक मित्रता है और दोनों पक्षों ने 2016 में द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक सहकारी साझेदारी को आगे बढाया है। मौजूदा समय में चीन और बंगलादेश दोनों अपने देश के विकास और पुनरुद्धार के एक महत्वपूर्ण चरण में हैं और चीनी पक्ष बंगलादेश के साथ विकास रणनीतियों के तालमेल को और मजबूत करने, विभिन्न क्षेत्रों में व्यावहारिक सहयोग को बढ़ावा देने, द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को एक नए स्तर पर लेकर जाने और दोनों देशों के नागरिकों को बेहतर लाभ पहुंचाने के लिए इच्छुक है। रिपोर्ट के अनुसार, चीनी पक्ष अपने-अपने मूल हितों से जुड़े मुद्दों पर एक-दूसरे का मजबूती से समर्थन करने और बंगलादेश के साथ काम करना जारी रखने को इच्छुक है।

## वर्ग पहेली 6296



**बायें से दायें:-**

१. इधर-उधर की बातें, गपशप
३. जहर पीना
५. हमेशा
६. वृद्धिकारक
७. बचा-खुचा
९. कलदार
१०. नियमबद्ध करना,
१२. नायाब
१३. यात्रियों का दल (उर्दू)
१४. क़त्ल करने की जगह
१६. निर्माण, सृजन
१८. नीति-विरुद्ध
२०. निषिद्ध, मनाही
२१. झूठ बोलने वाला
२३. किसी कहानी का मूल

**ऊपर से नीचे:-**

१. बुढ़ापा
२. स्वर्णनिर्मित
३. चीरने वाला, दिल दहलाने वाला
४. वर्षा ऋतु
५. निवारण, हल
८. रजामंद होना (मुहावरा)
१०. अवरोध रहित
११. अफसोस, दुख
१२. लाड़-प्यार, स्नेह
१३. वैधानिक (उर्दू)
१४. अधीनस्थ
१५. मुल्तवी, आगे के लिए बढ़ाया
१७. एक प्रसिद्ध पक्षी
१८. वरना
१९. अंधकार
२२. चिराग

### वर्ग पहेली-6295

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | व | शे | ष | ■ | ■ | प | रा | म | र्श |
| मू | ■ | ख | ■ | अं | ब | र | ■ | वे | ■ |
| हि | त | र | क्ष | क | ■ | दा | न | शी | ल |
| क | ■ | ■ | ■ | शा | र | दा | ■ | ■ | ल |
| ■ | आ | ग्ने | या | त्र | ■ | ■ | अ | ल | का |
| ■ | रो | ■ | पि | ■ | त | था | पि | ■ | र |
| उ | प | स्थि | त | ■ | बे | ■ | तु | ल | ना |
| त्त | ■ | र | ■ | मि | ला | प | ■ | गा | ■ |
| म | री | चि | ■ | लिं | ■ | ना | स | म | झ |
| ता | ■ | त्र | यो | द | शा | ह | ■ | ■ | ड़ी |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# वैगनर प्रमुख प्रिगोझिन की विमान दुर्घटना में मौत



**मॉस्को/वाशिंगटन,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। रूस में निजी सेना वैगनर के प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन की मॉस्को के पास टवर क्षेत्र में एक विमान दुर्घटना में मौत हो गई है। रुस की हवाई परिवहन संघीय एजेंसी ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। एजेंसी द्वारा अपने टेलीग्राम अकाउंट पर जारी सूची के अनुसार, प्रिगोझिन उन दस लोगों में शामिल थे, जिनकी बुधवार को विमान दुर्घटना में मौत हो गयी थी। एजेंसी ने पहले कहा था कि टवर क्षेत्र में विमान दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है, जिसमें कहा गया है कि यात्रियों में येवगेनी प्रिगोझिन भी शामिल थे। रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने कहा कि मॉस्को से सेंट पीटर्सबर्ग जा रहा एक निजी एम्ब्रेयर विमान बुधवार को टवर क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में विमान में सवार सभी दस लोगों की मौत हो गई। व्हाइट हाउस प्रेस पूल के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को इसके बारे में जानकारी दी गई। दुर्घटना के बारे में पूछे जाने पर श्री बाइडेन ने कहा, मैं वास्तव में नहीं जानता कि क्या हुआ लेकिन मैं आश्चर्यचकित नहीं हूं।

## कंबोडिया के नए प्रधानमंत्री ने विकास को बढ़ावा देने के लिए शुरू की रणनीति

**नोम पेन्ह,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। कंबोडिया के नवनिर्वाचित प्रधान मंत्री हुन मानेट ने गुरुवार को पहली कैबिनेट बैठक के दौरान 'पेंटागोनल रणनीति-प्रथम चरण 2023-2028' लॉन्च की।

कार्यक्रम में हुन मानेट ने कहा कि रणनीति विकास को बढ़ावा देने, नौकरियां पैदा करने, समानता सुनिश्चित करने, दक्षता बढ़ाने और कंबोडिया विजन 2050 को साकार करने की यात्रा में स्थिरता बनाए रखने के लिए डिज़ाइन की गई थी। उन्होंने कहा, अगले 25 वर्ष कंबोडिया के लिए एक नया चक्र होंगे, और देश अपने राष्ट्रीय गौरव को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की इच्छा रखता है । उन्होंने कहा, कंबोडिया की शाही सरकार पेंटागोनल रणनीति-प्रथम चरण के लिए पांच प्रमुख प्राथमिकताओं की पहचान करती है, अर्थात् लोग, सड़क, पानी, बिजली और प्रौद्योगिकी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि रणनीति का मिशन कड़ी मेहनत से हासिल की गई शांति की रक्षा और पोषण करना और 2030 तक उच्च मध्यम आय वाला देश और 2050 तक उच्च आय वाला देश बनने के मील के पत्थर को हासिल करने के लिए राष्ट्रीय विकास में तेजी लाना है।

## रूस ने यूक्रेन के ड्रोन हमले को किया नाकाम

**मास्को।** रूस ने ब्रांस्क और कलुगा क्षेत्रों में तीन मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) को नष्ट करके यूक्रेन के ड्रोन हमले को रोक दिया है। रूस रूसी रक्षा मंत्रालय ने बयान में गुरुवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के कहा, इस रात, विमान-प्रकार के मानव रहित हवाई वाहनों द्वारा आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के कीव शासन के प्रयास को विफल कर दिया गया। ब्रांस्क क्षेत्र में वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा दो यूएवी को नष्ट कर दिया गया। एक और यूक्रेनी ड्रोन का पता लगाया गया और कलुगा क्षेत्र के ऊपर वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा नष्ट कर दिया गया।

## सुडोकू 6296 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 8 | 6 | 4 | 9 | 3 | 2 | 1 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 4 | 3 | 1 |
| 6 | 9 | 3 | 7 | 4 | 1 | 5 | 2 | 8 |
| 4 | 1 | 8 | 2 | 5 | 3 | 7 | 9 | 6 |
| 5 | 8 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 9 | 4 | 6 | 1 | 2 | 8 | 3 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 | 2 |

## आज का इतिहास

1351-सुल्तान फिरोजशाह तुग़लक़ तृतीय की ताजपोशी
1916-टोटनबर्ग के युद्ध में रूस ने जर्मनी को पराजित किया।
1940-लिथुआनिया, लातविया और एस्तोनिया सोवियत संघ में शामिल हुए।
1957-भारतीय पोलो टीम ने विश्व कप जीता।
1963-सोवियत संघ के नेता जोसेफ स्टालिन के सोलह विरोधियों को फाँसी पर चढ़ा दिया गया।
1977-सर एडमंड हिलेरी का सागर से हिमालय अभियान हल्दिया बंदरगाह से शुरू।
1980-जिम्बाब्वे संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ।
1991-बेलारूस सोवियत संघ से अलग होकर स्वतंत्र देश बना।
1994-भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट का जन्म।
1997-मासूमा, इब्तेकार ईरान की पहली महिला उपराष्ट्रपति नियुक्त।
2001-लंदन में आस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर शेनवार्न टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 400 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले स्पिन गेंदबाज बने।
2003-मुंबई के गेटवे ऑफ़ इंडिया और मुंबी देवी मंदिर के पास हुए कार बम विस्फोट में 50 से ज़्यादा लोगों की मौत हो गई तथा 150 से अधिक घायल हो गए।
2008-मध्य प्रदेश सरकार ने वर्ष 2008-09 के लिए सरकारी स्कूलों के सभी छात्रों को बीमा करने का अनुरोधन किया।
2011-श्रीलंका की सरकार ने देश में घोषित आपातकाल को 30 वर्ष बाद वापस लिया।
2012-चाँद पर कदम रखने वाले दुनिया के पहले अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग का निधन।

**धार्मिकता** | सैद्धांतिक तौर पर समय से पहले समाप्त की जा चुकी है यात्रा

# अमरनाथ यात्रा में इस बार शामिल हुए 4.5 लाख श्रद्धालु

**जम्मू,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। कई दिन पहले ही सैद्धांतिक तौर पर खत्म हो चुकी अमरनाथ यात्रा में इस बार शामिल हुए 4.5 लाख श्रद्धालुओं की संख्या से अमरनाथ श्राइन बोर्ड खुश है। इस पर श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने संतुष्टि जताई है। हालांकि अमरनाथ यात्रा का धार्मिक समापन 31 अगस्त को रक्षा बंधन के दिन होना है।

आज उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर के लाल चौक स्थित दशनामी अखाड़े में पारंपरिक छड़ी-पूजन में भी भाग लिया।

छड़ी मुबारक 26 अगस्त को दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में 14,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा के लिए रवाना होगी।

जानकारी के लिए अमरनाथ यात्रा में पवित्र हिमलिंग के दर्शनों के अतिरिक्त सर्वाधिक महत्व की चीज छड़ी मुबारक है। सरकारी तौर पर भले ही यात्रा की तिथियां कुछ भी हो, लेकिन पौराणिक मान्यताओं के अनुसार यात्रा की अवधि छड़ी मुबारक से जुड़ी है है। अर्थात व्यास पूर्णिमा से श्रावण पूर्णिमा यानि रक्षा बंधन तक।

■ श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने संतुष्टि जताई

इस बार इसमें 4.50 लाख श्रद्धालु शामिल हुए हैं। पर



अमरनाथ यात्रा के प्रति एक रिकार्ड सबसे ज्यादा श्रद्धालुओं के शामिल होने का वर्ष 2011 की यात्रा में बना था जब रिकार्ड तोड़ 6.35 लाख श्रद्धालुओं ने इस यात्रा में शिरकत की थी। जानकारी के लिए वर्ष 2007 से लेकर वर्ष 2019 के आंकड़ों पर अगर एक नजर दौड़ाएं तो वर्ष 2016 में, जब हिज्बुल मुजाहिदीन के पोस्टर ब्याय बुरहान वानी की मौत हुई थी, सबसे कम 2.20 लाख श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए थे। जबकि चौंकाने वाली बात यह है कि वर्ष 2008 में जब अमरनाथ भूमि आंदोलन को लेकर जम्मू में दो माह तक लगातार आंदोलन, हड़ताल और कर्फ्यू लागू रहा था तब भी सरकारी रिकार्ड के मुताबिक, 5.50 लाख श्रद्धालुओं ने 14500 फुट की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा में बनने वाले हिमलिंग के दर्शन किए थे। हालांकि इस आंकड़े पर आज भी संदेह व्यक्त किया जाता रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2007, 2008, 2009, 2010, 2011, 2012, 2013, 2014, 2015, 2016, 2017 तथा 2018 में क्रमश: 2.63, 5.50, 3.75, 4.59, 6.35, 6.20, 3.53, 3.72, 2.20, 2.60 तथा 2.85 लाख श्रद्धालुओं ने शिरकत की। इस बार अमरनाथ गुफा में बनने वाले हिमलिंग के दर्शन के लिए 62 दिन की वार्षिक अमरनाथ यात्रा दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में पारंपरिक 48 किमी लंबे नुनवान मार्ग और मध्य कश्मीर के गांदरबल में 14 किमी लंबे बालटाल मार्ग से 30 जून को शुरू हुई थी।

## दुनिया को जानें

### बांग्लादेश में इस साल डेंगू से 500 से अधिक लोगों की मौत

**ढाका,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने कहा कि इस साल बांग्लादेश में डेंगू से 500 से अधिक मौतें दर्ज की गई हैं, क्योंकि दक्षिण एशियाई देश इस साल मच्छर जनित बीमारी के रिकॉर्ड प्रकोप से जूझ रहा है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने डीजीएचएस के आंकड़ों के हवाले से बताया कि बांग्लादेश में स्थानीय समयानुसार बुधवार सुबह 8:00 बजे से पहले के 24 घंटों में डेंगू से कम से कम 13 और लोगों की मौत हुई है। डीजीएचएस ने कहा कि बुधवार को 24 घंटे की अवधि में 2,070 डेंगू मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डेंगू ने इस साल अब तक कम से कम 506 लोगों की जान ले ली है और 106,429 लोग संक्रमित हुए हैं। साल 2000 में बांग्लादेश में पहली बार दर्ज की गई महामारी के बाद से यह सबसे घातक वर्ष है। स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत डीजीएचएस द्वारा बताए गए आंकड़ों के अनुसार, देश में 23 अगस्त तक 54,597 से अधिक डेंगू के मामले दर्ज किए गए है, जबकि पिछले महीने (जुलाई) में 43,854 लोग मच्छर जनित बीमारी से संक्रमित हुए थे।

# खेल जगत

## हैरी ब्रूक को वर्ल्ड कप टीम से बाहर करना बड़ी गलती है : मार्क बुचर

**लंदन,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर मार्क बुचर का मानना है कि विश्व कप के लिए इंग्लैंड की टीम से युवा इन-फॉर्म बल्लेबाज हैरी ब्रूक को बाहर किया जाना एक गलती है। पिछले हफ्ते वर्ल्ड कप-2023 के लिए इंग्लैंड की संभावित और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज के लिए टीम की घोषणा हुई थी। उसमें ब्रूक को जगह नहीं मिली। ब्रूक को शायद इसलिए भी टीम से बाहर किया गया क्योंकि ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने एक बार फिर वनडे फॉर्मेट में वापसी की है। स्टोक्स की वापसी से इंग्लैंड को भारत में अपने वनडे विश्व कप खिताब का बचाव करने में मदद मिलेगी। टेस्ट और टी20 में जबरदस्त सफलता हासिल करने के बावजूद, ब्रूक ने इंग्लैंड के लिए केवल तीन वनडे मैच खेले हैं। ये तीनों वनडे मैच युवा बल्लेबाज ने इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। घरेलू स्तर पर ब्रूक ने 2019 में यॉर्कशायर के लिए 50 ओवर का गेम खेला था।



# हम दूसरी बार महिला हॉकी एशियन ट्रॉफी खिताब जीत भारत का गौरव बढ़ाने को बेताब : सविता

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 24 अगस्त (देशबन्धु)। भारत की कप्तान दुनिया की बेहतरीन गोलरक्षक सविता रांची में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक झारखंड महिला हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में अपने ही घर में अपने ही दर्शकों के सामने खेलने को लेकर खासी रोमांचित हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम ने इससे पहले 2016 में पहली बार महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीता था और 2018 में उपविजेता रही थी। सातवीं महिला एशियन चैंपियंस हॉकी में शिरकत करने को लेकर भारत की कप्तान सविता ने कहा, भारतीय महिला हॉकी टीम अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपने गजब के प्रदर्शन से सुर्खियों में है।

हमारे लिए आगामी महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी बतौर टीम अपनी छाप छोडने का एक और मौका है। इस टूर्नामेंट में अपने घर में इस मौके का हम पूरा लाभ उठाना चाहेंगे। हम अपने घर में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर दूसरी बार महिला एशियन ट्रॉफी खिताब जीत भारत का गौरव बढ़ाने को बेताब हैं। हम हॉकी इंडिया, सरकार और सभी हितधारकों के आभारी हैं। हम इस बारमहिला एशियन ट्रॉफी हॉकी में यादगार प्रदर्शन करने को बेताब हैं।'

उन्होंने कहा, भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान के रूप में यह सुनकर ही रोमांचित हूं कि एशियन महिला चैंपियंस ट्रॉफी रांची में होगी। यह घोषणा इस बात का प्रमाण है कि भारत के साथ एशिया में भी महिला हॉकी ने प्रगति कर अपनी एक अलग पहचान बनाई है और इसमें अपने देश की नुमाइंदगी करना बड़े गर्व की बात है। अपने ही दर्शकों के सामने इसमें रांची में खेलना बेशक बहुत यादगार क्षण होगा। हमें अपने घरेलू दर्शकों का समर्थन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को प्रेरित करेगा। हम इस टूर्नामेंट में भारतीय महिला हॉकी के कौशल, संकल्प और संयुक्त ककी बानगी दिखाना चाहेंगे। हमारे लिए यह टूर्नामेंट महज एक टूर्नामेंट ही नहीं उससे बहुत ज्यादा मायने रखता है। यह हमारी महिला हॉकी के आगे बढने की कहानी बयां करता है।यह हॉकी खिलाडियों की खेल भावना और उनके जज्बे और संकल्प की मिसाल पेश करता है।'



## हॉकी 5 विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे : नवजोत

**नई दिल्ली।** आक्रामक मिडफील्डर नवजोत कौर की कप्तानी में भारत सलाला (ओमान) में महिला एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वॉलिफायर इलीट पूल में अपने अभियान का आगाज शुक्रवार को मलयेशिया के खिलाफ मैच से करेगा। भारत की महिला टीम इस टूर्नामेंट में इलीट पूल में जापान, मलयेशिया और थाईलैंड के साथ है। भारत की कप्तान नवजोत कौर ने कहा, %महिला एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वॉलिफायर इलीट पूल में कुछ बेहतरीन टीमें शिरकत करेंगी और इसीलिए हमें इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा । हम कुछ भी तय मान कर नहीं चल सकते। हम अपनी चिर परिखित आक्रामक हॉकी खेल कर हॉकी 5 विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हमें हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। हमारा लक्ष्य खुद को सर्वश्रेष्ठ साबित कर शीर्ष स्थान पर रहने का रहेगा। हमने अपनी कमजोरियों को दूर करने पर मेहनत करने के साथ खुद को मजबूत बनाने में कसर नहीं छोडी हैं। वहीं दूसरे चैलेंजर्स पूल में मेजबान ओमान, चीन, हांगकांग, चीनी ताइपे, इंडोनेशिया, बांग्लादेश और ईरान की महिला हॉकी टीमें हैं। 2024 एफआईएच हॉकी 5 विश्व कप में कुल 16 टीमें शिरकत करेंगी और बतौर मेजबान हांगकांग पहले ही इसके लिए क्वॉलिफाई कर चुका है। भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए 2024 एफआईएच हॉकी 5 विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई करने के लिए एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वॉलिफायर इलीट पूल में शीर्ष तीन स्थान पाना जरूरी है। इनके अलावा अफ्रीका, अमेरिका, यूरोप और ओशनिया महाद्वीप से भी शीर्ष तीन-तीन टीमों 2024 एफआईएच हॉकी 5 विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई करेंगी। भारत की महिला टीम आखिरी बार मलयेशिया से महिला हॉकी एशिया कप 2022 में खेली थभ और तब भारतीय टीम 9-0 से विजयी रही थी लेकिन जापान से तब वह 0-2 से हार गई थी ।भारतीय महिला टीम इससे पहले दोंगी(द. कोरिया) में महिला एशियन ट्रॉफी में थाईलैंड से भिड़ी थी और तब 13-0 से विजयी रही थी।


# अच्छा लगा कि लोग टेस्ट क्रिकेट पर कितना ध्यान दे रहे थे : पैट कमिंस

**सिडनी,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि 2023 एशेज सीरीज में लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान एलेक्स कैरी द्वारा इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो की स्टंपिंग के बाद के प्रभाव ने उन्हें इस तथ्य से परिचित बना दिया है कि लोग खेल से जुड़ गये हैं। लॉर्ड्स में दूसरे एशेज टेस्ट के पांचवें दिन के खेल में, बेयरस्टो 52वें ओवर में 10 रन पर थे, जब वह कैमरून ग्रीन के बाउंसर पर नीचे झुक गए और अनजाने में अपनी क्रीज से बाहर चले गए।

डिलीवरी को पकड़ने के बाद कैरी ने तुरंत अंडरआर्म थ्रो किया और स्टंप्स पर अपना थ्रो मारने के बाद खुशी से उछल पड़े। ऑन-फील्ड अंपायर अहसान रजा और क्रिस गैफनी ने फैसले को ऊपर भेजा, जहां टीवी अंपायर मरायस इरस्मस ने बेयरस्टो के आउट होने की पुष्टि की।

बर्खास्तगी के बाद प्रशंसकों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिन्होंने वही पुरानी ऑस्ट्रेलियाई टीम, हमेशा धोखा दे रहे हैं के नारे लगाने शुरू कर दिए और पूरे दिन दर्शकों ने मजाक उड़ाया, साथ ही कुछ ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को लंच के दौरान लॉन्ग रूम में एमसीसी सदस्यों से मौखिक दुर्व्यवहार का भी सामना करना पड़ा। चैनल सेवन के सनराइज शो में कमिंस ने कहा, मुझे लगता है कि बड़ी बात यह थी कि कितने लोग क्रिकेट के बारे में बोल रहे थे। यह [ऑस्ट्रेलिया में] सर्दियों का मध्य था और कुछ महीनों तक क्रिकेट मुख्य खेल था। इसलिए व्यक्तिगत रूप से, मुझे अच्छा लगा कि लोग टेस्ट क्रिकेट पर कितना ध्यान केंद्रित कर रहे थे और हर दिन प्रतियोगिता को पसंद कर रहे थे। और हमारे और उनके बीच पुरानी प्रतिद्वंद्विता भी है, हर एशेज श्रृंखला में कुछ न कुछ छूटता दिखता है।

अपनी टीम के साथी उस्मान ख्वाजा और डेविड वार्नर को एमसीसी सदस्यों से कुछ मौखिक आलोचना का सामना करने के बारे में बात करते हुए कमिंस ने कहा, यह निश्चित रूप से काफी पुराना गुस्सा था। मैंने पहले कभी ऐसा अनुभव नहीं किया है... लेकिन मैं कहूंगा कि अपने पूरे करियर में मैंने कम से कम 20 बार इस तरह का आउट देखा है और यह हमेशा आउट ही होता है। डेवी (डेविड वार्नर) और उस्सी (उस्मान ख्वाजा) कुछ सदस्यों की टिप्पणियों के बाद वापस चले गए, यह काफी गर्म हो रहा था। मुझे अन्य लोगों से गपशप मिली, फिर हम सभी ने गहरी सांस ली और शांत रहने का प्रयास किया। हमने ब्रेक लिया और फिर रीसेट हो गए। इंग्लैंड ने 2-0 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए सीरीज 2-2 से बराबर कर ली। हालाँकि ऑस्ट्रेलिया एशेज नहीं जीत सका, लेकिन वे कलश बरकरार रखने में सफल रहे। हमारा लक्ष्य एशेज को बरकरार रखना था, जो हमने किया, लेकिन अब भी मैं पीछे मुड़कर देखता हूं और कुछ पलों को देखता हूं, जो अगर हमारे मुताबिक चलते तो सीरीज ड्रॉ की बजाय जीत होती। हमने 2019 में भी वहां कलश बरकरार रखा, इसलिए हमने जो हासिल किया है उस पर मुझे बहुत गर्व है। घर से बाहर जीतना कठिन है, कमिंस ने कहा, जो ऑस्ट्रेलिया के वनडे कप्तान भी हैं।



# कंडीशनिंग कैंप शुरू होने से पहले केएल राहुल की फिटनेस सुर्खियों में

**बेंगलुरु,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप के लिए रवाना होने से पहले टीम इंडिया छह दिनों के कंडीशनिंग कैंप में शामिल होगी। इस दौरान केएल राहुल की फिटनेस पर सबकी नजरें रहेगी। सोमवार को नई दिल्ली में एशिया कप टीम की घोषणा की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा था कि राहुल एनसीए में दाहिनी जांघ की चोट से उबर गए थे, लेकिन अभी भी उनकी फिटनेस से संबंधित कुछ समस्याएं हैं जिसके कारण उन्हें शुरुआती मैच से बाहर रखा जा सकता है।

ईएसपीएनक्रिकइन्फो की एक रिपोर्ट के अनुसार, एनसीए की मेडिकल टीम राहुल के बल्लेबाजी कार्यभार से खुश है लेकिन उनके विकेटकीपिंग पर अब भी सस्पेंस बना हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बेंगलुरु में होने वाले छह दिवसीय शिविर, जो अलूर में कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के थ्री ओवल्स परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान ज्यादा फोकस केएल राहुल पर ही रहेगा।

इसमें कहा गया है, शिविर का उद्देश्य विश्व कप की तैयारी के अंतिम चरण पर ध्यान केंद्रित करने से पहले टीम बॉन्डिंग में एक अभ्यास के रूप में काम करना भी है। भारत के एशिया कप में भाग लेने के लिए 30 अगस्त को बेंगलुरु से कोलंबो के लिए रवाना होने की उम्मीद है। वे 4 सितंबर को नेपाल से खेलने से पहले 2 सितंबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। ग्रुप ए और बी से शीर्ष दो टीमें सुपर-4 में पहुंचेंगी, जहां वे कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में तीन और गेम खेलेंगे, जो 17 सितंबर को फाइनल की भी मेजबानी करेगा।

# कार्लसन ने आखिरकार जीता विश्व कप

**बाकू,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के 18 वर्षीय ग्रैंडमास्टर रमेशबाबू प्रज्ञानंद इतिहास रचने से चूक गये और उन्होंने फिडे विश्व कप 2023 के फाइनल में गुरुवार को नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन से हारने के बाद रजत पदक से संतोष किया। दो दिन में दो मुकाबले ड्रॉ होने के बाद शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लसन ने टाईब्रेक के पहले गेम में काले मोहरों से खेलते हुए 31वीं वरीयता प्राप्त प्रज्ञानंद को मात दी, जबकि सफेद मोहरों से खेलते हुए उन्होंने भारतीय खिलाड़ी को ड्रॉ पर रोक लिया। पांच बार विश्व चैंपियनशिप जीत चुके कार्लसन ने आखिरकार विश्व कप की ट्रॉफी भी अपने नाम कर ली। उन्हें इस जीत के लिये एक लाख दस हज़ार डॉलर के इनाम से नवाज़ा जायेगा, जबकि प्रज्ञानंद को 80,000 रुपये मिलेंगे।

टाईब्रेक के पहले रैपिड गेम में काले मोहरों से खेलते हुए कार्लसन ने प्रज्ञानंद की ई4 चाल का जवाब ई5 से दिया। दोनों खिलाड़ियों ने सटीक चालें चलीं लेकिन प्रज्ञानंद ने 42वीं चाल पर प्यादे को ए5 से ए6 पर बढ़ाया, जो गलत साबित हुआ। कार्लसन इस गलती का फायदा उठाकर शह मात के करीब आ गये और प्रज्ञानंद ने हार मान ली। दूसरे गेम में कार्लसन ने ई4 से शुरुआत की और चौकसी के साथ खेलते हुए कोई गलती नहीं की। प्रज्ञानंद ने मात्र 22 चालों के बाद ड्रॉ पर सहमति जताई और कार्लसन विश्व कप फाइनल में 1.5-0.5 से विजयी हुए।

उल्लेखनीय है कि प्रज्ञानंद विश्व कप फाइनल में पहुंचने वाले सबसे युवा खिलाड़ी थे। साथ ही, उन्होंने कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिये भी क्वालीफाई कर लिया है और वह कार्लसन और बॉबी फिशर के बाद ऐसा करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं। प्रज्ञानंद फिडे विश्व कप का फाइनल खेलने वाले दूसरे भारतीय भी थे, जबकि उनसे पहले सिर्फ विश्वनाथन आनंद ने ऐसा किया था।




## सार संक्षेप

### बारिश में धुला तीसरा टी2, भारत ने श्रृंखला जीती

**डबलिन।** भारत और आयरलैंड के बीच तीसरा टी2 मुकाबला बारिश में धुलने के बाद मेहमान टीम ने श्रृंखला 2- से जीत ली। मालाहाइड में लगातार बारिश होते रहने के कारण न ही टॉस हो सका और न ही एक भी गेंद फेंकी जा सकी। मैच शुरू होने के निर्धारित समय के करीब तीन घंटे बाद बादलों ने बरसना बंद किया, हालांकि इस समय तक मैदान अत्यधिक गीला हो चुका था। अंपायरों ने इसे ध्यान में रखते हुए स्थानीय समयानुसार शाम पांच बजकर 58 मिनट पर मैच रद्द करने का फैसला लिया। भारत ने पहले वर्षाबाधित टी2 में डकवर्थ लुइस पद्धति से दो रन से जीत हासिल की थी, जबकि दूसरे मुकाबले में आयरलैंड को 33 रन से हराया था। इस टीम के कई युवा खिलाड़ी अब चीन के हांग्झोउ में होने वाले एशियाई खेलों में रवाना होंगे, जबकि जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, तिलक वर्मा और संजू सैमसन एशिया कप खेलने वाली टीम के साथ श्रीलंका जायेंगे।

### एशियाई खेलों से पहले तैराक माना ओडिशा में लेंगी प्रशिक्षण

**भुवनेश्वर।** टोक्यो ओलंपियन तैराक माना पटेल हांग्झोउ एशियाई खेलों के लिये भुवनेश्वर में नवनिर्मित इंडोर एक्वाटिक सेंटर में प्रशिक्षण लेंगी। यह शीर्ष तैराक ओडिशा जेएसडब्ल्यू तैराकी एचपीसी के तकनीकी निदेशक डगलस ईगर के मार्गदर्शन में एशियाड के लिये तैयारी करेंगी। माना ने अपनी तैयारियों पर कहा, मैं यह देखने के लिये उत्सुक हूं कि मैं कैसा प्रदर्शन करती हूं। उसके बाद देखेंगे कि आगे क्या होता है, फिलहाल मेरा पूरा ध्यान अपने प्रशिक्षण और एशियाई खेलों पर केंद्रित है। माना ने ओडिशा में प्रशिक्षण लेने के फैसले पर कहा, मुझे लगता है कि बदलाव होना अच्छा होता है। माहौल को बदलना और उस बदलाव में खुद को ढलते हुए देखना अच्छा होता है। मैं पिछले एक महीने से यहां हूं और अपने प्रशिक्षण से खुश हूं। यहां बहुत अधिक शांति है और मैं अपने प्रशिक्षण और तैराकी पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित कर रही हूं। उन्होंने कहा, सबसे महत्वपूर्ण बात कोच और एक एथलीट के बीच संवाद है और मैं इसे यहां पाकर खुश हूं। मैंने अभी-अभी कोच डगलस को जानना शुरू किया है और हम धीरे-धीरे संवाद को आगे बढ़ा रहे हैं। वह एक इंसान और एक एथलीट के तौर पर मुझे समझने की कोशिश कर रहे हैं। वह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि मैं कौन हूं और मेरी क्या जरूरतें हैं और वे बतौर तैराक मुझे कैसे प्रभावित कर सकती हैं।

# एशिया कप से पहले अनुकूलन शिविर में हिस्सा लेगी भारतीय टीम

**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप के लिये चुने गये 18 भारतीय खिलाड़ी अगले तीन महीनों के ठसाठस कार्यक्रम को देखते हुए गुरुवार से बेंगलुरु में छह दिनों के अनुकूलन शिविर में हिस्सा लेंगे। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की ओर से गुरुवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, खिलाड़ियों ने शिविर के लिये अलुर में स्थित कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के थ्री ओवल्स कैंपस पहुंचना शुरू कर दिया है। इस शिविर में जहां खिलाड़ियों की फिटनेस पर प्रमुखता से ध्यान दिया जायेगा, वहीं विश्व कप की तैयारी के आखिरी चरण में पहुंचने से पहले टीम समन्वय पर भी विशेष रूप से काम करेगी।



रिपोर्ट के अनुसार, आयरलैंड टी20 श्रृंखला खेलने गये संजू सैमसन, जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा को छोड़कर सभी खिलाड़ी गुरुवार को फिटनेस मूल्यांकन से गुजरे। इसके बाद पहले दिन खिलाड़ियों ने कुछ इनडोर सत्रों में हिस्सा लिया। अब ये खिलाड़ी शुक्रवार से अनुकूलन और कौशल-आधारित अभ्यास के लिये समूहों में विभाजित किये जायेंगे। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार वेस्ट इंडीज में टी20 श्रृंखला छोड़कर लौटे वरिष्ठ खिलाड़ियों को पिछले दो हफ्तों में व्यक्तिगत फिटनेस और आहार योजना दी गई थी। खिलाड़ियों के लिये विशेष योजना तैयार करने की प्रथा अनोखी नहीं है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों को ध्यान में रखते हुए बीसीसीआई कार्यभार के प्रति सतर्क रहा है। इस अनुकूलन शिविर में केएल राहुल और श्रेयस अय्यर पर विशेष ध्यान रहेगा। अय्यर जहां पूरी तरह फिट हैं, वहीं राहुल की मांसपेशी में खिंचाव की शिकायत है जिसकी वजह से वह एशिया कप के शुरुआती दो मैचों से बाहर रह सकते हैं। भारतीय टीम 30 अगस्त को बेंगलुरु से कोलंबो के लिये रवाना होगी। रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत का अभियान दो सितंबर को पाल्लेकेले में चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ शुरू होगा।

# मुंबई सिटी से खेलने भारत आएंगे नेमार

**कुआला लंपुर,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। मुंबई सिटी एफसी को एएफसी चैंपियंस लीग 2023-24 के ग्रुप डी में सऊदी अरब के अल हिलाल एसएफसी के साथ रखा गया है। एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने गुरुवार को ड्रॉ आयोजित करने के बाद यह जानकारी दी।

इसका अर्थ है कि हाल ही में अल हिलाल के साथ अनुबंध करने वाले ब्राज़ील के अनुभवी खिलाड़ी नेमार सब कुछ सही रहने पर मुंबई एफसी का मुकाबला करने के लिए भारत आयेंगे। एएफसी चैंपियंस लीग के मुकाबले घर और बाहर के प्रारूप में खेले जाएंगे। मुंबई सिटी एफसी अपने घरेलू मैच पुणे के श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेलेगी। ग्रुप डी में मुंबई सिटी का सामना एफसी नासाजी मजांदरन और पीएफसी नवबहोर नामंगन से भी होगा। भारतीय क्लब ने 2022-23 इंडियन सुपर लीग शील्ड और उसके बाद जमशेदपुर एफसी के खिलाफ क्लब प्ले-ऑफ जीतकर लगातार दूसरी बार एशिया की प्रमुख क्लब प्रतियोगिता के ग्रुप चरण के लिए क्वालीफाई किया है। रिकॉर्ड चार बार का एएफसी चैंपियंस लीग विजेता और पिछले छह में से चार सीजनों में फाइनल तक पहुंचने वाला अल हिलाल एसएफसी मुंबई सिटी की सबसे बड़ी परीक्षा साबित होगा। ईरान के 2021-22 हज़्फ़ी कप का विजेता एफसी नासाजी माज़ंदरान और 2022 उज्बेकिस्तान सुपर लीग का उपविजेता क्लब पीएफसी नवबहोर नामंगन एएफसी चैंपियंस लीग में पदार्पण करेगा। राउंड रॉबिन लीग में खेले जाने वाले ग्रुप चरण के बाद ग्रुप विजेता और पांचों समूहों ने दूसरे स्थान पर रहने वाली शीर्ष तीन टीमें प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंचेंगी। डेस बकिंघम की टीम ने पिछले सीज़न में एएफसी चैंपियंस लीग में शानदार प्रदर्शन किया था और इराक के अल कुवा अल जाविया पर दो जीत दर्ज करके सात अंकों के साथ ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर रही थी।



# बुमराह के साथ साझेदारी बेस्ट चल रही है, इसे आगे भी जारी रखना चाहता हूं : प्रसिद्ध कृष्णा

**डबलिन,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। इंजरी के कारण करीब एक साल तक खेल से दूर रहे तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में टीम इंडिया में वापसी की और दमदार प्रदर्शन भी किया। आयरलैंड के खिलाफ तीसरा टी20 मैच बारिश के कारण रद्द होने के बाद भारत ने सीरीज 2-0 से जीत ली। इस दौरान पीठ की चोट के कारण लगभग 11 महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर रहे प्रसिद्ध ने जियोसिनेमा से आयरलैंड के खिलाफ अपने प्रदर्शन, रिकवरी के दौरान अपने परिवार और दोस्तों से मिले समर्थन और भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ बिताए समय के बारे में बात की।

**भारतीय टीम में वापस आकर कैसा लग रहा है?**

मुझे एक लंबी छुट्टी मिली थी। मेरे पास तैयारी के लिए पर्याप्त समय था, तो मानसिक रूप से भी काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं। मुझे फिर से गेंदबाजी करते हुए कम से कम छह सप्ताह हो गए हैं और मैं हर गेंद पर अपना बेस्ट देना चाहता हूं। मैं अपनी गेंदबाजी का विश्लेषण कर रहा हूं, सुधार के क्षेत्रों की पहचान कर रहा हूं और इस बात पर विचार कर रहा हूं कि मैं टीम में क्या नई चीजें ला सकता हूं।

**आयरलैंड के खिलाफ अपनी वापसी से आप क्या समझते हैं?**

मुझे लगता है कि प्रदर्शन अच्छा रहा है। अच्छा और फिट महसूस करने के साथ-साथ, मैं अच्छी तरह से दौड़ रहा हूं और अपनी लेंथ लाइन में गेंदबाजी कर रहा हूं। मेरा मानना है कि यही मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। हालांकि, लय में आने के लिए मुझे अभी और मेहनत करने की जरूरत है।

**अपने रिहैब के दौरान आप किन प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे?**

एनसीए में हम जितने समय रहे, वो बेहद लाभकारी साबित हुआ। व्यक्तिगत रूप से हमने अपने उद्देश्यों के बारे में जो स्पष्टता बनाए रखी, उससे मुझे बहुत मदद मिली। हर बार जब हमने कोई योजना बनाई, तो हमने पिछले सप्ताह की समीक्षा करना, वर्तमान स्थितियों का आकलन करना और यह समझना सुनिश्चित किया कि मैं दैनिक आधार पर कैसा महसूस कर रहा था।

इस निरंतर संचार ने हमें अपने प्रयासों को प्रभावी ढंग से काम करने की अनुमति दी। शुरुआत में, योजना का ध्यान शरीर को फिट करने पर था - यह सुनिश्चित करना कि मैं अच्छा महसूस करूं, अपनी फिटनेस पर काम करना और किसी भी चिंता का समाधान करना।




**आपके पुनर्वास में आपके परिवार ने क्या भूमिका निभाई?**

इस पूरी यात्रा के दौरान मेरा संयम बनाए रखने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है। मैंने कभी भी ऐसे दिन का अनुभव नहीं किया जब मैंने ऐसा महसूस किया हो या सवाल किया हो कि मैं हर किसी की तरह क्यों नहीं खेल रहा हूं या भाग क्यों नहीं ले रहा हूं। लेकिन मुझे मेरे परिवार और दोस्तों का पूरा सपोर्ट मिला जिससे मुझे रिकवरी के दौरान मदद मिली।

**हमें जसप्रीत बुमराह के साथ अपनी साझेदारी के बारे में बताएं।**

मैं हमेशा उनकी क्षमताओं और चीजों को सरल बनाए रखने के तरीके का मुरीद हूं। दबाव में शानदार गेंदबाजी करने की उनकी कला की मैं लंबे समय से प्रशंसा करता रहा हूं। एनसीए में हमारी रिकवरी अवधि के दौरान मेरे पास उनके साथ रहने का पर्याप्त समय था। इससे हमें एक-दूसरे के बारे में और अधिक जानने का मौका मिला - हम कैसे तैयारी करते हैं और हम खेल की स्थितियों पर कैसे प्रतिक्रिया देते हैं।

यह एक अच्छा अनुभव रहा है। चाहे वह क्रिकेट, मानसिक पहलुओं या पुनर्वास संबंधी चिंताओं पर चर्चा हो, वह हर समय सहायक रहे हैं। हमारी साझेदारी बढ़िया चल रही है और हम इसे जारी रखने के लिए उत्सुक हैं।

**आगामी टूर्नामेंटों से आपकी क्या उम्मीदें हैं?**

विश्व कप से पहले 8-9 वनडे मैचों के साथ-साथ अभ्यास मैचों का होना हमारी तैयारी के लिए बेहद फायदेमंद है। टीम इंडिया ने बहुत सारे वनडे मैच खेले हैं और इससे प्रत्येक खिलाड़ी के भीतर टीम की सफलता में योगदान देने में अपनी-अपनी भूमिका के बारे में स्पष्ट समझ पैदा हुई है। व्यक्तिगत तौर पर, मेरा ध्यान निरंतरता हासिल करने और अपनी लय हासिल करने पर है।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर



**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी लौटने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

# भारतीय अर्थव्यवस्था में वैश्विक आशावाद है : मोदी

**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जयपुर में जी20 व्यापार और निवेश मंत्रियों की बैठक को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में वैश्विक आशावाद और विश्वास है। भारत को खुलेपन अवसर और विकल्प के संयोजन के रूप में देखा जाता है। पीएम मोदी ने कहा, नौ वर्षों के दौरान, भारत पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बन गया है। यह हमारे निरंतर प्रयासों का परिणाम है। हमने 2014 में सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन की यात्रा शुरू की। प्रधान मंत्री ने कहा, महामारी से लेकर भू-राजनीतिक तनाव तक, वर्तमान वैश्विक चुनौतियों ने विश्व अर्थव्यवस्था का परीक्षण किया है, इसलिए जी20 के रूप में, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और निवेश में विश्वास का पुनर्निर्माण करना हमारी जिम्मेदारी है। हमें लचीला और समावेशी निर्माण करना चाहिए वैश्विक मूल्य श्रृंखलाएँ जो भविष्य के झटकों को झेल सकेंगी।

इस संदर्भ में, वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के मानचित्रण के लिए एक जेनेरिक फ्रेमवर्क बनाने का भारत का प्रस्ताव महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी ने कहा, इस ढांचे का लक्ष्य कमजोरियों का आकलन करना, जोखिमों को कम करना और लचीलापन बढ़ाना है।

उन्होंने कहा, व्यापार में प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी शक्ति निर्विवाद है। भारत के ऑनलाइन



एकल अप्रत्यक्ष कर - जीएसटी - में बदलाव ने अंतर-राज्य व्यापार को बढ़ावा देने वाले एकल आंतरिक बाजार बनाने में मदद की। हमारा यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटर-फेस प्लेटफॉर्म व्यापार लॉजिस्टिक्स को सस्ता और अधिक पारदर्शी बनाता है। एक अन्य गेम चेंजर डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क है, जो हमारे डिजिटल मार्केटप्लेस इकोसिस्टम को लोकतांत्रिक बनाएगा,

उन्होंने कहा, भारत एक नियम-आधारित, खुली, समावेशी, बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली में विश्वास करता है, जिसके मूल में डब्ल्यूटीओ है।

प्रधान मंत्री ने कहा, भारत ने 12वें डब्ल्यूटीओ मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में वैश्विक दक्षिण की चिंताओं की वकालत की है। हम लाखों किसानों और छोटे व्यवसायों के हितों की रक्षा पर आम सहमति बनाने में सक्षम थे। वैश्विक स्तर पर उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए हमें एमएसएमई पर अधिक ध्यान देना चाहिए। एमएसएमई 60 से 70 प्रतिशत रोजगार देते हैं और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 50 प्रतिशत का योगदान देते हैं। उन्हें हमारे निरंतर समर्थन की आवश्यकता है। उनका सशक्तिकरण सामाजिक सशक्तिकरण में बदल जाता है। हमारे लिए, एमएसएमई का अर्थ है - सूक्ष्म, लघु और मध्यम को अधिकतम समर्थन उद्यम।

भारत ने हमारे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म - सरकारी ई-मार्केटप्लेस के माध्यम से एमएसएमई को सार्वजनिक खरीद में एकीकृत किया है। हम पर्यावरण पर शून्य दोष और शून्य प्रभाव के लोकाचार को अपनाने के लिए अपने एमएसएमई क्षेत्र के साथ काम कर रहे हैं। वैश्विक स्तर पर उनकी भागीदारी बढ़ रही है व्यापार और वैश्विक मूल्य श्रृंखला भारतीय राष्ट्रपति पद की प्राथमिकता रही है।

जयपुर में जी20 प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए पीएम मोदी ने कहा, यह क्षेत्र अपने गतिशील और उद्यमशील लोगों के लिए जाना जाता है।

## एबीएफएल एमएसएमई को देगी बगैर गांरटी के दो लाख रुपये तक के ऋण



**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। आदित्य बिड़ला कैपिटल की ऋण देने वाली सहायक कंपनी आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड (एबीएफएल) ने एमएसएमई के लिए एक इनोवेटिव वन-स्टॉप बिजनेस प्लेटफॉर्म उद्योग प्लस लाँच करते हुये आज कहा कि इसके माध्यम से एमएसएमई दो लाख रुपये तक के ऋण बगैर गारंटी के ले सकेंगे।

कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ राकेश सिंह ने आज यहां इसे लाँच करते हुये कहा कि यह नया बी2बी डिजिटल प्लेटफॉर्म 'उद्योग प्लस' दिल्ली-एनसीआर के बढ़ते एमएसएमई क्षेत्र के लिए फाइनेंस संबंधी सॉल्यूशंस की एक व्यापक रेंज प्रस्तुत करता है। इनमें फाइनेंसिंग, सुरक्षा, निवेश, सलाहकार और मूल्य वर्धित सेवाएं शामिल हैं। उद्योग प्लस के माध्यम से, एबीएफएल का लक्ष्य मध्यप्रदेश में एमएसएमई की तरक्की और विकास को सुविधाजनक बनाना है। इसके लिए उन्हें महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। यह प्रक्रिया अत्यंत आसान और पूरी तरह कागज रहित होगी। इस तरह एमएसएमई को सशक्त बनाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि ऋण देने के परिदृश्य में वित्तीय समावेशन और डिजिटलीकरण को बढ़ावा दिया जा सके।

उन्होंने कहा कि उद्योग प्लस एक ओपन मार्केट प्लेस है जिसे एबीएफएल के मौजूदा और नए दोनों ग्राहकों द्वारा आदित्य बिड़ला कैपिटल वेबसाइट के फाइनेंसिंग सेक्शन के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है। दो लाख रुपये तक ऋण के लिए किसी तरह की गांरटी की जरूरत नहीं होगी लेकिन एमएसएमई अब उद्योग प्लस की पूरी तरह से कागज रहित डिजिटल यात्रा के माध्यम से 10 लाख रुपए तक का व्यावसायिक ऋण प्राप्त कर सकते हैं। असुरक्षित व्यावसायिक ऋणों के अलावा, प्रमोटरों, मालिकों और कर्मचारियों सहित एमएसएमई का संपूर्ण इको सिस्टम उद्योग प्लस द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं का लाभ उठा सकता है, जैसे जरूरत के अनुसार सुरक्षित ऋण, बीमा, निवेश समाधान इत्यादि।

## चंद्रयान-3 में जिंदल स्टेनलेस का विशेष किस्म का 'अलॉय' इस्पात का भी उपयोग

**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। स्टेनलेस स्टील निर्माता जिंदल स्टेनलेस ने एक विशेष और मज़बूत किस्म का 'अलॉय' (मिश्रित) इस्पात विकसित किया है जिसकी आपूर्ति इसरो के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 के मोटर आवरण में उपयोग के लिए की गई है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को आपूर्ति किया गया यह विशेष किस्म का इस्पात आमतौर पर अलग- अलग देशों से आयात किया जाता है। इसे आधुनिक शोधन प्रक्रिया की मदद से तीन साल में सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है, जिसने इस महत्वपूर्ण परियोजना के कड़े गुणवत्ता मानकों और विशिष्टताओं पर खरा उतरते हुए अंतरिक्ष की दौड़ में भारत को आगे रखने में मदद की है। यह ताप रोधी पदार्थ मोटर को झटके और ऊंचे तापमान दोनों से बचाता है। इसके असाधारण गुण अत्यधिक तापमान में भी कायम रहते हैं, जो महत्वपूर्ण अंतरिक्ष अभियानों के लिए इसकी विश्वसनीयता और उपयुक्तता को रेखांकित करते हैं।जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने इस पर कहा, चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग ऐतिहासिक है और हमें इस मिशन में अपनी भूमिका निभाने पर गर्व है। हमारा योगदान आत्मनिर्भर भारत की गाथा को मज़बूत बनाता है क्योंकि हमने निरंतर नवाचार के माध्यम से इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय परियोजना के लिए स्वदेशी रूप से विकसित सर्वोत्तम श्रेणी की गुणवत्ता वाली सामग्री प्रदान की है।

## ईएमएस लिमिटेड आईपीओ के जरिए 3 से 32 करोड़ रुपये जुटाएगी

नई दिल्ली, 24 अगस्त (देशबन्धु)। पानी और सीवरेज के क्षेत्र में काम करने वाली प्रमुख कंपनी ईएमएस लिमिटेड ने आईपीओ के जरिए 300 से 320 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है। कंपनी की योजना सितंबर 2023 में आईपीओ लाने की है। कंपनी का मुख्यालय गाजियाबाद में है। यह कंपनी पानी और सीवरेज की समस्या का समाधान करती है। कंपनी ने उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड और राजस्थान आदि राज्यों में सीवरेज नेटवर्क बिछाने से लेकर सीवरेज और जल उपचार संयंत्र बनाने का काम किया है। लगभग 20त्न के शुद्ध मार्जिन के साथ कंपनी केवल उच्च-मार्जिन वाली एकीकृत परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

मार्च 2023 में, ईएमएस लिमिटेड ने सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से कुल मिलाकर धन जुटाने के लिए सेबी के पास मसौदा पत्र दाखिल किया। 180.00 करोड़. अब, कंपनी ने रुपये के निर्गम मूल्य पर




- कंपनी का लक्ष्य उच्च-मार्जिन वाली एकीकृत परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करना
- सितंबर 2023 में अपना आईपीओ लॉन्च करने की है कंपनी की योजना

16,00,000 इक्विटी शेयरों का प्री-आईपीओ प्लेसमेंट पूरा कर लिया है। कंपनी के प्रमोटर रामवीर सिंह द्वारा 82.94 लाख शेयरों की बिक्री की पेशकश की गई है।

कंपनी की आगे की योजनाओं के बारे ईएमएस लिमिटेड के संस्थापक अध्यक्ष और कार्यकारी निदेशक, श्री रामवीर सिंह ने कहा कि स्थापना के बाद से ही कंपनी ने उच्च-मार्जिन वाले व्यवसाय की ओर ध्यान केंद्रित किया है। इसलिए पानी और सीवरेज के क्षेत्र में काम करना प्रमुख उद्देश्य है। श्री सिंह ने कहा कि सरकार का उद्देश्य भी लोगों को गुणवत्तायुक्त पानी देने और सीवरेज की समस्या को समाप्त करने की है। इसलिए कंपनी पेशेवर लोगों को लेकर आगे बढ़ रही है। श्री सिंह ने उम्मीद जताई कि आईपीओ के जरिए जुटाए गए धन से कंपनी और बेहतर तरीके से काम कर सकेगी। कंपनी की 100त्न परियोजनाएँ विश्व बैंक के माध्यम से वित्त पोषित सरकारी या अर्ध-सरकारी एजेंसियों द्वारा जारी निविदाओं से संबंधित हैं।


# जियो फाइनेंस में भारी गिरावट से बाजार ने गंवाई तेजी

**मुंबई** 24 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर जियो फाइनेंस, रिलायंस, एनटीपीसी, मारुति और टाटा स्टील समेत अठारह दिग्गज कंपनियों में करीब पांच प्रतिशत तक की गिरावट के दबाव में शेयर बाजार ने पिछले लगातार तीन दिन की तेजी आज गंवा दी।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 180.96 अंक की गिरावट लेकर 65,252.34 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 57.30 अंक उतरकर 19,386.70 अंक पर आ गया। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.11 प्रतिशत की तेजी लेकर 30,980.16 अंक और स्मॉलकैप 0.21 प्रतिशत चढ़कर 36,142.74 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3780 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1827 में गिरावट जबकि 1789 में तेजी रही वहीं 164 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह 35 में बिकवाली जबकि 16 में लिवाली हुई।

बीएसई के 11 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.01, ऊर्जा 0.69, वित्तीय सेवाएं 0.05, हेल्थकेयर 0.72, इंडस्ट्रियल्स 0.12, यूटिलिटीज 0.03, ऑटो 0.35, कैपिटल गुड्स 0.30, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.39, धातु 0.45 और तेल एवं गैस समूह के शेयर 0.23 प्रतिशत गिर गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी रही। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.37, जर्मनी का डैक्स 0.24, जापान




का निक्केई 0.87, हांगकांग का हैंगसेंग 2.05 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.12 प्रतिशत मजबूत रहा।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 289 अंक की तेजी लेकर 65,722.51 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 65,913.77 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद शुरू हुई बिकवाली के दबाव में यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 65,181.94 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 65,433.30 अंक के मुकाबले 0.28 प्रतिशत टूटकर 65,252.34 अंक पर रहा गया।

इसी तरह निफ्टी भी 91 अंक मजबूत होकर 19,535.15 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,584.45 अंक के उच्चतम जबकि 19,369.00 अंक के निचले स्तर पर रह। अंत में पिछले सत्र के 19,444.00 अंक की तुलना में 0.29 प्रतिशत उतरकर 19,386.70 अंक पर रहा।

इस दौरान गिरावट पर रही सेंसेक्स की 18 कंपनियों में जियो फाइनेंस ने सबसे अधिक 4.99 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही रिलायंस 1.76, पावरग्रिड 1.32, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 1.19, एलटी 1.10, एचसीएल टेक 0.92, विप्रो 0.65, टाटा स्टील 0.55, एचडीएफसी बैंक 0.48, टाटा मोटर्स 0.45, सन फार्मा 0.43, एनटीपीसी 0.34, टीसीएस 0.31, मारुति 0.31, टाइटन 0.22, टेक महिंद्रा 0.20, बजाज फिनसर्व 0.06 और एसबीआई के शेयर 0.03 प्रतिशत कमजोर रहे। वहीं, मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में इंडसइंड बैंक 1.72, एशियन पेंट 1.68, इंफोसिस 1.19, अल्ट्रासिमको 0.65, नेस्ले इंडिया 0.39, एक्सिस बैंक 0.29, आईसीआईसीआईसीआई बैंक 0.28, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.24, बजाज फाइनेंस 0.23, भारती एयरटेल 0.20, आईटीसी 0.08 और महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.03 प्रतिशत शामिल रही।

## सरसों, मूंगफली और वनस्पति तेल में तेजी



**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में जारी गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल के भाव चढ़ गए।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा छह रिंगिट की मामूली गिरावट के साथ 3806 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.54 सेंट उतरकर 62.43 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 146 रुपये, मूंगफली तेल 220 रुपये और वनस्पति तेल 133 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। वहीं, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान गुड़ 100 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि चीनी के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में मसूर दाल में 50 रुपये प्रति क्विंटल की नरमी को छोड़कर लगभग स्थिरता रही। इस दौरान चना, दाल चना, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 8000-8100, मूंग दाल 9100-9200, उड़द दाल 11400-11500, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और **चावल :** 3000-3100 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3640-3740, चीनी एम. 3900-4000, मिल डिलीवरी 3520-3620 और गुड़ 4200-4300 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

# जी2 में व्यापार, निवेश में बाधा हटाने, उत्पादकता, समृद्धि बढ़ाने पर ध्यान हो : गोयल

**जयपुर,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि जी20 में शामिल देशों के व्यापार और निवेश मंत्रियों की बैठक (टीआईएमएम) में अंतरराष्ट्रीय व्यापार और निवेश में बाधाओं को कम करने तथा उत्पादकता और आउटपुट को बढ़ावा देने में मदद कर सभी के लिए आर्थिक विकास और समृद्धि को बढ़ाने पर फोकस रहेगा।

श्री गोयल ने यहां गुरुवार को टीआईएमएम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि ठोस, निर्णायक और सामूहिक रूप से ऐसे काम किए जाएं, जो परिणाम दे सकें। उनके पास उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण और कपड़ा मंत्रालय भी है। उन्होंने कहा कि टीआईएमएम में बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली, समावेशी व्यापार और व्यापार तथा व्यवसाय को आसान बनाने से जुड़े मुद्दों पर साझा परिणाम प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इन मुद्दों पर भारत की जी20 अध्यक्षता में आयोजित चार व्यापार और निवेश कार्य समूह (टीआईडब्ल्यूजी) की बैठकों में विचार-विमर्श किया गया है। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि बैठकों का उद्देश्य निष्पक्ष, समावेशी और टिकाऊ व्यापार तथा इससे सम्बन्धित निवेश नीतियां तैयार करना है। श्री गोयल ने बताया कि टीआईएमएम में तीन सत्र होंगे जिनका विषय होगा- वैश्विक विकास और समृद्धि के लिए बहुपक्षीय व्यापार, समावेशी और लचीले व्यापार तथा पेपरलेस ट्रेड के लिए तकनीक का लाभ उठाना। मौजूदा बहुराष्ट्रीय चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए इन सत्रों में होने वाली चर्चा से महत्वपूर्ण परिणाम सामने आएंगे।

उन्होंने कहा कि टीडब्लूआईजी बैठकों में पांच प्राथमिकता वाले मुद्दों - विकास और समृद्धि के लिए व्यापार, रेजिलिएंट ट्रेड और ग्लोबल वेल्यू चेन्स (जीवीसी), सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को विश्व व्यापार से जोड़ने, व्यापार के लिए लॉजिस्टिक्स और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में सुधार पर गहन चर्चा की गयी है। इनमें अन्य आमंत्रित देशों के प्रतिनिधि भी शामिल थे।

उन्होंने कहा कि आज की आपस में जुड़ी



दुनिया में वैश्विक विनिर्माण श्रृंखला की अवधारणा ने राष्ट्रों के व्यापार और निवेश में शामिल होने के तरीके में क्रांति ला दी है। श्री गोयल ने कहा कि कोविड-19 महामारी और ऐसे ही अन्य बड़े घटनाक्रमों ने वैश्विक मूल्य-वर्धन श्रृंखला को बाधित कर दिया है और हमें समावेशी और स्वस्थ उत्पादन श्रृंखला को बढ़ावा देने के महत्व का एहसास कराया है।

श्री गोयल ने कहा कि भारत ने अपनी जी20 अध्यक्षता के तहत वैश्विक अर्थव्यवस्था में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को पहचाना है और उन्हें बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एमएसएमई नवाचार को बढ़ावा देने वाली अर्थव्यवस्थाओं की रीढ़ हैं, ये नौकरियां पैदा करते हैं और समग्र आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

उन्होंने कहा कि विकास के नए रास्ते खोलने के लिए वैश्विक व्यापार में एमएसएमई की समान पहुंच और भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने एमएसएमई को सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) से सफलतापूर्वक जोड़ने और इससे हुए लाभ के उदाहरण भी बताए।

वाणिज्य मंत्री ने कहा कि समावेशी विकास को बढ़ावा देने की साझा प्रतिबद्धता हमारी पारंपरिक व्यवस्थाओं की सीमाओं से भी आगे की बात है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए सुचारू लॉजिस्टिक्स के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि सीमा पार लेनदेन को सुव्यवस्थित करने, प्रशासनिक देरी को कम करने और व्यापार संचालन में गति बढ़ाने की दिशा में कागजी कार्रवाई की जगह ऑनलाइन प्रक्रिया एक महत्वपूर्ण कदम है।

श्री गोयल ने प्रोजेक्ट की योजना बनाने और उन्हें लागू करने में जीआईएस डेटा की उपयोगिता के सम्बन्ध में पीएम गतिशक्ति कार्यक्रम का उदाहरण दिया जो बुनियादी ढांचे के विकास और लॉजिस्टिक्स दक्षता के लिए शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में सुधारों के साथ ही अधिक गतिशील और समावेशी व्यापार का माहौल का होना भी जरूरी है।

श्री गोयल ने कहा कि इन सुधारों से उभरते वैश्विक आर्थिक परिदृश्य की तस्वीर दिखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत व्यापार और निवेश के क्षेत्र में ग्लोबल साउथ को नेतृत्व प्रदान कर सकता है और विश्व अर्थव्यवस्था को और अधिक समावेशी बनाकर एकीकृत कर सकता है।

वाणिज्य मंत्री ने कहा कि जी20 की भावना सहयोग और आपसी समझ है। इसके निर्णय अर्थव्यवस्था, लोगों की आजीविका और भविष्य की दुनिया को आकार देते हैं।

## सार संक्षेप

### आरबीआई ने ऑफलाइन डिजिटल भुगतान की सीमा बढ़ाकर 5 रुपये की

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को ऑफ़लाइन किए जाने वाले छोटे मूल्य के डिजिटल भुगतान के लिए लेनदेन की सीमा पहले के 2 रुपये से बढ़ाकर 5 रुपये प्रति कर दी है। केंद्रीय बैंक द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है, यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इसमें आगे कहा गया है कि छोटे मूल्य के डिजिटल भुगतान से संबंधित अन्य सभी निर्देश पूर्ववत रहेंगे। आरबीआई ने 1 अगस्त को मौद्रिक नीति समिति के संबोधन में लेनदेन की सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव किया था। इसने स्पष्ट किया था कि जहां प्रति लेनदेन सीमा को 5 रुपये तक बढ़ाया जा रहा है, वहीं दो-कारक प्रमाणीकरण की छूट से जुड़े जोखिमों को रोकने के लिए कुल सीमा पहले की तरह 2, रुपये पर बरकरार रखी जाएगी।

### निकट भविष्य में बाजार का परिदृश्य हो सकता है सकारात्मक

**नई दिल्ली।** अमेरिकी अर्थव्यवस्था के विनिर्माण क्षेत्र में गिरावट व चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग से भारत के प्रति वैश्विक धारणाओं में बदलाव आया है। इससे बाजार का दृष्टिकोण सकारात्मक हो गया है। यह बात जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कही। उन्होंने कहा कि कमजोर अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों, विशेष रूप से अमेरिकी विनिर्माण क्षेत्र में तेज गिरावट से पूंजी प्रवाह का अल्पकालिक रूप से भारत जैसे उभरते बाजारों के पक्ष में हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय रुपये में गिरावट के रुझान में अचानक बदलाव भी निकट अवधि में भारत के पक्ष में वैश्विक मैक्रोज़ में इस बदलाव का संकेत है। हालांकि, निवेशकों को यह याद रखना चाहिए कि भावनाएं क्षणिक हैं और बाजार का मध्यम से दीर्घकालिक प्रक्षेपवक्र आर्थिक विकास और कॉर्पोरेट आय से संचालित होगा। उन्होंने कहा कि बैंक निफ्टी में रिकवरी, जो बुनियादी बातों और उचित मूल्यांकन से प्रेरित है, निफ्टी के लिए अच्छा संकेत है। बीएसई सेंसेक्स सुबह की बढ़त छोड़कर 177 अंक ऊपर 65,61 अंक पर है। इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और एशियन पेंट्स में 1 फीसदी से ज्यादा की तेजी है।

### एनवीडिया ने रिकॉर्ड 6.1 अरब डॉलर का मुनाफ़ा कमाया

सैन फ्रांसिस्को। ग्राफिक्स चिप की दिग्गज कंपनी एनवीडिया ने दूसरी तिमाही में 6.188 अरब डॉलर का मुनाफा कमाया है जो पिछले साल की इसी तिमाही से 843 फीसदी की ज्यादा है। कंपनी ने 3 जून को समाप्त तिमाही में 13.51 अरब डॉलर का राजस्व दर्ज किया, जो एक साल पहले की तुलना में 1 1 प्रतिशत और इस साल की पहली तिमाही से 88 प्रतिशत अधिक है। गेमिंग राजस्व भी साल-दर-साल आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 2.48 अरब डॉलर तक पहुंच गया। कंपनी ने डेटा सेंटर का राजस्व 1.32 अरब डॉलर बताया, जो एक साल पहले की तुलना में 171 प्रतिशत अधिक है।

# कांग्रेस का संकल्प शिविर 28 व 29 को

## मुख्यमंत्री, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सहित पूरा मंत्रिमंडल होगा शामिल

**बिलासपुर**, 24 अगस्त (देशबन्धु)। बिलासपुर जिले के 6 विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का संकल्प शिविर 28 अगस्त एवं 29 अगस्त होने जा रहा है। 28 अगस्त को बिलासपुर विधानसभा का संकल्प शिविर त्रिवेणी परिसर में होगा। दोपहर 2ः00 बजे बिलासपुर विधानसभा के संकल्प शिविर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अलावा प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश शासन के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ताम ध्वज साहू के अलावा संगठन पदाधिकारी एवं मंत्रिमंडल के सदस्य भी मौजूद रहेंगे। 28 अगस्त को बिलहा तखतपुर एवं बिलासपुर विधानसभा में संकल्प शिविर की तैयारी को लेकर आज कांग्रेस जनों की बैठक हुई। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय पांडे की मौजूदगी में आयोजित बैठक में विधायक शैलेश पांडे, पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान सभापति शेख नजीरुद्दीन ब्लॉक अध्यक्ष विनोद साहू जावेद मेहमान मोती थावरानी वं संगठन पदाधिकारी के साथ संकल्प शिविर की तैयारी को लेकर कांग्रेस जनों ने रायशुमारी की। सभी संगठन पदाधिकारी को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। विधायक शैलेश पांडे की मौजूदगी में संगठन पदाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल त्रिवेणी भवन का निरीक्षण भी किया । वही बेलतरा मस्तूरी तथा कोटा विधानसभा अलग-अलग जगह में संकल्प शिविर की तैयारी की जा रही है। 28 अगस्त को प्रात: 11 बजे बिलहा के धान मंडी में बिलहा



विधानसभा के संकल्प शिविर में मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष शामिल होंगे 2ः00 बजे त्रिवेणी परिसर में बिलासपुर विधानसभा के संकल्प शिविर का आयोजन किया गया है, एवं इसी दिन तखतपुर विधानसभा के लिए संकल्प शिविर का आयोजन किया जाएगा। आज कांग्रेस भवन में संकल्प शिविर की तैयारी को लेकर कांग्रेस जनों की बैठक हुई और कार्यक्रम स्थल त्रिवेणी भवन परिसर का कांग्रेस जनों ने निरीक्षण किया। कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय पांडे विधायक शैलेश पांडे ने कहा है कि बिलासपुर विधानसभा में 3000 से अधिक कार्यकर्ता संगठन पदाधिकारी संकल्प शिविर में शामिल होंगे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है।

इस बार प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है । प्रदेश में राज्य शासन की योजनाएं अंतिम छोड़कर व्यक्ति तक पहुंचने में कार्यकर्ता सफल हुए हैं आगामी नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए संकल्प शिविर में मुख्यमंत्री तथा प्रदेश अध्यक्ष का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को मिलेगा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है । विधायक शैलेश पांडे ने कहा है कि सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग से बिलासपुर विधानसभा में कांग्रेस फिर से जीत का परचम लहराएगी हमारी सरकार ने बिलासपुर विधानसभा के लिए जो कहा वह पूरा करके दिखाया जनता भी शासन की योजनाओं का लाभ ले रही है । सभी पदाधिकारी को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई हैं। आज की बैठक में प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय पांडे विधायक शैलेश पांडे, पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक, जिला पंचायत के अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान ब्लॉक अध्यक्ष विनोद साह जावेद मेमन मौजूद मौजूद थे।

# मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने भाटापारा बलौदाबाजार न्यायालय का किया निरीक्षण

**बिलासपुर**,24 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा हाईकोर्ट के मामलों की सुनवाई पश्चात् औचक निरीक्षण हेतु भाटापारा तथा बलौदाबाजार पहुंचे। सर्वप्रथम उन्होंने भाटापारा व्यवहार न्यायालय का निरीक्षण किया निरीक्षण के समय न्यायिक अधिकारी प्रकरणों की सुनवाई कर रहे थे। न्यायालय परिसर में वाशरूम की व्यवस्था उचित नहीं पायी गयी। वहां पर उपस्थित प्रशासनिक अधिकारी द्वारा जानकारी दी गयी कि न्यायालय के नवीन भवन हेतु 6.25 एकड़ भूमि शासन द्वारा आवंटित की जा चुकी है जिस पर 06 नवीन कोर्ट रूम का निर्माण किया जाना है। पूछने पर यह भी बताया गया कि रिवाईस इस्टीमेट पी.डब्ल्यू.डी. विभाग द्वारा नहीं भेजा गया है इस कारण भवन निर्माण में होने वाली प्रक्रिया में विलंब हो रहा है। निरीक्षण के समय कलेक्टर श्री चंदन कुमार, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के एसएसपी श्री दीपक कुमार झा उपस्थित थे। मुख्य न्यायाधीश ने उक्त संबंध में त्वरित कार्यवाही हेतु कलेक्टर चंदन कुमार को निर्देशित किया जिस पर कलेक्टर चंदन कुमार ने दो दिवस के भीतर रिवाईस इस्टीमेट प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया।




भाटापारा के निरीक्षण उपरांत मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा जिला न्यायालय, बलौदाबाजार के औचक निरीक्षण हेतु पहुंचे। वहां पर साफ सफाई, वाहनों की पार्किंग, अधिवक्ताओं के बैठने की व्यवस्था व पक्षकारों का प्रतीक्षालय की व्यवस्था देखकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। न्यायालय की अधोसंरचना को न्यायालय की गरिमा के अनुरूप पाया गया। अधिवक्ताओं ने मुख्य न्यायाधीश का सम्मान किया। मुख्य न्यायाधीश ने अधिवक्ताओं से बातचीत की तथा उनसे उनकी समस्याएँ जानी तदुपरांत उन्होंने न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक भी ली तथा आवश्यक निर्देश दिये।

औचक निरीक्षण में मुख्य न्यायाधीश के साथ रजिस्ट्रार जनरल श्री अरविन्द कुमार वर्मा तथा एडिशनल रजिस्ट्रार कम पीपीएस श्री एम.बी.एल.एन सुब्रहमन्यम भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि मुख्य न्यायाधीश अपने कुछ माहों के कार्यकाल में ही राज्य के अधिकांश जिला न्यायालयों का भौतिक निरीक्षण करते हुए अधोसंरचना व व्यवस्था में सुधार हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किये हैं जिसके परिणामस्वरूप कार्य व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन भी दिखाई देना शुरू हो गया है।

# आवारा पशुओं की समस्या से निपटने एनजीओ करे सहयोग

## जिला पंचायत सीईओ ने मांगा सहयोग

**बिलासपुर**,24 अगस्त (देशबन्धु)। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय अग्रवाल ने आवारा पशुओं को रेडियम बेल्ट लगाने एवं मुख्य मार्गों से हटाने के कार्य में स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज गैर शासकीय संस्थानों की बैठक ली। बैठक में सीईओ श्री अग्रवाल ने गैर शासकीय संस्थाओं के पदाधिकारियों से कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार राज्य के नेशनल हाईवे एवं स्टेट हाईवे में आवारा पशुओं के कारण होने वाले दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा आवारा पशुओं में रेडियम बेल्ट एवं टैगिंग करने का कार्य के साथ ही उन्हें मुख्य मार्गों से हटाकर गौठानों एवं गौशालाओं में विस्थापित भी किया जा रहा है। श्री अग्रवाल ने कहा कि यह चुनौतिपूर्ण कार्य है और आप सभी संगठनों के सहयोग मिलने से हम इसे आपसी समन्वय से बेहतर ढंग से कर सकेंगे और कार्य में तेजी भी आएगी। सीईओ ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को भी एनजीओ के सदस्यों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने एवं इसके लिए रेडियम बेल्ट उपलब्ध कराने एवं अन्य आवश्यक सहयोग करने के निर्देश दिए। बैठक में एनजीओ ने इस संबंध में अपने सुझाव दिए और उक्त कार्य में जिला प्रशासन की टीम के साथ आपसी समन्वय से कार्य करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर सीईओ बिल्हा श्रीमती दीप्ती तिवारी, पशु चिकित्सा विभाग से डॉ. ए.एस. रघुवंशी सहित कृषि विभाग एवं विभिन्न एनजीओ के सदस्य उपस्थित थे।




# आदर्श महिला समिति ने मनाया सावन उत्सव



## विनीता रावत बनीं सावन सुंदरी

**बिलासपुर**, 24 अगस्त (देशबन्धु)। आदर्श महिला समिति ने यदुनंदन नगर तिफरा में उत्साह के साथ मनाया सावन उत्सव। इसमें महिलाओं ने सावन पर आधारित भक्ति पूर्ण गीत एवं भजनों की प्रस्तुति दी एवं अलग-अलग प्रकार के खेलों का आनंद लिया। इस आयोजन में आदर्श महिला समिति के अध्यक्ष-ज्योति राव, सचिव-लक्ष्मी पासवान, कोषाध्यक्ष-पल्लवी भोंसले, संतोषी यादव, पूनम सोनी, विनीता रावत, ममता वर्मा, अहिल्या कौशिक, कमला कौशिक, सुनीता राय, शशिकला पाण्डेय, अनीता भारती, शांति साहू, जलेश्वरी ध्रुव, आदि उपस्थित रहीं।

# राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में जिले के खिलाडियों ने लहराया परचम

## कलेक्टर ने किया खिलाड़ियों का सम्मान

## 5 स्वर्ण और 2 रजत पदक हासिल कर बढ़ाया जिले का मान

**बिलासपुर**,24 अगस्त (देशबन्धु)। नेशनल किक बॉक्सिंग चैम्पियनशीप में जिले के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले और प्रदेश को गौरान्वित किया है। कोलकाता में आयोजित नेशनल चैम्पियनशीप में छत्तीसगढ़ की 50 सदस्यों की टीम ने भाग लिया था, जिसमें जिले के किक बॉक्सरों ने 5 स्वर्ण पदक के साथ 2 रजत पदक भी हासिल किया। इन खिलाड़ियों ने आज कलेक्टर संजीव कुमार झा से सौजन्य मुलाकात की। कलेक्टर ने जिला कार्यालय में सभी खिलाड़ियों को सम्मानित कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



एमेच्योर किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष दीपक प्रसाद ने बताया की यह प्रतियोगिता 18 से 21 अगस्त तक खुदीराम बोस इंडोर स्टेडियम कोलकाता में आयोजित हुई। जिसमें 21 राज्य से लगभग 650 खिलाड़ी सहित 60 ऑफिशिअल ने इस नेशनल किक बॉक्सिंग चौंपियनशिप में भाग लिया। इन खिलाड़ियों में मुंगेली से अभिषेक तिवारी ने स्वर्ण पदक तथा करगी रोड कोटा के खिलाड़ी दिशा सिंह ने स्वर्ण पदक, अजय सिंह ठाकुर ने स्वर्ण पदक, डोमेन्द्र प्रताप ने स्वर्ण पदक एवं पंकज सिंह राजपूत ने स्वर्ण पदक एवं दिब्यांसु पोर्ते, निखिल पैकरा ने रजत पदक हासिल किया।

### पृथक अरपापार निगम के लिये चिंगराजपारा में डोर टू डोर अभियान

**बिलासपुर**। नागरिक सुरक्षा मंच द्वारा पृथक अरपापारनगर निगम की माँग को लेकर डोर टू डोर कार्यक्रम के तहत आज चिंगराजपारा में हर घर दस्तक दे लोगों से जनमत पत्र पर हस्ताक्षर लिया गया , चिंगराजपारा वासियों ने उत्साहित हो इस मुहीम को अपना समर्थन दिया ।

**NECC**


| 25.08.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.50 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 5.50 | 85 | 190 |

डिलीवरी 4.65 सैकड़ा

दर्जन अंडा 65 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.

CSPFA




# रेलवे में ऑटोमेटिक कोच वाशिंग प्लांट स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण भी

## बिलासपुर, दुर्ग व गोंदिया कोचिंग डिपो में स्थापित किया गया संयंत्र

### समय, पानी और मानव श्रम भी बचेगा



**बिलासपुर**, 24 अगस्त (देशबन्धु)। देश की धड़कन भारतीय रेलवे से हर दिन लाखों की संख्या में लोग सफर करते हैं। ट्रेन का सफर बेहद सुविधाजनक और किफायती है। देश की बहुतायत आबादी लंबे सफर के लिए ट्रेन को ही पसंद करती है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपने यात्रियों को नई और उन्नत सुविधाएं देने की कोशिश कर रही है । ये सुविधाएं यात्रा को सुविधाजनक के साथ संक्रमणमुक्त रखने में भी मदद करेंगी । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की यह हमेशा कोशिश रहती है कि वह यात्रियों को रेलवे स्टेशन और ट्रेन में साफ सफाई की सुविधा दे सकें। उन्हीं में से एक है ऑटोमेटिक कोच वाशिंग प्लांट। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपने परंपरागत धुलाई के तरीकों को खत्म करके ऑटोमेटिक कोच वॉशिंग प्लांट की सुविधा शुरू दिया है । इस ऑटोमेटिक कोच वाशिंग प्लांट लगाने के पीछे का मकसद ये है कि ट्रेनों में बढ़िया से बढ़िया और जल्दी सफाई दी जा सके ।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में इस मानवरहित कोच वाशिंग प्लांट को सबसे पहले बिलासपुर मंडल के कोचिंग डिपो में लगाया गया,जिससे पानी समय और मैनपावर की बचत हो रही है। इस आधुनिक कोच वाशिंग प्लांट की सहायता से न केवल पानी की बचत हो रही है, बल्कि ट्रेन के कोचों की धुलाई भी शानदार तरीके से हो रही है, जिससे कोच चंद घंटो में चमक जाते हैं। इससे पहले मैन्युअली ट्रेन के एक कोच को धोने के लिए 1500 लीटर पानी की जरूरत होती थी, लेकिन ऑटोमेटिक कोच वाशिंग प्लांट से केवल 300 लीटर पानी में पूरी कोच धुल जाती है । वही इस 300 लीटर पानी में भी 80 प्रतिशत रीसाइकिल्ड पानी होता है और प्रतिदिन प्रति कोच धोने के लिए ताजा पानी केवल 60 लीटर ही लगता है । इससे 96 प्रतिशत पानी की बचत होती है यानि कि सालाना 1.28 करोड़ लीटर पानी की बचत हो सकेगी।वही यह प्लांट रोजाना लगभग 300 कोचों की सफाई कर सकता है। प्लांट से पहले दर्जनों लोग एक ट्रेन को धोने में घंटों का समय लगाते थे। लेकिन अब ऑटोमैटिक मैकेनाइज्ड क्लीनिंग सिस्टम पर बेस्ड यह प्लांट घंटों का काम मिनटों में कर देता है। 24 डिब्बों की ट्रेन को यह प्लांट लगभग 15 मिनट में साफ कर देता है। ।

ऑटोमैटिक कोच वॉशिंग प्लांट परंपरागत धुलाई के मुकाबले लगभग 20 फीसदी ही पानी का इस्तेमाल करता है। वहीं इस 20 फीसदी पानी से जब ट्रेन की धुलाई होती है तो इसका लगभग 80 फीसदी पानी फिर से प्रयोग में ले लिया जाता है। इसके लिए प्लांट में पानी को साफ करने की भी व्यवस्था है। यह प्लांट समय की बचत के साथ मानवश्रम को भी काफी हद तक कम करने में सक्षम है। ट्रेन के गुजरने पर प्लांट पहले एक कैमिकल का छिड़काव करता है। इसके बाद बड़े-बड़े ब्रश और पानी के जरिए ट्रेन के कोच को साफ करता है। इस प्लांट में मैन्यूअल कुछ भी नहीं है। बल्कि ठंडा व गर्म पानी हाईप्रेशर से ट्रेन के ऊपर डालता है ।

यह प्लांटऑटोमेटिक है,इसे चलाने के लिए हमेशा मैनपावर को रखना नहीं पड़ता। जैसे ही कोई ट्रेन आती है यह सिस्टम इसे खुद सेंस कर लेता है कि कोई ट्रेन आ रही है, और मशीन खुद-ब-खुद ऑन हो जाती है। ऐसे ही आटोमेटिक वाशिंग प्लांट रायपुर मंडल के दुर्ग कोचिंग डिपो में स्थापित किया गया है जहां महज 7 से 8 मिनट में एक पूरी ट्रेन की धुलाई हो जाती है । नागपुर मंडल के गोंदिया कोचिंग डिपो में भी ऐसी आटोमेटिक कोचिंग वाशिंग प्लांट स्थापित किया गया है ।

इस तरह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अपने तीनो मंडलों के कोचिंग डिपो में यह आटोमेटिक प्लांट स्थापित कर लिया है । इस प्रकार ट्रेनों की धुलाई प्रक्रिया को पूरा करने के लिए समय, पानी और मानव शक्ति को कम करने के लिए पर्यावरण के अनुकूल कदम उठाए हैं। इस रेलवे ने हमेशा विभिन्न तरीकों से हरित और पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहित किया है, चाहे वह पुश एंड पुल परियोजना के माध्यम से हो, ।।ह्ल प्रणाली हो या ऊर्जा बचाने और पर्यावरण के संरक्षण के लिए सौर पैनलों की स्थापना के माध्यम से हो, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर तत्पर और प्रतिबद्ध है ।

प्रकाशक मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। सम्पादक- अशोक शर्मा, प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188